राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 103
लखनऊ, शनिवार 30 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



2027 में बहुमत के साथ खिलेगा कमल : सीएम योगी 03 | पर्थ की जीत भारत की बड़ी विदेशी जीतों में से एक : रिकी पोंटिंग 12

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश को संभल में शांति और सद्भाव बनाए रखने के दिए निर्देश

# जिला अदालत की कार्यवाही पर सुप्रीम रोक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के संभल की शाही जामा मस्जिद सर्वेक्षण विवाद के मामले में शुक्रवार को जिला अदालत से कहा कि वह उच्च न्यायालय में सुनवाई होने तक कोई कार्यवाही न करें। इसके साथ ही याचिकाकर्ता शाही जामा मस्जिद समिति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने और राज्य सरकार को इलाके में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश को उस क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया, जहां भारी पथराव के दौरान चार प्रदर्शनकारियों की पिछले दिनों मृत्यु हो गई थी। पीठ ने आदेश दिया कि यदि कोई पुनर्विचार आवेदन दाखिल किया जाता है, तो उसे उच्च न्यायालय के समक्ष तीन दिनों के अंदर सुनवाई की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अधिवक्ता आयुक्त की रिपोर्ट की सर्वेक्षण रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखी जाए। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा, हम नहीं चाहते कि इस बीच कुछ भी हो उन्हें (शाही जामा मस्जिद समिति) उचित उपाय करने दें। हम इसे लंबित रखेंगे। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि यह आदेश (सर्वेक्षण करने का) जनता को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि देश भर में 10 ऐसे मुकदमे लंबित हैं, जिनमें सर्वेक्षण कराने की मांग की गई है। पीठ ने कहा, हमें उम्मीद है और भरोसा है कि ट्रायल कोर्ट कोई कार्यवाही नहीं करेगा। हमने गुण-दोष के आधार पर कोई राय नहीं दी है। पीठ ने मामले को छह जनवरी से शुरू होने वाले सप्ताह में विचार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष वादी हरि शंकर जैन और अन्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि सिविल जज (वरिष्ठ प्रभाग) के समक्ष सुनवाई की अगली तारीख आठ जनवरी तय की गई है। पीठ ने संभल मामले में निर्देश देने से पहले शुरुआत में कहा कि उसे सिविल जज (वरिष्ठ प्रभाग) द्वारा 19 नवंबर को पारित आदेश पर कुछ आपत्तियां हैं। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज से कहा कि जिला प्रशासन को तटस्थ रहना होगा और क्षेत्र में शांति बनाए रखनी होगी। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने वादी को कोई भी कागजात दाखिल न करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अधिवक्ता आयुक्त की रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखा जाना चाहिए। याचिकाकर्ता समिति ने 'कम समय' में आदेशित सर्वेक्षण की वैधता पर सवाल उठाया है और कहा कि इसी वजह से इलाके में हिंसा भड़क उठी और चार प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। याचिका में 'जल्दबाजी' (सर्वेक्षण करने में) पर सवाल उठाया गया है, जिसमें सर्वेक्षण की अनुमति दी गई और एक दिन के भीतर ही सर्वेक्षण किया गया।



**याचिकाकर्ता शाही जामा मस्जिद समिति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के निर्देश**

### आठ जनवरी को होगी अगली सुनवाई

संभल उत्तर प्रदेश के संभल जामा मस्जिद सर्वे की रिपोर्ट शुक्रवार को जिला न्यायालय में पेश नहीं हो सकी। कोर्ट कमिश्नर ने रिपोर्ट पूरी न होने की बात बताते हुए 10 दिन का समय मांगा। रिपोर्ट अब 8 दिसंबर को पेश होगी। मामले की अगली सुनवाई 8 जनवरी को होगी। कोर्ट कमिश्नर रमेश चंद्र राघव ने बताया कि सर्वे की रिपोर्ट अभी पूरी नहीं हुई है। कोर्ट से 10 दिन का समय मांगा है। इस मामले की सुनवाई 8 जनवरी को होगी।

### राजनीति गरमाने जाएगा सपा का प्रतिनिधिमण्डल

**लखनऊ।** सम्भल में शुक्रवार को जामा मस्जिद के लाउडस्पीकर से शांति कायम करने की बार बार अपील की गयी। लाउडस्पीकर से कहा गया कि बाजारों में लोगों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए दुकानदार अपनी दुकानें खोलना शुरु करें। सामान्य माहौल बनाने के लिए दुकानें खोला जाये। मस्जिद से अपील के कुछ मिनटों के बाद ही समाजवादी पार्टी ने सम्भल की राजनीति गरमाने के लिए लखनऊ से एक प्रति निधिमंडल को वहां भेजने की घोषणा कर दी। समाजवादी पार्टी ने सम्भल जाने के लिए दोनों सदनों के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद और लाल बिहारी, पांच सांसदों, चार विधायकों सहित पन्द्रह नेताओं की सूची जारी की। इस सूची में सम्भल के सांसद जिया उर रहमान बर्क का भी नाम शामिल है, जिनका नाम सम्भल में हुई हिंसा के बाद एफआईआर में दर्ज है।

### संभल हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन

**दो माह में रिपोर्ट सौंपी जाएगी सरकार को**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने संभल हिंसा की न्यायिक जांच कराने का फैसला किया है। सरकार ने इसके लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई। जस्टिस (रिटायर्ड) डीके अरोड़ा के नेतृत्व में आयोग दो माह में अपनी जांच रिपोर्ट शासन को सौंपेगा। आयोग में जस्टिस अरोड़ा के अलावा सेवानिवृत आईएएस अधिकारी अमित मोहन प्रसाद और पूर्व डीजीपी एक जैन शामिल हैं। संभल में जामा मस्जिद का सर्वे करने के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की तरफ से क्या व्यवस्था की गई, इसकी भी जांच की जाएगी। आयोग से यह सुझाव भी मांगा गया है कि भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना न होने पाए, इसके लिए क्या किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि 24 नवंबर को उत्तर प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद का सर्वे के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भारी संख्या में एकत्रित होकर उपद्रव किया। सर्वे टीम पर हमला किया। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तक इसमें घायल हुए। कथित गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई और कई वाहन जला दिए गए। अधिवक्ता हरि शंकर जैन और अन्य द्वारा दायर एक मुकदमे पर सिविल जज (वरिष्ठ डिवीजन) ने सर्वेक्षण करने का आदेश पारित किया था। वादीगण के अनुसार, चंदौसी में शाही जामा मस्जिद का निर्माण मुगल बादशाह बाबर ने श्री हरिहर मंदिर को ध्वस्त कर 1526 में करवाया था।

# गोंदिया में बस पलटने से 15 की मौत, 35 लोग घायल

**कार्यवाहक सीएम ने की मृतक आश्रितों को 10 लाख देने की घोषणा**



एजेंसी

**मुंबई।** गोंदिया जिले के अर्जुनी तहसील के खजरी गांव के पास शुक्रवार दोपहर एक एसटी महामंडल की शिवशाही बस एक कार बचाने के चक्कर में पलट जाने से 15 लोगों की मौके पर मौत हो गई है। इस घटना में करीब 35 लोग घायल हैं और इन सभी को नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रत्येक मृतक के परिजन को 10 लाख रुपये देने की घोषणा की है। शिंदे ने घायलों का सरकारी खर्च पर इलाज करवाए जाने का आदेश दिया है। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है, इसलिए इस घटना में मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार एसटी महामंडल की शिवशाही बस आज नागपुर से गोंदिया जा रही थी। अचानक अर्जुनी तहसील के खजरी गांव के पास एक कार को बचाते समय बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही एसटी प्रशासन, स्थानीय पुलिस की टीम और राहत और बचाव दल तत्काल मौके पर पहुंचा और मौके पर राहत और बचाव कार्य शुरू किया है। पुलिस के अनुसार एसटी बस में से खबर लिखे जाने तक 10 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। जानकारी मिलते ही कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उक्त दुर्घटना के संबंध में स्थानीय प्रशासन से स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने घायलों को तत्काल और उचित इलाज देने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री शिंदे ने भी मृतकों के आश्रितों को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का भी आदेश दिया है। भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गोंदिया में शिवशाही बस दुर्घटना को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा है कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि गोंदिया जिले में सड़क अर्जुनी के पास एक शिवशाही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई और कुछ यात्रियों की मौत हो गई।

दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम उनके परिवार का दुख साझा करते हैं। इस घटना में घायल हुए लोगों का अगर किसी निजी अस्पताल में इलाज कराना भी पड़े तो उन्हें तुरंत ऐसा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने लिखा कि गोंदिया के कलेक्टर से भी कहा है कि यदि आवश्यकता हो तो उन्हें नागपुर स्थानांतरित करने की व्यवस्था करें। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और राहत कार्य का समन्वय कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री ने जताया शोक आर्थिक मदद का ऐलान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के गोंदिया में हुई बस दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख तथा घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि महाराष्ट्र के गोंदिया में बस दुर्घटना में लोगों की मृत्यु से व्यथित हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावितों की सहायता कर रहा है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र : सहायक नगर नियोजक परीक्षा का परिणाम घोषित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज ने शुक्रवार की शाम सहायक नगर नियोजक परीक्षा 2023 की मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। कुल 24 रिक्तियों के सापेक्ष 16 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। यह जानकारी आयोग के परीक्षा नियंत्रक हर्ष देव पाण्डेय ने देते हुए बताया कि मुख्य परीक्षा 25 सितम्बर, 2024 को आयोजित हुई थी। जिसमें कुल 29 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे और 16 अभ्यर्थियों को औपबंधिक रूप से सफल घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्र आदि के सत्यापन के उपरान्त ही उनकी संस्तुति आयोग द्वारा शासन–विभाग को प्रेषित की जायेगी।

### पुंछ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, गोला-बारूद बरामद

**पुंछ।** जम्मू–कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षाबलों ने आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि मेंढर इलाके के मनकोट सेक्टर में सुरक्षाबलों ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान चलाया। सुरक्षाबलों ने एक आतंकी ठिकाना ढूंढ़ निकाला। जहां से दो आईईडी, आरडीएक्स, एक बैटरी और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद की गईं। सुरक्षाबलों ने गोला–बारूद और अन्य संदिग्ध सामान कब्जे में लेकर आतंकी ठिकाना ध्वस्त कर दिया।

### राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा उत्तराखंड, तैयारियां तेज

**देहरादून।** उत्तराखंड को आगामी राष्ट्रीय खेलों 2025 की मेजबानी का गौरव प्राप्त हुआ है। राज्य के लिए यह न केवल खेलों के क्षेत्र में, बल्कि पर्यटन और आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से भी एक ऐतिहासिक अवसर है। खेल सचिवालय उत्तराखंड का कहना है कि वे आईओए और केंद्र सरकार के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि यह आयोजन सभी मानकों पर खरा उतरे। खेल सचिवालय उत्तराखंड के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशांत आर्य ने इस विषय में औपचारिक रूप से जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखंड 28 जनवरी 2025 से 14 फरवरी 2025 तक इन खेलों का आयोजन करेगा।

### 13 दिन बाद खुले कॉलेज कर्फ्यू में ढील, इंटरनेट पर बैन

**इंफाल।** 13 दिनों तक बंद रहने के बाद इम्फाल और जिरीबाम में स्कूल और कॉलेज शुक्रवार को फिर से खुल गए। एजुकेशन डायरेक्टरेट ने गुरुवार को इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, बिष्णुपुर, काकचिंग, थौबल और जिरीबाम जिलों में स्कूल दोबारा खोले जाने का आदेश दिया था। हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन डिपार्टमेंट ने भी सभी सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज और स्टेट यूनिवर्सिटीज को शुक्रवार से ही खोलने के आदेश जारी किया था।

## दरोगा भर्ती में खाली पदों को भरने की मांग में राज्य व भर्ती बोर्ड से जवाब-तलब

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड की 2016 की पुलिस उपनिरीक्षक सिविल, प्लाटून कमांडर पीएसी व फायर सर्विस भर्ती में आरक्षित श्रेणी के खाली 125 पदों पर नार्मलाइजेशन प्रक्रिया के तहत चयनित न होने वाले सभी टेस्ट में सफल अभ्यर्थियों का चयन कर नियुक्ति की मांग में दाखिल याचिका पर राज्य सरकार व पुलिस भर्ती बोर्ड से तीन हफ्ते में जवाब मांगा है।

यह आदेश न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल ने आकाश कुमार व अन्य की याचिका पर दिया है। याची का कहना है कि भर्ती बोर्ड ने 3307 पद विज्ञापित किए। याचीगण लिखित परीक्षा सहित शारीरिक दक्षता व दस्तावेज सत्यापन में योग्य पाये गये। किंतु 28 फरवरी 19 को घोषित अंतिम परिणाम सूची में इन्हें शामिल नहीं किया गया। याचीगण फ्रीडम फाइटर व पूर्व सर्विस मैन आश्रित है। इस श्रेणी के पद कैरी फॉरवर्ड नहीं किए जा सकते। 125 पद खाली हैं। जिन पर याचियों का चयन कर नियुक्ति की जाय।



## हंगामे के बाद राज्यसभा दो दिसंबर तक स्थगित

**इस्कॉन के पुजारी की गिरफ्तारी, मणिपुर व संभल पर चर्चा की मांग**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को भी हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने मणिपुर में कानून व्यवस्था पर चर्चा करने की मांग की। कई सांसद संभल में हुए उपद्रव और उसके बाद उत्पन्न कानून व्यवस्था पर चर्चा चाहते थे। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर चर्चा कराने की मांग भी राज्यसभा में की गई।

विपक्षी सांसद चाहते थे कि नियम 267 के अंतर्गत यह बहस कराई जाएं, लेकिन सभापति की ओर से इसकी स्वीकृति प्रदान नहीं की गई। इसके बाद सदन में काफी हंगामा हुआ और कार्यवाही सोमवार 2 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई। गौरतलब है इसी सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र प्रारंभ हुआ था। मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उस कार्यक्रम के अलावा अब तक चार दिनों में एक दिन भी सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल सकी है। शुक्रवार को चर्चा के लिए विपक्ष के 17 सदस्यों ने नोटिस दिया था।

सभापति जगदीप धनखड़ ने इस संबंध में बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत चर्चा के लिए 17 नोटिस दिए गए हैं। रामजीलाल सुमन, डॉ जॉन बिटास, एए रहीम व बी शिवादासन आदि सांसद संभल में हुई हिंसा और कानून व्यवस्था की स्थिति पर राज्यसभा में चर्चा चाहते थे। वहीं विपक्ष के तिरुचि शिवा, संतोष कुमार पी आदि सांसद मणिपुर में कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा की मांग कर रहे थे।



### वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 5.4 फीसदी


**नई दिल्ली।** देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में घटकर 5.4 फीसदी पर आ गई है। पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 8.1 फीसदी थी, जबकि मौजूदा वित्तीय वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 6.7 फीसदी रही थी। यह पिछले सात तिमाहियों में सबसे धीमी ग्रोथ है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन की वजह से घटकर 5.4 फीसदी पर आ गई है। हालांकि, भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

## भारत फिर बना संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग का सदस्य

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** भारत को संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग के सदस्य के रूप में फिर चुन लिया गया। आयोग में भारत का मौजूदा कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग (पीबीसी) के लिए फिर से चुना गया है।

संस्थापक सदस्य और प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में भारत वैश्विक शांति और स्थिरता की दिशा में काम करने के लिए पीबीसी के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग में 31 सदस्य देश हैं। ये संयुक्त राष्ट्र महासभा, सुरक्षा परिषद और आर्थिक एवं सामाजिक परिषद से चुने जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में शीर्ष वित्तीय योगदान देने वाले देश और शीर्ष सैन्य योगदान देने वाले देश भी इसके सदस्य हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में वर्दीधारी कर्मियों के रूप में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। संयुक्त राष्ट्र के अभियानों के तहत इस समय भारत के लगभग 6,000 सैन्य और पुलिसकर्मी अबेई, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, साइप्रस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लेबनान, पश्चिम एशिया, सोमालिया, दक्षिण सूडान और पश्चिमी सहारा में तैनात हैं।



यूएन शांति स्थापना आयोग में 31 देश हैं सदस्य

### पाक के लिए जासूसी करते पकड़ा गया भारतीय

**पोरबंदर।** गुजरात एटीएस ने एक बार फिर भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की जासूसी करने के आरोप में एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओखा बीच पर एक निजी कंपनी में एजेंट की नौकरी करता था। इसी की आड़ में ओखा, द्वारका, जामनगर से भारतीय सैनिकों से जुड़ी जानकारियां पाकिस्तान भेजता था। गुजरात एटीएस सूत्रों से मिली पिछले कुछ समय से भारतीय तटरक्षक बल और समुद्री सीमा के बारे में कुछ अहम जानकारियां पाकिस्तान तक पहुंच रही थीं। इस पूरे मामले में गुजरात एटीएस की टीम कई दिनों से ओखा के एक शख्स को ट्रैक कर रही थी। इसका नाम दिनेश गोहिल बताया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया, तो पता चला कि उसने तटरक्षक बल की काफी जानकारियां पाकिस्तान पहुंचाई हैं।

## सोलह पीसीएस अफसरों का हुआ तबादला


**छह पीसीएस अफसरों को लगाया गया कुंभ ड्यूटी में**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश शासन ने शुक्रवार को बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया है। सोलह पीसीएस अफसरों का तबादला कर दिया है। आधा दर्जन पीसीएस अफसरों को कुम्भ डियूटी में लगा दिया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक स्थानांतरित पीसीएस अफसरों में पंकज वर्मा एडीएम महाराजगंज से एडीएम नमामि गंगे बांदा बनाए गए। मदन मोहन वर्मा एसडीएम महाराजगंज को एडीएम नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति बांदा बनाया गया है। प्रेमचंद मौर्या एसडीएम आजमगढ़ से एडीएम नमामि गंगे जालौन बनाए गए। योगेंद्र कुमार एसडीएम मैनपुरी से एडीएम नमामि गंगे झांसी, मोहनलाल गुप्ता एसडीएम अंबेडकरनगर से एडीएम नमामि गंगे फिरोजाबाद बनाए गए। शिव अवतार सिंह एसडीएम अयोध्या से ओएसडी यमुना एक्सप्रेसवे गौतमबुद्ध नगर बने। मृत्युंजय नारायण मिश्रा एसडीएम महोबा से सहायक नगर आयुक्त वाराणसी बने हैं। सुनील कुमार ओएसडी राजस्व परिषद से एसडीएम प्रयागराज बनाए गए।

अशोक कुमार चौधरी एसडीएम ललितपुर से एसडीएम प्रयागराज बनाए गए। राघवेंद्र सिंह एसडीएम बांदा से प्रयागराज भेजे गए। हीरालाल अलीगढ़ से एसडीएम प्रयागराज बनाए गए। सुरेंद्र प्रताप यादव एसडीएम सहारनपुर से एसडीएम प्रयागराज बनाए गए। ठाकुर प्रसाद एसडीएम सुल्तानपुर प्रयागराज भेजे गए। वहीं ज्योति गौतम उपनिदेशक बाल विकास पुष्टाहार एडीएम आपूर्ति लखनऊ बनी हैं। राजेश कुमार ओएसडी चतुर्थ यमुना अथार्टी को एडीएम एलए गौतम बुद्धनगर बनाया गया है। अमित राठौर एडीएम न्यायिक को सीआरओ गोरखपुर बनाया गया है। कीर्ति प्रकाश भारती उपनिदेशक सूडा लखनऊ को सीआरओ बस्ती बनाया गया है। अशोक कुमार चौधरी एसडीएम ललितपुर से एसडीएम प्रयागराज बनाए गए।



## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन कर्मचारी पर नौ करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप

**बार में जमा होने वाले धन का दुरूपयोग, अध्यक्ष ने मांगा स्पष्टीकरण**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के कर्मचारी पर बार के खाते की नौ करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि के घोटाले का आरोप है। यह घोटाला वर्ष 2018 से नवम्बर 2024 के दौरान किया गया है। इसे लेकर अध्यक्ष अनिल तिवारी ने आरोपी कर्मचारी कार्यालय अधीक्षक पवन पांडेय को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

मामले के अनुसार आरोपी कर्मचारी ने बार के अध्यक्ष से बार में जमा रकम में से 25 लाख रुपए चोरी होने की शिकायत की। फ़िर यह भी बताया कि उसने सदाशयता दिखाते हुए खुद ही चोरी गई रकम खाते में जमा कर दी। संदेह होने पर जब जांच कराई गई तो पता चला कि बार के खाते से रूपये चोरी होने का खेल लम्बे समय से चल रहा है। आरोपी कर्मचारी बार एसोसिएशन के विभिन्न काउंटरों पर जमा राशि एकत्र करके एकाउंट में जमा करता था। मगर उसका एक हिस्सा स्वयं रख लेता था। कुछ दिन उसका निजी लाभ के लिए उपयोग करने के बाद पुनः बार के खाते में सॉफ्टवेयर में छेड़छाड़ कर और डुप्लीकेट रशीद बना कर जमा कर देता था। इससे बार एसोसिएशन को बैंक से मिलने वाले ब्याज का भारी नुकसान हुआ है।

**जनसभा** — प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा में जनसभा के दौरान विपक्षियों को घेरते हुए कहा

# देश के खिलाफ साजिश में जुटे सत्ता को अधिकार मानने वाले विपक्षी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा में एक जनसभा में कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और देश में हुए उपचुनाव के नतीजों ने पूरे देश में विश्वास भरा है। उन्होंने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि ऐसे में सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाले देश के खिलाफ साजिश में जुटे हैं।

ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने भुवनेश्वर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। महाराष्ट्र और हरियाणा में भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव तथा देशभर में हुए उपचुनाव के नतीजों ने पूरे देश में जो विश्वास भर दिया है, वो आपकी आंखों में मैं देख रहा हूं। पहले ओडिशा, फिर हरियाणा और अब महाराष्ट्र। यही तो भाजपा की विशेषता है। यही तो भाजपा के कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल भाजपा सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार करते रहते हैं लेकिन जनता भाजपा सरकार के कामों को देखकर उन्हें आशीर्वाद देने खुद मैदान में दौड़ पड़ती है। उन्होंने कहा कि ओडिशा में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले तक बड़े-बड़े पॉलिटिकल एक्सपर्ट ओडिशा में भाजपा को पूरी तरह से खारिज कर रहे थे। ये लोग कह रहे थे कि ओडिशा में भाजपा इतनी बड़ी ताकत बन ही नहीं सकती कि वो अपने बलबूते पर सरकार बना ले लेकिन जब परिणाम आए, तो ये लोग हैरान हो गए। क्योंकि ओडिशा के लोगों ने भाजपा की केंद्र सरकार के कामों और दिल्ली में बैठते हुए भी ओडिशा के लोगों के साथ जो अपनापन का नाता रहा, वो ओड़िसा के घर-घर पहुंच चुका था। भारत के संविधान की भावनाओं को कुचल दिया जाता है, लोकतंत्र की सारी मान-मर्यादाओं को अस्वीकार किया जाता है। जो लोग सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उनके पास केंद्र की सत्ता पिछले एक दशक से नहीं है

**राजनीति के रंग और तरीके का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक है। किसी भी निर्णय को लेकर अलग-अलग मत हो सकते हैं। राजनीतिक दल अपनी बात जनता के बीच पहुंचाने के लिए आंदोलन भी करते रहते हैं। लोकतंत्र और संविधान की मर्यादा में रहकर अपने विचार भी प्रकट करते हैं लेकिन पिछले कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव आप सब महसूस कर रहे होंगे।**



गीत-संगीत से सजी लखीमपुर महोत्सव की महफ़िल

# लखीमपुर महोत्सव मेंढक मंदिर में धूमधाम से मनाया गया

**डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नगर पंचायत ओयल की सराहना की**

**ओयल खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर महोत्सव के चौथे दिन बृहस्पतिवार की शाम ओयल के प्राचीन मेंढक मंदिर परिसर में भव्य समापन समारोह का आयोजन किया गया।गीत-संगीत और नाटक मंचन से कलाकारों ने समा बांध दिया। लोकगीत गायक सतीश निर्गुण के गीत तुम्हरा के बजे बधाई गीत पर लोग झूम उठे। इसके अलावा लोकगीत, लोकनृत्य व नाटक मंचन की अन्य प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया।परिसर में सजाए गए भव्य मंच पर सदर विधायक योगेश वर्मा, राज परिवार से कुंवर पीएनडी सिंह, रानी मधुरिमा सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिभा गौतम,डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसडीएम सदर अश्वनी कुमार व पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा, अपर पुलिस अधीक्षक पवन कुमार गौतम, ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद लोकगीत गायक सतीश निर्गुण ने अपने गीतों तोहरा संग जाई... अवे के बिरिया सब कोई जाने, तुम्हरा के बजे बधाई, जाते के बेरिया केहू न जाने व हंस अकेला उड़ा जावे आदि आदि से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।लोक गीत रेलिया बैरन पिया को लिए जाए रे... की मनमोहक प्रस्तुति लोकगीत गायिका मुस्कान ने दी। इसके बाद संस्कृति विभाग के आनंद अग्निहोत्री की टीम के कलाकारों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश से ओतप्रोत नाटक का मंचन किया।

नाटक की प्रस्तुति देख दर्शक दीर्घा में बैठे लोग मंत्रमुग्ध हो गए। अन्य कार्यक्रमों में शिव तांडव और विभिन्न लोकनृत्य की प्रस्तुतियां लेजर शो, आतिशबाज़ी भी लोगों को खूब भाई। इस दौरान नगर पंचायत के ईओ ऋषिकेश वर्मा, सीओ सिटी आर के तिवारी, पी आर ओ एसपी पंकज त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बीयर की दुकान से नकदी समेत बीयर चोरी



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र के कस्बा लीलाकुआं के बीयर की पक्की दुकान में सेंध लगाकर सत्तर हजार की नगदी समेत पचीस बीयर की पेटी चोरी हो गई। चोरी होने की जानकारी सेल्समैन को दुकान पर आने के बाद हुई। पीड़ित ने देर शाम तक पुलिस को तहरीर नहीं दी है। बीती रात थाना क्षेत्र लीलाकुआं पुलिस चौकी से दो सौ मीटर की दूरी पर स्थिति बीयर की पक्की दुकान में चोरी हो गई। चोरों ने की रात में पक्की दीवार में नकब लगा दी। गश्त का दावा करने वाली पुलिस को भनक तक नहीं लगी। पुलिस चौकी से महज 200 मीटर दूरी पर यह हाल है तो दूर के गांव क्षेत्र का हाल क्या होगा इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। बीयर विक्रेता आशीष वर्मा ने बताया कि वह गुरुवार को दवा लेने गए था। दुकान पर सुमित कुमार और नैनेपारा के प्रधान विजय बहादुर वर्मा बैठे थे। शाम को जब दुकान बंद हुई तो 70,000 रु दुकान में ही रख दिया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो पीछे से नकब लगाकर चोरी हो गई। दुकान से सत्तर हजार रुपये 25 पेटी बीयर चोरी हो गए। आशीष ने बताया दो साल पहले हभी इसी दुकान में चोरी हुई थी। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया चोरी होने की जानकारी मिली है। मामला संदिग्ध लग रहा है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

## 782 महिलाओं को आमंत्रित कर प्रतीक चिन्ह किया भेंट

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



निघासन के तिकुनियां कस्बे में स्थित संतोष वाटिका मैरिज हाल के शुभारंभ के अवसर पर इलाके की लगभग 782 महिलाओं को आमंत्रित कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया, इस मौके पर इलाके के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

बताते चलें इलाके में जन समस्याओं को प्रभावी तरीके से समाधान के लिए जन शक्ति मंच के संस्थापक राजीव गुप्ता ने एक संगठन खड़ा किया, जिसका काम गरीबों के उत्थान, सहित क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के लिए हर समय तत्पर रहकर प्रयास किए हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को अपने संतोष वाटिका के उद्घाटन के मौके और राजीव गुप्ता ने इलाके की अपने संगठन के सदस्यों को आमंत्रित किया था, जिसमें हजारों केकी संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। शामिल हुए सभी सदस्यों को गिफ्ट देकर प्रोत्साहित करते हुए अपने सम्बोधन मे कहा इस क्षेत्र मे समस्यायों का अम्बार है, इलाके में अच्छे इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है, आम आदमियों के इलाज करने वाले अस्पताल स्वयं बीमार हैं, तिकुनियां से शाम तीन बजे के बाद कोई आने जाने का साधन नहीं है, रेलवे विभाग जब चाहता है वह ट्रेन बंद करते है, बेरोजगारी चरम पर है, संकट का दौर है, बेलराया से तिकुनिया से नेपाल जाने वाले सड़क मार्ग का बहुत बुरा हाल है, आम आदमी को मुहैया होने वाली मूल भूत सुविधाएं सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य सब पहुंच से दूर है, शिक्षा का स्थित मंहगा होने के कारण आम आदमी को उच्च स्तरीय शिक्षा भी नसीब नहीं होती है, निघासन में दशकों पूर्व निर्माणाधीन पोस्ट मार्टम हाउस आज तक बंद पड़ा है, जिसका कोई फुरसाहाल लेने वाला नहीं है।

## विद्यालय मामले में बीएसए ने लिया संज्ञान और जुटाए प्रमाण

**बीईओ ने प्रधान अध्यापक जारी की नोटिस**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




> नर्तकियों के स्कूल में ठहराने का मामला संज्ञान में आया है वीडियो फोटो मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
>
> -प्रवीण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

लखीमपुर खीरीके सिंगाही कस्बे में सिविलियन विद्यालय मेला मैदान में चार दिन रुकी नर्तकिया के वजह से ठप हुई विद्यालय की पढ़ाई के मामले में को जिला अधिकारी कार्यालय के संज्ञान लेने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश पर निघासन खंड शिक्षा अधिकारी फूलचंद ने विद्यालय के प्रधान अध्यापक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है खंड शिक्षा अधिकारी फूलचंद ने बताया कि अध्यापक कुछ अस्वस्थ है अभी वह छुट्टी पर है जल्द ही इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञात हो श्री रामलीला मेला के मंच पर अश्लील डास करने वाली बारबालाओ को परिषदीय सिविलियन विद्यालय मे ठहराने से चार दिन ठप रहे शिक्षण कार्य के मामला को जिला अधिकारी ने संज्ञान लिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जांच के आदेश दिए हैं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्कूल में नर्तकियों के ठहरने के साक्ष्य ढूंढने में लगे हैं बेसिक शिक्षा अधिकारी जल्द कोई बड़ी कार्रवाई कर सकते हैं ।

परिषदीय सिविलियन विद्यालय मेला मैदान सिंगाही मे रामलीला मंच पर चार दिन हुये बारबालाओ के डास करने वाली बार बालाओं पर रामलीला मंच पर खूब नोट लुटाकर नौटंकी का लुफ्त लिया गया खुले मंच से अश्लीलता परोसी गई। रामलीला मंच के ठीक सामने पुलिस चौकी में बैठकर पुलिस विभाग ने भी नाच का मजा लिया यही नहीं रामलीला मेला समिति सिंगाही ने मानवता को शर्मसार करते हुए नृत्य करने वाली बार बालाओं को ठहराने का ठिकाना सिविलियन विद्यालय मेला मैदान को बनाकर चार दिन वहा स्कूल में ठहराया गया। जिससे शिक्षा के मंदिर को भी शर्मसार होना पड़ा लगातार चार दिन रामलीला मंच पर डांस करने वाली बार बालओ के स्कूल में रहने की वजह से विद्यालय में पढने वाले छात्र छात्राओं का विद्या अध्ययन का कार्य प्रभावित हुआ। शिक्षा के मंदिर में बार बालाओ को ठहराने वाले मामले को जिला अधिकारी ने संज्ञान लिया है और खीरी बेसिक शिक्षा अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक



**निघासन खीरी।** सिंगाही नगर पंचायत में शासन के मंशानुरूप व स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर पंचायत के मैरिज हाल में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक हुई। नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम ने वार्डों की सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिये स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति का गठन किया है। जिसमें वार्ड से सदस्य, वरिष्ठ नागरिक और युवाओं को रखा गया है। जो वार्ड की सफाई कैसे बेहतर हो इस पर बैठक करके विचार विमर्श करेंगे। जिसको लेकर नगर पंचायत के मैरिज हाल में नोडल अधिकारी सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में नगर को कचरा मुक्त बनाने, खुले स्थान एवं नाले में कचरा न फेंकने, डोर टू डोर कलेक्शन में मदद करने, ूड़े को अलग-अलग रखने, गीले कूड़े से होम कंपोस्टिंग बनाने, पॉलीथिन एवं प्लास्टिक का उपयोग न करने आदि के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई। इसके अलावा स्वच्छ शौचालय प्रतियोगिता व स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के विषय में चर्चा की गई चर्चा में सभी लोगों ने अपने-अपने सुझाव रखे। और नगर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। बैठक में राम नरेश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, सूरज कनौजिया, ध्रुव कुमार, अंकित मौर्य एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## खीरी पहुंचीं नोडल अधिकारी, कानून-व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा की

**नोडल अधिकारी ने पांच अलग-अलग स्थानों पर महोत्सव करने पर डीएम की की सराहना**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



शुक्रवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जिले की नोडल अधिकारी सचिव, वित्त विभाग मिनिस्ती एस जनपद खीरी पहुंची, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने उनके जनपद आगमन पर स्वागत किया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिले की नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की विभागवार, बिंदुवार विस्तृत समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। नोडल अधिकारी ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर आयोजित पांच अलग-अलग स्थान पर लखीमपुर महोत्सव कराने की सराहना की। बैठक में डीएम, एसपी, सीडीओ, डीएफओ, सीएमओ सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**महिलाओ और दिव्यांगजनों की मनरेगा में सुनिश्चित कराए सहभागिताः नोडल-** विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार ने पीएम और सीएम आवास योजना के स्वीकृत आवासों के सापेक्ष प्रगति बताइ। नोडल ने मनरेगा लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति जानते हुए निर्देश दिए कि इसमें महिला और दिव्यांगजनों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए। सीडीओ ने बताया कि जिले में 345 अमृतसरोवर बन चुके और 68 निर्माणाधीन है।इसके अलावा पीपीटी के माध्यम से विभिन्न विभागों की प्रगति को रेखांकित किया।

**बिना रिफ्लेक्टर वाले वाहनों पर प्रभावी कार्यवाही की जाए: नोडल-** नोडल के पूछने पर पीडब्ल्यूडी महकमे के अफसरो में प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी दी। नोडल ने कोहरे से दुर्घटना रोकने के लिए किए जाने वाले प्रयास जाने। निर्देश दिए कि बिना रिफ्लेक्टर वाले वाहनों पर प्रभावी कार्यवाही की जाए। विद्युत महकमे से खराब ट्रांसफार्मर की संख्या और निर्धारित समयावधि में परिवर्तित किए जाने की प्रगति भी जानी। जिला कृषि अधिकारी से खाद की उपलब्धता और वितरण की जानकारी ली।

**ओ लेवल, सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना कोई सीट खाली न रहे, कराए प्रचार प्रसार-** नोडल अधिकारी ने पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए निशुल्क ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना की प्रगति जानी। निर्देश दिए किसका व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी सीट खाली ना रहे। ओबीसी समाज के दूरस्थ एरिया वाले बच्चों को भी इस योजना का अधिकाधिक लाभ दिलाया जाए। सीएम कन्या सुमंगला योजना की प्रगति जानी। निर्देश दिए कि कोई भी पात्र कन्या विभिन्न श्रेणियां में इस योजना का लाभ पाने से वंचित न रहने पाए। इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाएं।

**एआर ने बताई सहकारिता की वर्किंग, उल्लेखनीय कार्यों की दी जानकारी-** नोडल के पूछने पर एआर कॉपरेटिव ने सहकारिता विभाग जिले में किसानों को खाद, बैंक ऋण, मूल्य समर्थन योजना के तहत धान, गेहूं खरीद आदि सेवाएं दी जा रही। जिले में विभाग द्वारा जल्द ही 08 जन औषधि केंद्र संचालित होंगे, जिससे किसानों को सस्ती जेनरिक दवाइयां अपने बीपैक्स पर मिल जाएगी। आठ बीपैक्स राष्ट्रीय एक्सपोर्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी, सात राष्ट्रीय ऑर्गेनिक कोऑपरेटिव सोसाइटी और 128 बीपैक्स राष्ट्रीय बीज कोऑपरेटिव सोसाइटी के सदस्य हैं, जिससे किसानों को अपने प्रोडक्ट को एक्सपोर्ट करने जैविक खेती करने और अच्छे बीज पाने में मदद मिलेगी। 118 बीपैक्स जन सुविधा केंद्र की सुविधा दी जा रही, जहां पर लोग अपने बिजली बिल, टिकट बुकिंग आदि सुविधा ले सकते हैं। 24 नई बीपैक्स जिले में बनेगी, जिसमें से निघासन में एक रजिस्टर्ड भी हो गई है जल्द ही अन्य रजिस्टर्ड हो जाएंगे।

**डीएम ने वूमेन लीडरशिप पर दिया प्रेजेंटेशन, बजती रही तालियां-** बैठक में नोडल अधिकारी के निर्देश पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने छत्तीसगढ़ में वूमेन लीडरशिप पर दिए प्रेजेंटेशन को पीपीटी के प्रस्तुत किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कृषि-व्यवसाय, नवाचार और सतत व्यवसाय मॉडल, महिला-नेतृत्व वाली जंगल सफारी और इकोटूरिज्म, आदिवासी महिला-नेतृत्व वाला हस्तशिल्प विकास जैसे महत्वपूर्ण कदमों को रेखांकित किया। कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने उक्त सभी को एक्सपोज़र और ब्रांडिंग प्रदान की। तहसीलों में महिला सुरक्षा के लिए %मिशन शक्ति%, कन्या शक्ति वंदन-बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए एक विशेष कार्यशाला भी आयोजित की है। नोडल ने जिले में डीएम के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयासों, उठाए कदमों की सराहना की। इससे संबंधित वीडियो प्रसारित होने पर पूरा सभागार तालियो की गड़बड़ाहट से गूंज उठा।

**एसपी ने दी कानून व्यवस्था की जानकारी, बताए उल्लेखनीय कार्य-** बैठक में एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जिले की कानून व्यवस्था को रेखांकित किया। जिले की भौगोलिक परिस्थितियों, थानो की लोकेशन और पुलिस व्यवस्थापन की जानकारी दी। पांच नए थाने शारदानगर, पढ़ुआ, उचोलिया, मझगई, खमरिया सृजित होने से अपराध नियंत्रण और पर्यवेक्षण में मदद मिली है। साइबर अपराध रोकने के लिए जिले स्तर पर किए जाने वाले उल्लेखनीय प्रयास बताएं। जिले में संचालित परिवार परामर्श केंद्र की क्रियाशीलता बताते हुए बताया कि 352 मामलों में सुलह कराई गए। अभिनव प्रयास के तौर पर शुरू सैनिक सेल संचालन से पुलिसकर्मियों को सुविधा हुई है। ऑपरेशन दृष्टि से अपराध और ट्रैफिक मैनेजमेंट के सकारात्मक परिणाम भी बताए।

### सेंटर ऑफ लर्निंग के रूप में डिजिटल लाइब्रेरी को कराए विकसित

**कम फंड वाली ग्राम पंचायत में कराए जाए क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत से कार्य**

बैठक में सीडीओ ने अवगत कराया कि जिले में प्रत्येक ब्लॉक की दो-दो पंचायत में एस्ट्रोनॉमी लैब स्थापित है। नोडल ने इस प्रयास की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि जिले में डिजिटल लाइब्रेरी के बारे में प्रयास करते हुए उसे सेंटर आफ लर्निंग के रूप में विकसित किया जाए। अभ्युदय के बच्चों को भी जोड़ा जाए। डीपीआरओ ने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में ग्राम चौपाल आयोजित हो रही। उन्होंने ग्राम सचिवालय, सामुदायिक शौचालय सहित अन्य बिंदुओं पर जरूरी जानकारी दी। नोडल ने निर्देश दिए की कम फंड वाली ग्राम पंचायत में प्राथमिकता पर क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत के माध्यम से कार्य करवाया जाए। ताकि उन गांवों को भी विकास हो सके। नोडल को सीएमओ ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिले में 16 सीएचसी, 65 पीएचसी संचालित है। चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, औषधीयो की उपलब्धता भी बताई। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत वेक्टर कंट्रोल नियंत्रण में किया जा रहे प्रयास बताएं। आयुष्मान गोल्डन कार्ड की प्रगति बताते हुए कहा कि जिले में अबतक 4,04125 परिवार, 10,50031 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज ने मेडिकल कॉलेज की अद्यतन प्रगति बताइ।


## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कारणों से लगी आग, पांच घरों की गृहस्थी जली




**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के फरधान के ग्राम पंचायत धौरहरा खुर्द में शुक्रवार की दोपहर को अचानक आग लगने से पांच घर आग की चपेट में आ गए। आग लगने के समय घरों में कोई नहीं था। आग की चपेट में आने से पांच घरों में साथ हजार की नगदी समेत घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। विकास खंड सदर की ग्राम पंचायत धौरहराखुर्द निवासी सुनीता देवी पत्नी स्वर्गीय सुरेश कुमार गांव के प्राथमिक विद्यालय में रसोइया है। जो सुबह स्कूल खाना बनाने चली गई थी। उनके दोनों बेटे मजदूरी करने चले गए थे। सुनीता ने बताया सुबह दस बजे अचानक आग लग गई। सूचना मिलने के बाद जब तक घर पहुंची आग में सारा सामान जल चुका था। आग की चपेट में पड़ोस पांच मकान जल गए। आग लगने सुनीता देवी की बीस हजार की नगदी समेत घरेलू सामान जल गया। घर में रखे सारे बिस्तर, रजाई, चारपाई, सिलेंडर, गैस चूल्हा धान, गेहूं सारी सामग्री जल गई। पड़ोसी मुन्नी देवी पत्नी स्वर्गीय मुन्नालाल के यहां घर में रखा सारा घरेलू सामान समेत दस हजार रुपये की नगदी जल गई। तीसरे मनोज कुमार पुत्र मुन्नालाल के घर में सारा सामान और पंद्रह हजार की नगदी जल गई। चौथे मोहित कुमार मुन्नालाल का सारा सामान जलने के साथ पचीस हजार की नगदी भी जल गई। पांचवे मकान विदेश कुमार श्रीपाल के घर में सामान जल गया। ग्रामीणों ने फायर ब्रिग्रेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिग्रेड की गाड़ी और ग्रामीणों ने आग पर किसी तरह काबू पा लिया। ग्रामीणों का कहना है थाने से एक किलोमीटर की दूरी पर आग लगने की घटना हुई। कोई पुलिस सहायता नहीं पहुंची। गांव में तैनात लेखपाल भी मौके पर नहीं पहुंचे। बताते है की लेखपाल का मुंसी कौसल कुमार मौके पर गया और आग से होने वाले नुकसान की जानकारी ली। लेखपाल राम सूरत ने बताया मौके पर गया नुकसान की जानकारी कर उच्च अधिकारीयों को सूचना कर दी है।

### ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लखीमपुर खीरी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बिजुआ के पावन प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी न्याय पंचायत के विजेता छात्र-छात्राओं को ब्लॉक स्तर पर अपना प्रदर्शन करने का मौका मिला जिसमें कबड्डी बालक बालिका दौड़, ऊंचीकूद लंबी कूद के साथ-साथ बहुत से खेलों में प्रदर्शन करने का मौका मिला। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रभाकर शर्मा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र चौधरी रहे। इस मौके पर विकास क्षेत्र बिजुआ के राघवेंद्र यादव, राममिलन मिश्रा, वीरेंद्र शुक्ला, अनुराग शर्मा, अगम त्रिपाठी, अनिल वर्मा, गौरव मिश्रा, राम नारायण पांडे, गौरव शुक्ला, अंबर दीक्षित समेत सैकड़ो शिक्षक मौजूद रहे। सभी विजेता छात्र-छात्राओं के शिक्षकों से जनपदीय क्रीडा प्रतियोगिता रैली जो की लालपुर स्टेडियम लखीमपुर में 5 दिसंबर 2024 को होनी है उसके लिए अपना अभ्यास निरंतर जारी रखने के लिए कहा गया।

## रामलीला में मेघनाथ और कुंभकरण वध की लीला का मंचन



**उचौलिया खीरी।** उचौलिया शिव मंदिर रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन चल रहा है। रामलीला में बृहस्पतिवार की रात को कुंभकरण और मेघनाद वध की लीला का मंचन किया गया। रामलीला का मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। रामलीला का मंचन देखने के लिए आसपास गांव के लोग पहुंच रहे हैं।

रामलीला में रावण को अपने दूतों द्वारा सूचना मिलती है कि मेघनाथ द्वारा लक्ष्मण को जो ब्रह्म शक्ति द्वारा घायल किया गया था। हनुमान द्वारा संजीवनी बूटी लेकर आने और बूटी से इलाज करने पर लक्ष्मण की मूर्छा हट गई है और फिर से रण में लड़ने तैयार हो गया है। तब रावण अपने भाई कुंभकरण को नींद से जगाकर राम से युद्ध करने भेज देता है। युद्ध में भगवान राम कुंभकरण का वध कर देते है। तब रावण का बड़ा बेटा मेघनाद युद्ध में जाने से पहले वह अपनी कुलदेवी की पूजा करने जाता है। तब विभीषण द्वारा राम को बताया जाता है कि हे प्रभु मेघनाथ बहुत ही बलशाली और मायावी है अगर उसने अपनी कुल देवी की पूजा यज्ञ संपन्न कर ली तो उसको मारना असंभव हो जाएगा। इसलिए हे प्रभु वीर हनुमान अंगद आदि को भेजकर उसके यज्ञ को नष्ट किया जाए तभी प्रभु उस पर विजय पाई जा सकती है। मेघनाथ का हुआ वध हनुमान अंगद आदि अपनी बानर सेना लेकर उसकी कुल देवी के मंदिर में पहुंच जाते हैं और उसका यज्ञ विध्वंस कर देते हैं । इसके बाद लक्ष्मण के साथ उसका घनघोर युद्ध होता है और लक्ष्मण द्वारा मेघनाथ का वध कर दिया जाता है।

## सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत संसारपुर पंचायत भवन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जॉइंट बीडीओ जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

चौपाल में अपने-अपने विभाग की योजनाओं के बारे में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी दी गई। जो समस्याएं आई, उसको सुनकर अधिकारियों ने समाधान कराया। बहुत सारे पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कराया गया। संचालन कर रहे जॉइंट बीडीओ जितेंद्र कुमार ने चौपाल के उद्देश्य पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत संसारपुर प्रधान पति रामप्रसाद देवल, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विजेंद्र कुमार अवस्थी, पंचायत मित्र फरहाद, ग्राम पंचायत सदस्य शकील अहमद जितेंद्र कुमार मूलचंद विपिन कुमार एवं आशा आंगनवाड़ी के अलावा बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत के लोग मौजूद रहे।

## सड़कों पर दौड़ रहे गन्ना भरे ओवरहाइट वाहन



**बिजुआ खीरी।** जनपद में चीनी मिल चालू होने के बाद सड़कों पर ओवरहाइट गन्ना भरे ट्रकों से गन्ने की ढुलाई की जा रही है। जिसके कारण बड़े बड़े हादसे हो चुके हैं और हादसा होने की संभावना बनी हुई है किंतु जिम्मेदार विभागीय अधिकारी इस मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की लखीमपुर भीरा स्टेट हाइवे रोड पर भारी यातायात होता है, गुलरिया चीनी मिल में गन्ना लेकर आने वाले ट्रक ओवरलोड व ओवरहाइट चल रहे हैं। जिससे बड़े हादसे की आशंका हर वक्त बनी रहती है, लेकिन गुलरिया चीनी मिल द्वारा इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं परिवहन और पुलिस विभाग के अधिकारी भी इस मामले में कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं करते हैं, आए दिन ओवरहाइट गन्ना भरे वाहनों से सड़क हादसे सुनने को मिल रहे हैं और जनपद में हर रोज सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है, उसके बाद भी ओवरहाइट वाहनों पर रोक नहीं लग रही है।

ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता

## बच्चों ने किया प्रतिभाग, दिखाई ताकत

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

**बीईओ ईसानगर सहित विधायक धौरहरा ने किया शुभारंभ**



शुक्रवार को बीबीएलसी इण्टर कालेज खमरिया मे आयोजित ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सभी स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। बीईओ अखिला नन्द राय और धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक बालक, बालिका वर्ग की 50,100,200 मीटर की दौड़ में प्र.वि. गो. शुगर मिल के रवि शुक्ला ने बाजी मारी। प्राथमिक स्कूल महरिया एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय कटौली की छात्राओं ने बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान महरिया के छात्रों ने कारगिल युद्ध पर शानदार झांकी प्रस्तुत की। बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता, खो-खो प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया, इसके अलावा बालक और बालिका वर्ग की तमाम प्रतियोगिताओं में बच्चों ने खूब धमाल मचाया। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को विधायक धौरहरा, बीईओ अखिलानंद राय, शिक्षक संघ के अध्यक्ष, मंत्री लालता बाजपेई, रमेश चंद्र नागर, राजेश यादव,दुर्गेश श्रीवास्तव, सर्वेश जायसवाल आदि ने प्रशस्ति पत्र के साथ पुरुष्कार वितरित किया। बीईओ अखिलानंद राय ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद भी जरूरी होता है, इससे बच्चों के शरीर का विकास होता है। शरीर चुस्त रहेगा तो बच्चों का मस्तिष्क बेहतर ढंग से काम करेगा, जब मस्तिष्क अच्छा काम करेगा तो बच्चे अच्छी तरह से पढ़ाई करेंगे। इस दौरान ब्लॉक एमआईएस कोऑर्डिनेटर अरुण कुमार, तीर्थ मणि त्रिपाठी अध्यक्ष अटेवा, महेश कुमार विश्वकर्मा अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ईसानगर, मीडिया प्रभारी कमलेश जायसवाल, आदि का भरपूर सहयोग रहा।

# यूपी के विकास में मुख्यमंत्री योगी का बड़ा योगदान कायम किया कानून का राज : रामदास आठवले

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। पिछले तीन महीनों में करीब 50 लोगों ने अन्य पार्टियों में अलग-अलग पदों पर रहने वाले लोगों ने आरपीआई की सदस्यता ली है। सुहेलदेव समाज पार्टी से 26, समाजवादी पार्टी से 4 और बहुजन समाज पार्टी से 20 लोग छोड़कर आरपीआई में शामिल हुए हैं।

प्रदेश के जिलों से करीब 20 हजार नए सदस्यों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। ये बात वीवीआईपी गेस्ट हाउस में मीडिया से मुखातिब रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री डॉ. रामदास आठवले ने कही। केंद्रीय मंत्री डॉ. रामदास आठवले ने कहा कि आरपीआई उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के नेतृत्व में 2026 में पार्टी जिला पंचायत का चुनाव लड़ने जा रही है। आरपीआई केंद्र में एनडीए के साथ है। उत्तर प्रदेश में भी आरपीआई को अपना दल, निषाद पार्टी, सुहेलदेव समाज पार्टी की तरह गठबंधन में शामिल कर प्रतिनिधित्व देना चाहिए, इससे 2027 में भाजपा की और ज्यादा सीटें आयेंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा योगदान है। योगी ने उत्तर प्रदेश से गुंडागर्दी खत्म कर दी है। विपक्ष बेकार के मुद्दों को उठाता रहता है और स्वयं की समीक्षा नहीं करता। अब राहुल गांधी ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं। राहुल गांधी ईवीएम को हटाने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। ईवीएम भाजपा सरकार में नहीं आई। बैलेट पेपर से चुनाव होता है तो उसके लिए भी हम तैयार हैं।

# दलहन-तिलहन में यूपी को आत्मनिर्भर बनाने की योजना बना रही सरकार

## मुख्यमंत्री योगी की पहल पर कृषि विभाग ने इस बाबत चार साल की मुकम्मल कार्ययोजना की तैयार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** दलहन और तिलहन की खेती में देश और प्रदेश आत्मनिर्भर बने, यह केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की मंशा है। इसके लिए लगातार प्रयास भी जारी हैं। अगले कुछ वर्षों में प्रदेश दलहन एवं तिलहन के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा। मांग व आपूर्ति में संतुलन होने से न तो आम आदमी के थाल की दाल पतली होगी न ही तेल में उबाल आएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर कृषि विभाग ने इस बावत चार साल (2023-24 से 2026-27) की मुकम्मल कार्ययोजना तैयार की है। इस दौरान योजना के क्रियान्वयन पर करीब 236 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके तहत दलहनी एवं तिलहनी फसलों के बीज के मिनी किट का निःशुल्क वितरण, प्रगतिशील किसानों के यहां डिमांस्ट्रेशन (प्रदर्शन) और किसान पाठशालाओं के जरिये विशेषज्ञों द्वारा खेती के उन्नत तौर-तरीकों की जानकारी देना शामिल है। योजना के तहत प्रदेश के अलग-अलग कृषि जलवायु के अनुरूप तय समयावधि में संबंधित क्षेत्र के किसानों को दलहनी एवं तिलहनी फसलों के बीज के निःशुल्क मिनी किट दिये जा रहे हैं। इस क्रम में दलहनी फसलों के लिए उर्द, मूंग, अरहर, चना, मटर, मसूर का चयन किया गया है। तिलहनी फसलों में तिल, मूंगफली, राई/सरसों और अलसी के बीज शामिल हैं।विश्व बैंक की मदद से चलने वाली यूपी एग्रीज योजना भी दलहन और तिलहन में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार होगी। खासकर, झांसी और इससे सटे इलाकों में मूंगफली की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए क्लस्टर विकसित करने की योजना है।

### सीएम योगी के निर्देश पर शुरू हो गया था काम

अपने दूसरे कार्यकाल के तुरंत बाद (अप्रैल 2022) सीएम योगी ने एक समीक्षा बैठक में निर्देश दिया था कि अगले पांच साल में प्रदेश को दलहन और तिलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुकम्मल योजना तैयार करें। तभी से इस पर काम भी शुरू हो गया था। इसके लिए प्रमाणित एवं आधारीय बीजों का आवंटन बढ़ा दिया गया था। किसानों को रबी-ख़रीफ की मुख्य फसलों के साथ दलहन एवं तिलहन के इंटरक्रॉपिंग, बार्डर लाइन सोईंग और असमतल भूमि पर सूक्ष्म सिंचाई के साधनों के दलहन एवं तिलहन की फसलों की बोआई के लिए जागरूक किया गया। अब सरकार इस बाबत एक मुकम्मल कार्ययोजना लेकर आई है।

### किसान देखकर सीखें, इसके लिए डिमांस्ट्रेशन पर होगा जोर

किसान देखकर इन फसलों की उन्नत खेती के बाबत सीखें, इसके लिए प्रगतिशील किसानों के फील्ड में प्रदर्शन भी होंगे। साथ ही किसान पाठशाला में भी एक्सपर्ट किसानों को रोग एवं कीट प्रतिरोधी उन्नत प्रजाति, खेत की तैयारी से लेकर बोआई के तरीके, फसल संरक्षण के उपाय एवं भंडारण के बारे में बताएंगे। इसका मकसद रकबे के साथ उसी अनुपात में उत्पादन बढ़ाना है।

## खबरें एक नजर में

### बहु-विषयक अनुसंधान व नवाचार पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहु-विषयक अनुसंधान और नवाचार पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन आज प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों की उपस्थिति में हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन इनोवेटिव सस्टेनेबल एजुकेशन और इंटीग्रल एंड इनोवेटिव सस्टेनेबल एजुकेशन कॉलेज, कल्याणपुर, लखनऊ द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में प्रमुख व्यक्तित्वों जैसे संजय उप्रेती (सीनियर डेटा साइंटिस्ट-आईबीएम,यूएसए), प्रो. अशोक कुमार सिंह, प्रो. अमित कुमार सिंह, प्रो. एस.पी. त्रिपाठी, और सीएमडी फ़िरदौस सिद्दीकी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति और प्रेरणादायक भाषणों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस सम्मेलन का उद्देश्य अंतर-विषयक अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना और वैश्विक चुनौतियों का समाधान तलाशना है। इस सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सतत विकास, और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे विविध और महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। सम्मेलन के उद्घाटन में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का परिचय निदेशक डॉ. अरुण कुमार शुक्ला द्वारा दिया गया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ. शैल मिश्रा ने किया। सम्मेलन कल भी जारी रहेगा और इसमें और अधिक रोचक सत्र और चर्चाएँ आयोजित होंगी।

### हिन्दी प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के मेधावी छात्रों वाची सिंह, अर्णव पाण्डेय, मोहम्मद जेन तारिक खान एवं आराध्या अवस्थी ने नेशनल लेविल पर आयोजित 'इण्डिया हिन्दी स्पेलिंग बी प्रतियोगिता-2024' में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता में जहाँ एक ओर वाची सिंह ने 5वीं नेशनल रैंक अर्जित की है, तो वहीं दूसरी ओर अर्णव पाण्डेय ने 8वीं नेशनल रैंक जबकि मोहम्मद जेन तारिक खान एवं आराध्या अवस्थी ने 9वीं नेशनल रैंक अर्जित कर अपने ज्ञान-विज्ञान का परचम लहराया है। प्रतियोगिता का आयोजन शैक्षिक संस्था इण्डिया स्पेलिंग बी के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रति छात्रों में रुचि जगाने एवं उनके हिन्दी ज्ञान के विस्तार व विकास के उद्देश्य से यह परीक्षा कक्षा 1 से 9 तक के छात्रों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित हुई।

### तीन अधीक्षकों समेत 17 डिप्टी जेलर की हुई पासिंग आउट परेड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नए जेल अफसर नवीन ऊर्जा और उत्साह के साथ जेलों की सुरक्षा व अनुशासन व्यवस्था को और मजबूत करेंगे। यह बात शुक्रवार को लखनऊ स्थित डॉ. सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित 118 वें दीक्षान्त समारोह में पुलिस महानिदेशक कारागार पीवी रामा शास्त्री ने कही। 8 महीने के प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को संस्थान में उत्तर प्रदेश के 3 जेल अधीक्षकों और उत्तराखण्ड के 17 डिप्टी जेलर की पासिंग आउट परेड हुई। जेल अधीक्षक प्रीती यादव ने परेड को कमाण्ड किया और बेस्ट कैडेट का खिताब भी हासिल किया, जेल अधीक्षक कुलदीप कुमार द्वितीय कमाण्डर और जेल अधीक्षक, मुकेश कुमार तृतीय कमाण्डर रहे। पीओपी के बाद संस्थान के निदेशक और डीआईजी आरएन पाण्डेय ने सभी प्रशिक्षु अफसरों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एआईजी धमेन्द्र सिंह, डीआईजी हेमंत कुटियाल, डीआईजी सुभाष चन्द्र शाक्य, वरिष्ठ अधीक्षक, शशिकान्त सिंह एवं एफ़्सी, आबिद अली समेत प्रशिक्षण संस्थान के सभी अधिकारी, कर्मचारी तथा प्रशिक्षु अधिकारियों के परिजन मौजूद रहे।

### प्रशांत बिहार में घटित आतंकी घटना गृह मंत्रालय की असफलता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा तथा अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में बडी विफ्लताओं को लेकर तीखा प्रहार किया, उन्होने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रशान्त बिहार में घटित आतंकी घटना ने देश में कानून- व्यवस्था के लगातार बिगड़ते हालात को और भयावह बना गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पुलिस की अपराध शाखा से महज तीन सौ मीटर दूर व्यस्ततम इलाके में हुआ यह विस्फोट केन्द्रीय गृह मंत्रालय की सीधी असफलता है। श्री तिवारी ने कहा कि यह अत्यन्त चिंताजनक है कि रोहिणी विस्फोट के चालीस दिनों के भीतर ही प्रशांत बिहार में विस्फोट की दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि मणिपुर में दस माह के मासूम बच्चे की आंख निकालकर गोली मारकर हत्या हो या फिर जम्मू में अब घाटी में भी फैला आतंकवाद राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में देश को चिंतित किये हुए है। उन्होनें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आरोपों के घेरे में रखते हुए कहा कि यदि वह देश की कानून व्यवस्था को जबाबदेह ढंग से नही संभाल पा रहे हैं तो उन्हें संवेदनशील जिम्मेदारी के निर्वहन में अपनी विफलता स्वीकार करनी चाहिए।

### फर्नीचर गोदाम में भीषण आग, घरों को कराया गया खाली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के एक फर्नीचर गोदाम में शुक्रवार शाम को भीषण आग लग गई। जिससे अफरा-तफरी मच गई। गोदाम में भारी मात्रा में फर्नीचर और अन्य ज्वलनशील सामग्री मौजूद थी, जिससे आग तेजी से फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। आस-पास के घरों को खाली करा दिया गया है। गाजीपुर थाना क्षेत्र में शक्तिनगर ढाल के पास फर्नीचर और गद्दे का तीन मंजिला गोदाम है। कारखाने में बड़ी मात्रा में फर्नीचर, स्पंज और लकड़ी रखी होने के कारण देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने गोदाम के बाहर लगी आग पर काबू पा लिया है, लेकिन अंदर आग धधक रही ही। शक्तिनगर ढाल की तरफरूट डायवर्ट कर दिया गया है।

# 2027 में बहुमत के साथ खिलेगा कमल

## भाजपा दफ्तर में हुआ एनडीए गठबंधन के नवनिर्वाचित विधायकों का अभिनन्दन

**चुनौती को अवसर में बदलने का माद्दा रखती है बीजेपी : योगी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी सके राज्य मुख्यालय पर आज विधानसभा उपचुनाव में विजयी एनडीए गठबंधन के 07 विधायक का अभिनंदन किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने नवनिर्वाचित विधायकों का अभिनंदन किया। समारोह में भाजपा और सहयोगी दल रालोद के विजयी विधायकों को बधाई दी गई। मीरापुर से मिथिलेश पाल रालोद, कुंदरकी से भाजपा विधायक रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र दिलेर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवां से सुचिष्मिता मौर्य का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, आरएलडी के वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार सहित अन्य वरिष्ठ नेता व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान ने किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपचुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों, पार्टी कार्यकर्ताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उपचुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा।




### सफलता से प्रेरणा और असफलता से सबक लेकर आगे बढ़ना है

हमें अपनी सफलता से प्रेरणा और असफलता से सबक लेकर आगे बढ़ना है। यदि हम इसी सामूहिक भावना से कार्य करते रहे, तो 2027 में प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलेगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने निर्वाचित विधायकों का स्वागत करते हुए कहा कि जनता जनार्दन ने भाजपा को खूब आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि कटेहरी एवं कुंदरकी में भाजपा ने लंबे समय बाद जीत हासिल की है। कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम एवं प्रदेश की सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का इस जीत में अहम योगदान है। विपक्ष अपनी पराजय सुनिश्चित मानकर नकारात्मक एजेंडे पर काम कर रहा है। लोगों को भड़काने और बहकाने का काम विपक्ष कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीम भावना और एकजुटता से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनाव में बीजेपी को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गये हैं। वो अब बस आरोप ही लगा सकते हैं। योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा इससे भी बड़ी जीत हासिल करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए ने हरियाणा में हैट्रिक लगाई, महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल किया और उत्तर प्रदेश उपचुनाव में 9 में 7 सीटों पर विजय प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने चुनाव से पहले ही सात सीटें जीतने की रणनीति बनाई थी, जिसे संगठन और कार्यकर्ताओं ने जमीन पर उतारकर सफल बनाया। योगी ने कुंदरकी और कटेहरी जैसी कठिन सीटों पर जीत को पार्टी की रणनीति और कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया।

# शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रगति का आधार होते हैं पुस्तकालय : योगेंद्र

**उच्च शिक्षा मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय व सूचना पेशेवर सम्मेलन का किया शुभारंभ**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने गौतम बुद्ध नगर स्थित गलगोटिया विश्वविद्यालय में 12वें अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना पेशेवर सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सहयोग और केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत राजा राममोहन राय पुस्तकालय फाउंडेशन के समर्थन से आयोजित किया गया है।

उच्च शिक्षामंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए पुस्तकालयों को शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रगति का आधार बताया। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान का हृदय होते हैं। डिजिटल युग में उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है, क्योंकि वे ज्ञान के संरक्षण और प्रसार का एक प्रमुख माध्यम हैं। सम्मेलन न केवल पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देगा, बल्कि इसे एक ऐसा मंच प्रदान करेगा जहां वैश्विक विशेषज्ञ, शोधकर्ता और विचारक विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। उन्होंने इस आयोजन को भारत की शिक्षा और ज्ञान प्रबंधन प्रणाली को वैश्विक स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

विश्वविद्यालय छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों को सराहा।उच्च शिक्षा मंत्री ने भारत सरकार की वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन पहल की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने इसे डिजिटल संसाधनों की व्यापक और सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने वाला एक क्रांतिकारी कदम बताया। उनका मानना है कि इस तरह की पहल शिक्षा और शोध के क्षेत्र में समानता लाने में सहायक सिद्ध होगी।

# महिलाओं को विभागीय योजनाओं का मिलेगा लाभ : डॉ. बबीता सिंह

समृद्धि न्यूज

**राज्य महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. बबीता सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज गोमती नगर स्थित उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के सभागार में ''महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य महिला कल्याण विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समुचित जानकारी आयोग की पदाधिकारियों को देना, जिससे इन योजनाओं का और भी बेहतर ढंग से संचालन किए जाने के लिए आयोग के पदाधिकारी अपना सहयोग दे सकें और सदस्यों द्वारा की जाने वाली जनसुनवाई के दौरान इन योजनाओं का पर्यवेक्षण भी किया जा सकेगा। जागरूकता कार्यक्रम के प्रथम सत्र में पुनीत कुमार मिश्र उपमुख्य परिवीक्षा अधिकारी, महिला कल्याण विभाग द्वारा वर्तमान में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी, जिसमें पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन, 181-महिला हेल्पलाइन, वन स्टाप सेन्टर, महिला शक्ति केन्द्र, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, निराश्रित महिलाओं हेतु आश्रय सुविधा, राजकीय महिला शरणालय एवं महिला संरक्षण गृह राज्य सरकार द्वारा संचालित शक्ति सदन योजना, सखी निवास योजना, कोविड-19 महामारी के कारण प्रभावित हुयी महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक सुरक्षा, संरक्षण व उन्नयन प्रदान किये जाने हेतु मुख्यमंत्री नारी सम्मान योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, बाल संरक्षण सेवाए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मिशन वात्सल्य मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनासामान्य, पी.एम. केयर्स फॉर चिल्ड्रेन आदि योजनायें शामिल हैं। आयोग की अध्यक्ष.चौहान द्वारा महिला कल्याण की ओर से उपस्थित अधिकारी को इन योजनाओं के सम्बन्ध में प्रदेश के जिलाधिकारी व निदेशक सूचना को पत्र भेजकर योजनाओं के प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार से ही प्रदेश की महिलाओं को महिला कल्याण विभाग की योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सकेगा।

### जनता के पैसों से बने सरकारी उपक्रमों को पूंजीपतियों को सौंप रही भाजपा : कांग्रेस

**लखनऊ ।** आजादी के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर सभी कांग्रेस सरकारों द्वारा देश हित में बनाए गए सभी सरकारी उपक्रमों को (हवाई अड्डे, पोर्ट, रेलवे, जंगल, खनिज) आदि को भाजपा सरकार द्वारा बेचने का शुरू किया अभियान अब उत्तर प्रदेश की बिजली कंपनियों तक आ पहुंचा है। पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने आजादी के बाद यह तमाम उपक्रम इसलिए बनाये थे कि यह उपक्रम देश की जनता की पूंजी होगी और इनके माध्यम से जनता को सुरक्षित रोजगार प्राप्त होगा। लेकिन उसके विपरीत भाजपा एक के बाद एक जनता के पैसों से बने सरकारी उपक्रमों को पूंजीपतियों को सौंपती जा रही हैं। भाजपा की पूर्व सरकारों ने भी नवरत्न कंपनियों को भेजा था वही काम आज भी जारी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ0सी0पी0 राय ने कहा है कि सरकार की जिम्मेदारी थी कि वह सक्षम तरीके से सरकार चलाती, सभी संस्थाओं को व्यवस्थित करती, नये बिजली घर खोलती तथा बिजली की व्यवस्था को मजबूत करती और यदि उसमें कोई कमी है तो उसे दूर करने का प्रयास करती लेकिन सरकार पूरी तरह से अयोग्य, नाकाम और नकारा साबित हो चुकी है।

# वित्त मंत्री ने देखी नगर की सफाई व्यवस्था

**जोन 6 के जोनल अधिकारी व सफाई निरीक्षक का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज प्रातः 7बजे नगर की सफाई व्यवस्था को देखने के लिए औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम के चार वार्डो की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इनमें अंबेडकर नगर वार्ड, मालवीय नगर वार्ड, कल्बे आबिद वार्ड तथा ऐशबाग वार्ड शामिल है। उन्होंने नगर निगम द्वारा संचालित शौचालयों का भी निरीक्षण किया। वार्डो में सफाई व्यवस्था को लेकर काफी नाराजगी जाहिर की। सफाई व्यवस्था सही न कराने पर नगर निगम के जोन 6 के जोनल अधिकारी मनोज कुमार तथा सफाई निरीक्षक का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश नगर आयुक्त को दिया। जोन 2 की जोनल अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए संबंधित वार्डो में सफाई व्यवस्था के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए। सफाई और पानी के सही से निकास के लिए नालियों से अतिक्रमण को हटाया जाए एवं नालियों की नियमित सफाई कराई जाए।

नींबू पार्क स्थित सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया तथा शौचालय की सफाई संतोषजनक पाई। अब्दुल अजीज रोड चौपटिया मुख्य मार्ग पर जमा सिल्ट और मोरंगबालू को हटाने एवं सफाई कराने का निर्देश दिया। ऐशबाग वार्ड में भी स्थित कूड़ा घर एवं शौचालय की भी मरम्मत करायें जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी जोनों के जोनल अधिकारी अपने-अपने जोन में नियमित निरीक्षण करें।निरीक्षण के दौरान लखनऊ नगर निगम की मेयर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, स्वच्छता प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा संबंधित मेयर सहित नगर निगम के अधिकारी एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

उन्होंने बाजार खाला में पुल के नीचे मुख्य मार्ग में जल रहे कूड़े को देखकर नाराजगी जाहिर की। वहां पर नाली के ऊपर एलटी पैनल को तत्काल हटाने तथा जाम नाली की सफ़ाई के निर्देश दिए। नींबू पार्क के पास अवैध फूल मंडी को हटाने तथा तथा अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ एफआईआर करने के निर्देश दिए। संदोहन देवी मंदिर के पास व पड़ाव घर के पास इकट्ठा गंदगी व कूड़ा को देखकर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई तथा लोगों की शिकायत का संज्ञान लेते हुए कूड़े को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। कूड़ा एजेंसी को अनिवार्य रूप से प्रतिदिन कूड़ा उठाने के निर्देश दिए जाए और नियमित इसकी मॉनिटरिंग भी की जाए। उन्होंने क्षतिग्रस्त कूड़ा घर का मरम्मत कराए जाने का भी निर्देश दिया।

# सात से 14 दिसम्बर तक अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशों को किया जाए संरक्षित

समृद्धि न्यूज

**सड़कों या हाइवे पर निराश्रित गोवंश विचरण करते न मिलें : धर्मपाल**

**लखनऊ ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि खेतों, सड़कों के किनारे और हाइवे पर निराश्रित गोवंश विचरण करते न पाये जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के साथ गोसंरक्षण कार्यों से संबंधित अन्य विभागों के अधिकारियों की भी जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन तैयार की जाए।

07 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक सघन अभियान चलाकर प्रदेश के जनपदों में सड़कों या खेतों में घूम रहे निराश्रित गोवंश का संरक्षण किये जाने के निर्देश दिये हैं। धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि गौशालाओं में गोवंश के भरण पोषण की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाए। अधिकारी निराश्रित गोवंश हेतु गोआश्रय स्थलों में गोवंश के ठंड से बचाव, पर्याप्त चारा, भूसा, पानी, प्रकाश, औषधि आदि आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। श्री सिंह ने अधिकारियों को सख्त रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि गोशालाओं में गोवंश के भरण पोषण की व्यवस्था पर पूरा अमल किया जाए। आवंटित बजट का समुचित उपयोग किया जाए। गोवंश को पर्याप्त हरा चारा दिया जाए और कोई भी गोवंश भूखा न रहने पाए। निराश्रित गोवंश का संरक्षण एवं संवर्द्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इन कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मोबाइल वेटनरी यूनिट का संचालन सुनियोजित और सुव्यवस्थित तरीके से किया जाए और जहां से भी पशुधन के चिकित्सा की सूचना प्राप्त हो वहां तत्काल सुविधा उपलब्ध कराई जाए। गोवंश संरक्षण के लिए अभियान की लक्ष्य पूर्ति हेतु जनपद के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और मंडलीय अपर निदेशक द्वारा निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गोवंश के संरक्षण के लिए ग्राम विकास, नगर विकास, पंचायतीराज, राजस्व एवं गृह विभाग के साथ समन्वय स्थापित करके कार्य किया जाए। यदि किसी विभाग द्वारा सहयोग या समन्वय नहीं किया जा रहा है तो उसकी सूचना तत्काल शासन को दी जाए।

**कदम** — नवाचार, रचनात्मकता व नेतृत्व क्षमता विकसित करने व बेहतर नागरिक बन सकेंगे बच्चे

# परिषदीय विद्यालयों में क्लबों का गठन कराएगी योगी सरकार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी सरकार ने परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के समग्र विकास के लिए विभिन्न प्रकार के क्लबों के गठन की दिशा में कदम बढ़ाया है। प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पढ़ाई करने वाले बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत छात्रों में सामाजिक, भावनात्मक, सांस्कृतिक और शैक्षिक कौशल का विकास करने के उद्देश्य से की जा रही है।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह का कहना है कि गठित होने वाले क्लबों के माध्यम से बच्चों को विचारशीलता, नवाचार, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर मिलेगा, जिससे वे भविष्य के लिए बेहतर नागरिक बन सकेंगे। इस कदम से बच्चों के कौशल विकास के साथ-साथ पर्यावरण जागरूकता, खेल गतिविधियाँ, विज्ञान, गणित, और डिजिटल शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी उनकी रुचि बढ़ेगी। सरकार ने विभागीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर इन गतिविधियों का मार्गदर्शन करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रेरित करने की व्यवस्था भी की है। क्लबों का गठन बच्चों में विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता और कौशल विकास के लिए किया जा रहा है, जैसे कि पर्यावरण संरक्षण, खेल गतिविधियाँ, गणित, विज्ञान, नागरिक जिम्मेदारी और डिजिटल शिक्षा। यह क्लब बच्चों को निरंतर सीखने के अवसर प्रदान करेंगे और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान, टीम भावना और नेतृत्व कौशल विकसित करने में मदद करेंगे। क्लबों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियाँ जैसे वृक्षारोपण, योग, गणितीय पहेलियाँ, विज्ञान प्रदर्शन, पठन गतिविधियाँ, सम-सामयिक घटनाओं पर चर्चा, निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद, खेल प्रतियोगिताएँ और स्वास्थ्य व स्वच्छता अभियान आयोजित किए जाएंगे।

### इन क्लबों का होगा गठन

**ज्योग्राफी क्लब :** भूगोल विषय में छात्रों के आकर्षण को बढ़ावा देना और जलवायु, पर्यावरण और संसाधनों की समझ विकसित करना।
**कला, संगीत और नाटक क्लब :**रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और छात्रों को कला, संगीत और नाटक के क्षेत्र में प्रवीण बनाना।
**हेल्थ एण्ड वेलबीईंग या योग क्लब :** बच्चों के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास के लिए योग और स्वास्थ्य संबंधित गतिविधियां।
**इको क्लब :** पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाना।
**स्पोर्ट्स क्लब :** खेल गतिविधियों के माध्यम से छात्रों की शारीरिक फिटनेस और टीम भावना का विकास।
**गणित क्लब :** गणितीय कौशलों को रोचक और आकर्षक बनाने के लिए पहेलियों और खेलों के माध्यम से।
**विज्ञान क्लब :** वैज्ञानिक सोच और तर्क क्षमता को प्रोत्साहित करना, प्रयोग और अनुसंधान के माध्यम से।
**रीडिंग क्लब :** पठन संस्कृति को बढ़ावा देना, बच्चों में पढ़ने की रुचि और सांस्कृतिक समझ विकसित करना।
**सिविक सेन्स क्लब :** सार्वजनिक व्यवहार और नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना।
**डिजिटल इनिशिएटिव क्लब :** डिजिटल साक्षरता और तकनीकी कौशल में बच्चों को प्रशिक्षित करना।

# जिला कारागार में फंदे से लटका मिला बंदी का शव

**दहेजहत्या के मामले में पिछले पांच साल से विचाराधीन कैदी था मृतक**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

दहेज हत्या के मामले में जेल में बंद विचाराधीन एक बंदी का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। खबर जैसे ही जेल प्रशासन को लगी अफरा तफरी मच गई। सदर थाना पुलिस व फोरेंसिक टीम जानकारी पाकर जेल पहुंची। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया।




वारिस रायनी (28) पुत्र आरिफ रायनी निवासी गांव कंचना थाना मोहनगंज जिला अमेठी दहेज हत्या के मामले में पिछले पांच साल से विचाराधीन कैदी के रूप में रायबरेली जेल में बंद था। बृहस्पतिवार शाम को जेल में बने टेलीफोन बूथ से उसने अपने पिता से बातचीत की। जिसके बाद वह अस्पताल के पीछे बागवानी ग्राउंड में चला गया। वहीं पर रात में गमछे से नीम की डाली पर फंदे से शव लटका मिला। मामले में जेल प्रशासन का कहना है कि जब शाम को बैरक के अंदर जाने के बाद कैदियों की गिनती की गई तो पता चला कि एक कैदी लापता है। उसे खोजा गया तो उसका शव नीम के पेड़ से लटका मिला। मामले की जानकारी स्थानीय थाने की पुलिस को दी गई और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। शव का परीक्षण करके उसे पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। जांच करने मौके पर गए नायब तहसीलदार सदर तेजस्वी त्रिपाठी ने बताया कि जेल में एक बन्दी की मौत हुई है। जो कि अमेठी जनपद के रहने वाला था। सीसीटीवी में देखा गया कि वारिस मरने से पहले जेल में जहां खेती होती है उधर चला गया। जिधर सीसीटीवी से दिखाई नहीं देता उधर उसने जाकर पेड़ से अपने गमछे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जेल प्रशासन, स्थानीय पुलिस, फोरेंसिक टीम ने जांच की है।

## अज्ञात कार ने बाइक को मारी टक्कर

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर खैरहनी गांव के पास एक अज्ञात कार ने बाइक को टक्कर मार दी । हादसे में बाइक सवार किसान श्रीपाल पुत्र सुखई उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी छीटखेड़ा घायल हो गया। जिसे एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायल किसान ने बताया कि वह खेतों से अपने गांव वापस जा रहा था । तभी अज्ञात कार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## होटल ओम क्लार्क में आग लगने से मची भगदड़, लाखों का सामान जलकर राख

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के नामचीन होटल ओम क्लार्क में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। होटल में ठहरे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही सभी लोग अपनी जान बचाकर बाहर निकल गए। हालांकि कोई जनहानि की सूचना नहीं है। मौके पर पहुंची शहर कोतवाली की फ़ोर्स और दमकलकर्मियों ने घण्टों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है।

मामला शहर के वीआईपी होटल ओम क्लार्क है, जिसमें शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जानकारी के अनुसार होटल में कई परिवार ठहरे हुए थे। घटना का




समय अधिकांश लोग नींद में थे। आग की लपटें देखकर सभी बाहर की ओर भागने लगे। किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आग की सूचना मिलते ही मौके पर अपनी टीम के साथ शहर कोतवाल राजेश सिंह पहुंच गए। दमकलकर्मियों को आग पर काबू करने के लिए घण्टों मशक्कत करनी पड़ी, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। दमकलकर्मियों की सूझबूझ से समय रहते आग पर काबू कर लिया गया नहीं तो आग अगल-बगल के शोरूम तक पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। गौरतलब है कि इसी इमारत में ज्वेलर्स शो रूम और बगल में बाइक एजेंसी भी है। आग को काबू पाने के बाद सभी ने राहत की सांस ली। शहर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया आग का कारण पता नही चल पाया है। आग पर काबू पा लिया गया है। अभी स्थिति सामान्य है।

# एनएसबीवीएम में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का समापन

**प्रतिभागी हुए पुरस्कृत, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी हुआ आयोजन**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़**

न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में चल रही वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के अतिथि अमित सिंह (सीओ सिटी ) और एनएसपीएस के अध्यक्ष इन्द्रेश विक्रम सिंह को न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह के साथ बैज और कैप लगाकर सम्मानित किया। इसी क्रम में प्रधानाचार्य श्री सिंह द्वारा संस्थापक-प्रबंधक डॉ शर्मा को और शैक्षणिक प्रभारी नितिन सिंह, स्पोर्ट्स इंचार्ज









धनंजय सिंह एवं विवेक सिंह द्वारा क्रमशः एनएसपीएस सलेथू के प्रधानाचार्य राजीव सिंह, एनएसपीएस त्रिपुला के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति एवं प्रधानाचार्य एनएसबीवीएम को भी कैप लगाकर सम्मानित किया गया।

अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत से शुरू हुए समापन समारोह में अतिथियों द्वारा क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया और खेलकूद में प्रतिभाग संख्या के आधार पर सभी हाउस में विनर विवेकानंद हॉउस एवं रनर आज़ाद हॉउस को ट्राफी प्रदान की गई साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल बच्चों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल हमारे व्यक्तित्व और कैरियर के निर्माण में सहायक होते हैं। संस्थान के अध्यक्ष श्री सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है, इससे हमें सहयोग, नेतृत्व, एवं समय प्रबंधन सीखने को मिलता है जिसका फायदा हमें शिक्षा के क्षेत्र में भी मिलता है। कार्यक्रम के अंत में संस्थापक-प्रबंधक डॉ शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल हमारे मानसिक और शारीरिक विकास की एक कड़ी है जिसके माध्यम से हमारे व्यक्तित्व का निर्माण होता है, जीत और हार मायने नहीं रखती, आवश्यक है प्रतिभाग करना, आपने ने जिस प्रतिस्पर्धात्मक भावना से खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया उसी मनोयोग से अपनी शिक्षा पर भी ध्यान दें, परीक्षाएं समीप हैं, परीक्षाओं के परिणाम ही आपकी वास्तविक सफलता प्रदर्शित करेगा। आज के समारोह में शटल रेस, चेयर रेस, लांग जम्प, शार्ट-पुट, जेबलिन थ्रो, चेस, कैरम, टग ऑफ वार, खो - खो, और कबड्डी के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित डंपर सड़क किनारे होटल में घुसा, चालक जख्मी

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच हाईवे पर प्रसाद खेड़ा मजरे बन्नावा गांव के पास एक अनियंत्रित डम्फर हाईवे किनारे स्थित एक होटल में घुस गया। हादसे में डंफर चालक विचार गौड़ पुत्र बनी गौड़ उम्र लगभग 54 वर्ष निवासी गोरखपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे चालक को निकलवा कर एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गनीमत रही की होटल के पीछे बने घर तक पहुंचने से पहले डम्फर रुक गया। जिससे मकान को नुकसान नहीं पहुंचा है। होटल संचालक सौरभ ने बताया कि



तकरीबन उसका एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### रोड हादसे में युवक की मौत

**महराजगंज/रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के रानी का पुरवा मजरे मुरैनी गांव का रहने वाला एक 32 वर्षीय युवक की रोड हादसे में मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचकर पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते हैं कि दो ट्रैकों के जबरदस्त भिड़ंत में चार वाहनों समेत 12 लोग घायल हो गए जिसमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। आपको बता दें कि, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह एडवोकेट ने बताया कि, घटना जिला बस्ती में लखनऊ गोरखपुर फोरलेन पुरानी बस्ती क्षेत्र के सबदेइया कला गांव के पास की है। बीते बृहस्पतिवार को शाम करीब 4:00 बजे दो ट्रक समेत चार वाहनों में जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्रक के चालकों की मौत हो गई। जबकि कार में सवार समेत 12 लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि, क्रेन की मदद से घायलों को वाहनों से निकाला गया। सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया, जिसमें तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। मृतकों की शिनाख्त काबिल चौधरी निवासी शेर नगर थाना नई मंडी मुजफ्फरनगर और शिवबरन (32) पुत्र सतगुरु निवासी रानी का पुरवा थाना महराजगंज जिला रायबरेली के रूप में की गई है।

### माइनर की सफाई में हो रही खानापूर्ति, किसानों में आक्रोश



**बछरावां रायबरेली।** प्रदेश सरकार नहरों की सफाई को लेकर बड़े–बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत में देखा जाए तो नहर विभाग द्वारा सफाई के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही है। जिसको लेकर किसानों में आक्रोश देखा जा सकता है। रायबरेली व लखनऊ की सीमा स्थित पुरहिया अल्पिका के नाम से माइनर के द्वारा किसानों को सिंचाई के लिए वरदान साबित होने वाली सिंचाई विभाग की माइनर की सफाई कराई जा रही है, जिसमें ठेकेदार द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से सफाई कराई गई है। लेकिन जमीनी हकीकत में सफाई के नाम पर केवल खाना पूर्ति हो रही है। प्रत्येक वर्ष सिंचाई विभाग द्वारा माइनर की सफाई कराई जाती है परंतु कुछ ही दिनों में माइनर में सिल्ट जम जाती है जिससे किसानों को प्रत्येक वर्ष चंदा लगाकर माइनर की सफाई करनी पड़ती है जिसमें लखनऊ जनपद एवं रायबरेली जनपद के किसानों को लाभ मिलता है।

### मिशन शक्ति अभियान फेज-5: महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा हेतु चलाए जा हेल्फलाइन नम्बरों के प्रति किया गया जागरूक



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशानुसार जनपद बलरामपुर में बालिकाओं/छात्राओं/महिलाओं की सुरक्षा हेतु नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहों/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर– वीमेन पावर लाइन–1090, महिला हेल्प लाइन नंबर–181, चिकित्सीय सहायता हेतु–108 पुलिस कंट्रोल नंबर –112, चाइल्ड हेल्पलाइन –1098 व साइबर अपराधों जैसे– शेयरिंग, लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड आदि की जानकारी दी गयी, और साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, आदि कई योजनाओं की जानकारी दी।

# 400 लोगों का हुआ नेत्र परीक्षण

**100 को दिए गए चश्में, 50 को भेजा गया ऑपरेशन के लिए**

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

बाबा ओरीदास तपोस्थली पर भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद सदस्य एवं पूर्व बछरावां विधानसभा प्रत्याशी डॉक्टर मातादीन पासी द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट द्वारा आए हुए आंख के मरीजों की जांच की गई चश्मे दिए गए साथ-साथ जो मरीज ऑपरेशन के योग्य थे उन्हें बस द्वारा चित्रकूट भी भेजा गया। शिविर में कुल 400 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें ढाई सौ लोगों की जांच की गई 100 मरीजों को चश्मे



दिए गए तथा आंखों से जिनको ज्यादा दिक्कत थी उन मरीजों के लिए ऑपरेशन की व्यवस्था के तहत 50 मरीजों को बस के द्वारा चित्रकूट भेजा गया। जहां पर भोजन पानी सहित रहने की पूरी व्यवस्था मुक्त रहेगी साथ-साथ मरीजों का इलाज भी मुफ्त में ही होगा। वहीं इस शिविर की क्षेत्रीय जनता ने डॉक्टर मातादीन पासी के इस सार्थक प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से गरीब लोगों को भी इलाज मिल जाता है। इस मौके पर कैंप प्रभारी विनय गुप्ता, विनय गुप्ता, काउंसलर राम सिंह पटेल, कुलदीप यादव, विकास, अमरेश बहादुर सिंह, रामनरेश वर्मा, शारदा शरण पांडे, आशा सिंह, चंद्रभान सिंह, रामचंद्र सिंह, बबलू श्रीवास्तव सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शराब के नशे में धुत संविदा कर्मचारी ने मचाया तांडव

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत नव पुरवा मजरे सेहगो पूरब गांव निवासी राजकुमार पुत्र बसंत लाल उम्र 29 वर्ष जो की विद्युत विभाग बछरावां मे संविदा कर्मचारी के पद पर तैनात है, बृहस्पतिवार की देर शाम उसने घर पर किसी बात से नाराज होकर नशे की हालत में अपनी पत्नी से विवाद किया उसके पश्चात किसी नशीले पदार्थ का सेवन किया हालत बिगड़ती देख परिवारी जन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां उसने अस्पताल स्टाफ एवं डॉक्टर के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया हालात



बिगड़ते देख मौके पर मौजूद गार्ड्स ने समस्त प्रकरण की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंचे चुरूवा चौकी प्रभारी राहुल सिंह चौहान एवं डायल 112 के पुलिस कर्मियों ने युवक को भरकस समझाने का प्रयास किया परंतु उस युवक का अभद्र भाषा का प्रयोग एवं तांडव अनवरत जारी रहा। इसके उपरांत मौजूद डॉक्टरों ने उसकी हालत को बिगड़ता देख उसे जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया है।

## ओवरलोड ट्रकों से सड़कों पर बढ़ा खतरा, प्रशासन की लापरवाही बनी समस्या

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** जहां केंद्र और राज्य सरकारें ओवरलोडिंग पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की बात कर रही हैं।लेकिन सादुल्लानगर मे जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। चाहे गन्नालदा ट्रक हो ट्राला या ट्रांसपोर्ट की गाड़ियां हो या गिट्टी बालू मौरंग की गाड़ियां हो,सब के सब ओवरलोड ही आ रहे हैं सवाल यह है कि आखिर कब तक आम लोग इन खतरों का सामना करते रहेंगे। सड़क सुरक्षा के नियमों की अनदेखी और



प्रशासन की लापरवाही के चलते ओवरलोड ट्रकों की समस्या बढ़ती जा रही है। यह न केवल यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहा है। बल्कि जान–माल का भी गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। ये तस्वीरें उस खतरे को उजागर करती हैं।जो ओवरलोड ट्रकों के कारण रोजाना हमारी सड़कों पर दिखाई दे रहा है। ट्रक मालिक अतिरिक्त माल ढोकर मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। स्थानीय निवासी राधेश्याम, राजेंद्र कुमार, नसीम, राजेश कुमार व नंदकिशोर आदि लोगो का कहना है कि हम हर दिन इन ओवरलोड ट्रकों,ट्रालो के कारण जाम में फंसते हैं। सड़कें टूट रही हैं, और दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। प्रशासन कुछ नहीं कर रहा। ओवरलोडिंग का यह सिलसिला सड़कों की उम्र को कम कर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार,सड़कें इतनी ज्यादा भार सहने के लिए नहीं बनीं, जिससे गड्ढे और दरारें पड़ रही है जब इस संबंध में एआरटीओ बलरामपुर को फोन किया गया तो उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ।

## टूटी पुलिया की नहीं कराई गई मरम्मत, आवागमन बाधित

**सादुल्लानगर /बलरामपुर।** विकासखंड रेहरा बाजार के सादुल्लनगर -रहमतपुर संपर्क मार्ग के पास अतरौरा ग्राम में पुलिया टूट जाने से राहगीरो को आवागमन में काफी दिक्कत हो रहा है।

ग्रामवासी अरविंद कुमार तिवारी, बजरंगी प्रसाद गुप्ता, राम अवध शर्मा, राजन, संकटा प्रसाद आदि लोगों ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग से सादुल्लनगर-रहमतपुर का आवागमन होता है। पिछले दिनों अतरौरा गांव के पास पुलिया टूट गया। ग्रामीणों ने बताया बीते दिनों बाइक सवार पुलिया में फस जाने से घायल हो गए थे। अरविंद कुमार अरविंद कुमार तिवारी ने बताया की



पुलिया टूट जाने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खेत की रखवाली करने जा रहे राम अवध शर्मा साइकिल समेत गिरकर चोटिल हो गए। जिम्मेदार अफसर टूटी पुलिया को देखने तक नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया टूट जाने से दो पहिया वाहन चालक अपना जान जोखिम में डालकर आवागमन करते हैं। अवर अभियंता ने बताया कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा।

## दैवीय आपदा निधि का पैसा गबन करने वाला ग्राम प्रधान गिरफ्तार

**रेहरा बाजार, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 18.07/24 को आवेदक अलखराम, लेखपाल क्षेत्र महदेइया सिरसिया तहसील उतरौला द्वारा थाना रेहरा बाजार में मुअसं. 207/2024 अन्तर्गत धारा 318(4), 316(2) बीएनएस बनाम जाबिर अली पुत्र साबिर अली वर्तमान ग्राम प्रधान ग्राम कालू बनकट बिलरिया व विनय वर्मा पुत्र रामचन्दर निवासी इमिलिया बनधुसरा के विरूद्ध पंजीकृत कराया गया, जिसमें उल्लिखित किया गया कि दिनांक 17.06.2024 को जन्नतुननिशा पत्नी राजू निवासी ग्राम कालू बनकट की चार पुत्रीयों की मृत्यु कुंआनो नदी में डूबने से हो गयी थी, जिसके उपरान्त दैवीय आपदा निधि से जन्नतुननिशा पत्नी राजू को 16 लाख



रूपये की आर्थिक सहायता धनराशि दिनांक 16.07.2024 को जिला कोषागार बलरामपुर से ट्रान्सफर की गयी, जिसमें नामित अभियुक्त जाबिर अली द्वारा दिनांक 18.07.2024 को विनय मेडिकल स्टोर के नाम से संचालित खाते में 06 लाख धनराशि नीफ्ट करा ली गयी। अभियुक्त द्वारा आपदा निधि से प्राप्त धनराशि में अनियमितता की गयी तथा लाभार्थी को गुमराह कर छ्ल व कपट से नीफ्ट करा ली गयी। उक्त छ्ल कपट की जानकारी होने पर लाभार्थी द्वारा ग्राम प्रधान से पैसे वापस मांगे गये तो उनके द्वारा लाभार्थी पर सुलह समझौता का दबाव बनाया गया। पुलिस अधीक्षक, बलरामपुर विकास कुमार द्वारा उक्त अतिमहत्वपूर्ण प्रकरण में जो सरकारी धन का गबन किये जाने से सम्बन्धित था की गहनता से विवेचना करने व प्रभावी विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे, जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह* के पर्यवेक्षण में तथा पुलिस उपाधीक्षक (प्रशि.)/प्रभारी थाना रेहरा बाजार के कुशल नेतृत्व में विवेचक उ.नि. उपेन्द्र यादव, चौकी प्रभारी पेहर द्वारा प्रकरण की गहन विवेचना की गयी जिसमें अभियुक्त ग्राम प्रधान जाबिर अली द्वारा लाभार्थी को सरकार द्वारा प्रदान की गयी आपदा धनराशि (सरकारी धन) का गबन करने की पुष्टि हुई। साक्ष्यों के आधार पर धारा 316(5) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी है।

# गन्ना कृषक वैज्ञानिकों से लेंगे तकनीकी प्रशिक्षण एवं आधुनिक जानकारी

**तीसरी बार विशद प्रशिक्षण हेतु 50 कृषक गन्ना शोध केंद्र सेवरही रवाना**

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

गन्ना विकास परिषद, उतरौला द्वारा 50 गन्ना कृषकों के दल को गेंदा सिंह गन्ना प्रजनन एवं शोध संस्थान, सेवरही के लिए रवाना किया गया। यह रवाना कार्यक्रम गन्ना कृषकों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण यात्रा है, जो उनके उत्पादन की लागत घटाने और उत्पादकता बढ़ाने में सहायक साबित होगी। सुबह होते ही विभिन्न ग्रामों से आए हुए गन्ना कृषक परिषद के प्रांगण में




इकट्ठा हो गए। गन्ना समिति क्षेत्र के कृषकों का स्वागत परिषद के प्रचार प्रसार प्रभारी, अतुल कुमार सिंह ने किया। इसके बाद, कृषकों को संस्था प्रांगण में खड़ी बसों में बैठाया गया और नरेंद्र सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, उतरौला ने उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गन्ना कृषकों को गेंदा सिंह गन्ना प्रजनन एवं शोध संस्थान, सेवरही में कृषि वैज्ञानिकों से गन्ने की उत्पादन लागत घटाने, उत्पादन बढ़ाने और कृषकों की आमदनी दोगुना करने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त होगा। इस अवसर पर कृषकों को शोध केंद्र द्वारा आयोजित फील्ड विजिट के दौरान तकनीकी जानकारी भी प्रदान की जाएगी, जिससे वे गन्ने की खेती में हो रहे नवाचारों को समझ सकेंगे और उन्हें अपनी खेती में शामिल कर सकेंगे। नरेंद्र सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने बताया कि प्रशिक्षण स्थल पर गन्ना उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार लाने, उत्पादन लागत कम करने, और किसान की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। इसके अंतर्गत कृषकों को फील्ड विजिट, विषय विशेषज्ञों से वार्ता, प्रशिक्षण सामग्री, जलपान और भोजन की व्यवस्था संस्थान द्वारा की जाएगी। यह तीसरी बार है जब गन्ना कृषकों का दल सेवरही गन्ना शोध संस्थान रवाना किया गया है। इससे पूर्व दो बार कृषक वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं और उनके द्वारा साझा किए गए अनुभवों से अन्य किसानों को भी लाभ हुआ है। इस बार भी कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन से कृषक अधिक कुशलता से गन्ने की खेती में नवीनतम तकनीकों का प्रयोग कर सकेंगे। इस अवसर पर अखिलेश कुमार, मनोज श्रीवास्तव, अजीत चौधरी सहित कई अन्य गन्ना कृषक भी उपस्थित थे जो इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना हुए। इन कृषकों का मानना है कि इस प्रशिक्षण से उन्हें गन्ने की बेहतर खेती के लिए आवश्यक ज्ञान प्राप्त होगा और इससे उनकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। गन्ना कृषकों को मिल रहे इस तकनीकी प्रशिक्षण से उनके उत्पादन में सुधार की संभावना है और वे अपनी आय को दोगुना करने में सक्षम होंगे। गन्ना विकास परिषद की यह पहल क्षेत्र के किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है और आगे भी इसे जारी रखने की आवश्यकता है।

## एमजे एक्टिविटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**विजेता हाउस ने जीती ट्रॉफी**

**उतरौला (बलरामपुर)।** एमजे एक्टिविटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के तहत बालक और बालिका वर्ग में रास्साकसी, क्रिकेट, और अन्य खेलों के मुकाबले आयोजित किए गए।

बालक वर्ग में रास्साकसी के फाइनल मुकाबले में इक्वलिटी हाउस ने ह्यूमैनिटी हाउस को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं,



बालिका वर्ग में ह्यूमैनिटी हाउस ने इक्वलिटी हाउस को हराकर ट्रॉफी जीत ली। इंटर हाउस क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में सिंसेरिटी हाउस ने ह्यूमैनिटी हाउस को 6 विकेट से हराकर खिताब जीत लिया। इस मुकाबले में टॉस की प्रक्रिया का संचालन डायरेक्टर समीर रिजवी और प्रधानाचार्य हिमांशुधर द्विवेदी ने किया। सिंसेरिटी हाउस ने टॉस जीतकर क्षेत्र आरक्षण चुना। ह्यूमैनिटी हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 41 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में, सिंसेरिटी हाउस ने दो ओवर शेष रहते हुए लक्ष्य को हासिल कर लिया। सिंसेरिटी हाउस की ओर से आशीष ने 20 गेंदों पर 16 रन बनाए, फरहान ने 8 रन और अनस ने 8 रनों का योगदान दिया। डायरेक्टर समीर रिजवी ने कहा, खेलकूद से बच्चों का सामाजिक विकास होता है। प्रधानाचार्य हिमांशुधर द्विवेदी ने कहा, खेलकूद बच्चों की कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। इसके माध्यम से बच्चे वयस्कों से उपयुक्त व्यवहार की नकल करते हैं और जीवन में सफल होने के गुण सीखते हैं।

# प्रियंका का डंका

केरल के वायनाड में प्रियंका गांधी वाड्रा की 4.1 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हुई भारी जीत कांग्रेस पार्टी के लिये एक उत्साहजनक संदेश है। निश्चित रूप से उनके राजनीतिक जीवन और कांग्रेस पार्टी के लिये यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। शायद यह पहली बार है कि संसद में गांधी परिवार के तीन लोग सदस्य हैं। उनसे पहले राज्यसभा में मां सोनिया गांधी और लोकसभा में भाई राहुल गांधी की सक्रिय उपस्थिति बनी हुई है। उनकी इस जीत से निश्चित रूप से संसद में गांधी परिवार के प्रभाव को मजबूती मिलेगी। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि यह आज भी वंशवादी नेतृत्व पर पार्टी की निर्भरता को रेखांकित करता है। निस्संदेह, प्रियंका गांधी अपने आकर्षक व्यक्तित्व व प्रभावी कुशल वक्ता के रूप में पहचान रखती हैं। वह कांग्रेस पार्टी के लिए भविष्य की बड़ी उम्मीद हैं। उनकी उपस्थिति पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करती है। एक ओर जहां राहुल गांधी के नेतृत्व व अभिव्यक्ति को लेकर आलोचना की जाती रही है, मगर प्रियंका गांधी वाड्रा अपने नपे-तुले शब्दों में मुद्दों को तार्किक ढंग से उठाने के लिये भी जानी जाती हैं। उनका यह राजनीतिक कौशल वायनाड में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान बखूबी देखा गया। अपने इसी गुण के चलते वह चुनाव अभियान के दौरान तमाम मतदाताओं, खासकर महिलाओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ने में कामयाब रहीं। लोगों को साथ जोड़ने की यही क्षमता उनकी निर्णायक जीत में खासी मददगार साबित भी हुई। उनके चुनाव अभियान ने कार्यकर्ताओं में नये उत्साह का संचार किया। यही वजह है कि पार्टी के भीतर उनकी सफलता को लेकर खासा जोश भी है। पार्टी के भीतर भी कई लोगों को उम्मीद है कि उनकी इस रिकॉर्ड जीत से कांग्रेस पार्टी संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो सकेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो देश में पार्टी की अपील में आशातीत विस्तार की संभावनाओं को बल मिल सकेगा। फलतः पार्टी को मौजूदा संकट से उबरने में मदद मिलेगी। यह निर्विवाद सत्य है कि राजनीतिक समय की दृष्टि से प्रियंका गांधी वाड्रा की सफलता के खास मायने हैं। उनकी संसद में दस्तक ऐसे समय में हुई जब देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी बेहद चुनौतीपूर्ण स्थितियों का सामना कर रही है। पार्टी को हाल के दिनों में महत्वपूर्ण चुनावी झटकों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं दूसरी ओर हरियाणा में सत्ता की चाबी पार्टी के हाथ से फिसलकर भाजपा की झोली में जा गिरी है। राजनीतिक पंडित इन असफलताओं को पार्टी की घटती प्रासंगिकता के रूप में देखते रहे हैं। साथ ही कहा जाता है कि पार्टी भाजपा की संगठनात्मक ताकत को चुनौती दे पाने में विफल रही है। दूसरे शब्दों में, पार्टी भाजपा के राजनीतिक विमर्श का विकल्प नहीं दे पा रही है। साथ ही यह अहम सवाल भी उठाया जा रहा है कि सक्रिय राजनीति में प्रियंका का उदय क्या संघर्षरत कांग्रेस में नई जान फूंक सकने में कामयाब होगा? दरअसल, वायनाड में उनकी जीत को स्थानीय सफलता के रूप में देखा जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि राष्ट्रीय स्तर पर दमदार उपस्थिति के लिये उन्हें अभी और मेहनत करनी होगी। इस जीत को राष्ट्रीय गति में बदलने के लिये रणनीतिक सुधारों, गठबंधनों और भविष्य के लिये स्पष्ट दृष्टिकोण की जरूरत होगी। अभी यह देखना बाकी है कि क्या भविष्य के लिये वे एक स्पष्ट दृष्टिकोण का लाभ पार्टी का जनाधार विकसित करने के लिये दे पाएंगी। या फिर वह कांग्रेस की वंशवादी राजनीति की निरंतरता के रूप में उभरती हैं। निस्संदेह, जैसे ही वह राष्ट्रीय सुर्खियों में कदम रखेंगी, उन्हें पार्टी में नई प्राणवायु का संचार करने के लिये कठिन चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। उन्हें कालांतर यह भी साबित करना होगा कि कांग्रेस मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में एक व्यवहार्य विकल्प पेश कर सकती है। बहरहाल, प्रियंका गांधी वाड्रा की वायनाड में हुई शानदार जीत से न केवल केरल बल्कि पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई आशा का संचार हुआ है।

# भारतीय आर्थिक दर्शन एवं प्राचीन भारत में आर्थिक विकास

प्रहलाद सबनानी

भारत में वेदों, पुराणों एवं शास्त्रों में यह कहा गया है कि मानव जीवन हमें मोक्ष प्राप्त करने के लिए प्राप्त हुआ है। मोक्ष प्राप्ति के लिए अच्छे कर्मों का करना आवश्यक है। अच्छे कर्म अर्थात हमारे किसी कार्य से किसी पशु-पक्षी, जीव-जंतु को कोई दु:ख नहीं पहुंचे एवं सर्व समाज की भलाई के कार्य करते रहें। अर्थात, इस धरा पर निवास करने वाले प्रत्येक प्राणी का कल्याण हो, मंगल हो। ऐसी कामना भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में की जाती है।

इसी प्रकार, धर्म के महत्व को स्वीकार करते हुए कौटिल्य के अर्थशास्त्र, नारद की नारद स्मृति और याग्वल्य की याग्वल्य स्मृति में कहा गया है कि 'अर्थशास्त्रास्तु बलवत धर्मशास्त्र नीतिस्थिति'। अर्थात, यदि अर्थशास्त्र के सिद्धांत एवं नैतिकता के सिद्धांत के बीच कभी विवाद उत्पन्न हो जाए तो दोनों में से किसे चुनना चाहिए। कौटिल्य, नारद एवं याग्वल्य कहते हैं कि अर्थशास्त्र के सिद्धांतों की तुलना में यानी केवल पैसा कमाने के सिद्धांतों की तुलना में हमको धर्मशास्त्र के सिद्धांत अर्थात नैतिकता, संयम, जिससे समाज का भला होता हो, उसको चुनना चाहिए। कुल मिलाकर अर्थतंत्र धर्म के आधार पर चलना चाहिए। गुनार मृडल जिनको नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ था एवं जिनकी 'एशियन ड्रामा' नामक पुस्तक बहुत मशहूर हुई थी। उन्होंने एक और छोटी किताब लिखी है जिसका नाम है 'अगेन्स्ट द स्ट्रीम'। इस किताब में उन्होंने अर्थशास्त्र को एक नैतिक विज्ञान बताया है। कुछ वर्ष पूर्व अखबारों में एक खबर छपी थी कि विश्व बैंक ने यह जानने के लिए एक अध्ययन प्रारम्भ किया है कि विकास में आध्यात्म की कितनी भूमिका है। इसी प्रकार दुनिया में यह जानने का प्रयास भी किया जा रहा है कि दरिद्रता मिटाने में धर्म की क्या भूमिका हो सकती है।

प्राचीन भारत के वेद-पुराणों में धन अर्जित करने को बुरा नहीं माना गया है। प्राचीन काल में वेदों का एक भाष्यकार हुआ, जिसका नाम यासक था। यासक ने 'निघंटू' नामक ग्रंथ में धन के 28 समानार्थ शब्द बताए हैं और प्रत्येक शब्द का अलग-अलग अर्थ है। दुनिया की किसी पुस्तक अथवा किसी अर्थशास्त्र की किताब में धन के 28 समानार्थ शब्द नहीं मिलते हैं। भारत के शास्त्रों में धन के सम्बंध में उच्च विचार बताए गए हैं। भारत के शास्त्रों ने अर्थ के क्षेत्र को हेय दृष्टि से नहीं देखा है एवं यह भी कभी नहीं कहा है कि धन अर्जन नहीं करना चाहिए, पैसा नहीं कमाना चाहिए, उत्पादन नहीं बढ़ाना चाहिए। बल्कि दरिद्रता एवं गरीबी को पाप बताया गया है। हां, वेदों में यह जरूर कहा गया है कि जो भी धन कमाओ वह शुद्ध होना चाहिए। 'ब्लैक मनी' नहीं होना चाहिए, भ्रष्टाचार करके धन नहीं कमाना चाहिए, स्मगलिंग करके धन नहीं कमाना चाहिए, कानून का उल्लंघन करते हुए धन अर्जन नहीं करना चाहिए, ग्राहक को धोखा देकर धन नहीं कमाना चाहिए। मनु स्मृति में तो मनु महाराज ने कहा है कि सब प्रकार की शुद्धियों में सर्वाधिक महत्व की शुद्धि अर्थ की शुद्धि है। भारतीय शास्त्रों में खूब धन अर्जन करने के बाद इसके उपयोग के सम्बंध में व्याख्या की गई है। अर्जित किए धन को केवल अपने लिए उपभोग करना, उस धन से केवल ऐय्याशी करना, केवल अपने लिए काम में लेना, अपने परिवार के लिए मौज-मस्ती करना आदि को ठीक नहीं माना गया है। अर्जित किए गए धन को समाज के साथ मिल बांटकर, समाज के हितार्थ उपयोग करना चाहिए।



**अर्थ के विभिन्न आयामों को समझने के लिए भारत के प्राचीन काल में अर्थशास्त्र की रचना की गई थी। आचार्य चाणक्य को भारत में अर्थशास्त्र का जनक कहा जाता है। अर्थशास्त्र को परिभाषित करते हुए कहा जाता है कि नागरिकों को संतुष्टि प्रदान करने (वस्तुओं एवं सेवाओं का भारी मात्रा में उत्पादन कर उसकी आसान उपलब्धता कराना) के उद्देश्य से उत्पादन के साधनों (भूमि, श्रम, पूंजी, आदि) का दक्षतापूर्ण वितरण करना ही अर्थशास्त्र है। दुनिया में कोई भी विचारक जब कभी आर्थिक विकास के बारे में सोचता है अथवा इस सम्बंध में कोई योजना बनाने का विचार करता है तो सामान्यतः उसके सामने मुख्य रूप से यह उद्देश्य रहता है कि उस देश का आर्थिक विकास इस तरह से हो कि उस देश के समस्त नागरिकों की आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति बहुत आसानी से होती रहे, वे सम्पन्न बनें एवं खुश रहें। इस प्रकार, नागरिकों में प्रसन्नता का भाव विकसित करने में अर्थ के योगदान को भी आंका गया है। कई बार भारतीय समाज में यह उक्ति भी सुनाई देती है कि भूखे पेट ना भजन हो गोपाला अर्थात यदि देश के नागरिकों की भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति ही नहीं होगी तो अध्यात्मवाद की ओर वे किस प्रकार मुड़ेंगे।**

भारत के प्राचीन ग्रंथों में जीवन के उद्देश्य को पुरुषार्थ से जोड़ते हुआ यह कहा गया है कि धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष, इन चारों बातों पर विचार करके मनुष्य को सुखी करने के सम्बंध में विचार किया जाना चाहिए। इसी विचार के चलते भारत के मनीषियों द्वारा अर्थ और काम को नकारा नहीं गया है। कई बार भारत के बारे में वैश्विक स्तर पर इस प्रकार की भ्रांतियां फैलाने का प्रयास किया जाता रहा है कि भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में तो अर्थ और काम को नकार दिया गया है। प्राचीन काल में भी ऐसा कतई नहीं हुआ है। अगर, ऐसा हुआ होता तो भारत सोने की चिड़िया कैसे बनता? हां, भारत के प्राचीन शास्त्रों में यह जरूर कहा गया है कि अर्थ और काम को बेलगाम नहीं छोड़ना चाहिए। अर्थ और काम को मर्यादा में ही रहना चाहिए। धन अर्जित करने पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है परंतु यह धर्म का पालन करते हुए कमाना चाहिए। अर्थात, अर्थ को धर्म के साथ जोड़ दिया गया है। इसी प्रकार काम को भी धर्म के साथ जोड़ा गया है। उपभोग यदि धर्म सम्मत और मर्यादित होगा तो इस धरा का दोहन भी सीमा के अंदर ही रहेगा। अतः कुल मिलाकर अर्थशास्त्र में भी नैतिकता का पालन होना चाहिए। प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र एवं वर्तमान अर्थशास्त्र में यह भी एक बहुत बड़ा अंतर है। आजकल कहा जाता है कि नीति का अर्थशास्त्र से कोई लेना-देना नहीं है। जबकि वस्तुतः ऐसी कोई भी अर्थव्यवस्था, अर्थतंत्र और विकास का कोई भी तंत्र जिसमें नैतिकता को स्वीकार न किया जाय वह चल नहीं सकती और वह समाज का भला नहीं कर सकती।

अर्थ को प्रदान किए गए महत्व के चलते ही प्राचीनकाल में भारत में दूध की नदियां बहती थीं, भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था, भारत का आध्यात्मिक, धार्मिक, सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से पूरे विश्व में बोलबाला था। भारत के ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिक बहुत सम्पन्न हुआ करते थे। कृषि उत्पादकता की दृष्टि से भी भारत का पूरे विश्व में डंका बजता था तथा खाद्य सामग्री एवं कपड़े आदि उत्पादों का निर्यात भारत से पूरे विश्व को होता था। भारत के नागरिकों में देश प्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी रहती थी तथा उस खंडकाल में भारत का वैभव काल चल रहा था, जिसके चलते ग्रामीण इलाकों में नागरिक आपस में भाईचारे के साथ रहते थे एवं आपस में सहयोग करते थे। केवल 'मैं' ही तरक्की करूं इस प्रकार की भावना का सर्वथा अभाव था एवं 'हम' सभी मिलकर आगे बढ़ें, इस भावना के साथ ग्रामीण इलाकों में नागरिक प्रसन्नता के साथ अपने अपने कार्य में व्यस्त एवं मस्त रहते थे।

प्राचीन काल में भारत में भव्यता के स्थान पर दिव्यता को अधिक महत्व दिया जाता रहा है। भव्यता का प्रयोग सामान्यतः स्वयं के विकास के लिए किया जाता है। जबकि दिव्यता का उपयोग समाज के विकास में आपकी भूमिका को आंकने के पश्चात किया जाता है। भव्यता दिखावा है, भव्यता प्रदर्शन है, अतः केवल भव्यता के कारण किसी का जीवन ऊंचाईयों को नहीं छू सकता है, इसके लिए दिव्यता होनी चाहिए, अर्थात समाज की भलाई के लिए अधिक से अधिक कार्य करना होता है।

अर्थ को धर्म से जोड़ने के साथ ही, प्रकृति के संरक्षण की बात भी भारतीय पुराणों में मुखर रूप से कही गई है। भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति के अनुसार नदियों, पहाड़ों, जंगलों, जीव-जंतुओं में भी देवताओं का वास है, ऐसा माना जाता है। इसीलिए यह कहा गया है कि इस पृथ्वी पर उपलब्ध संसाधनों का दोहन करें, शोषण नहीं करें। सर जगदीश चंद्र बसु ने एक परीक्षण किया और इस परीक्षण के माध्यम से यह सिद्ध किया कि पेड़-पौधों में भी वैसी ही संवेदना होती है जैसी मनुष्यों में होती है। जिस प्रकार मनुष्य रोता-हंसता, प्रसन्न और नाराज होता है, इसी प्रकार की संवेदनाएं पेड़-पौधों में भी पाई जाती है। सर जगदीश चंद्र बसु ने वैज्ञानिक तरीके से जब यह सिद्ध किया तो दुनिया में तहलका मच गया। जबकि भारतीय शास्त्रों में इन बातों का वर्णन सदियों पूर्व ही मिलता है। जब इन तथ्यों को वैज्ञानिक आधार दिया गया तो अब पूरी दुनिया भारत के इन प्राचीन विचारों के साथ खड़ी नजर आती है।

भारतीय मनीषियों ने इसीलिए यह बार-बार कहा है कि पेड़-पौधों की रक्षा करें, इन्हें काटें नहीं। क्योंकि, इससे पर्यावरण की रक्षा तो होती ही है, पेड़-पौधों के रूप में एक प्रकार से किसी प्राणी की हत्या करने से भी बचा जा सकता है। भारतीय संस्कृति में यह भावना रही है कि व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास हो एवं उसे पूर्ण सुख की प्राप्ति हो। इसलिए, उक्त उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए ही देश में सामाजिक एवं आर्थिक रचना होनी चाहिए। प्राचीन भारत में इसी नाते व्यक्ति को मान्यता देने के साथ-साथ परिवार को भी मान्यता दी गई है। परिवार को समाज में न्यूनतम इकाई माना गया है। व्यक्तियों से परिवार, परिवारों से समाज, समाज से देश और देशों से विश्व बनता है। अतः कुटुंब को भारतीय समाज में अत्यधिक महत्व दिया गया है।

भारतीय शास्त्रों में कुल मिलाकर यह वर्णन मिलता है कि प्राचीन भारत के लगभग प्रत्येक परिवार में गाय के रूप में पर्याप्त मात्रा में पशुधन उपलब्ध रहता था जिससे प्रत्येक परिवार की आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति बहुत आसानी से हो जाती थी। गाय के गोबर एवं गौमूत्र से देसी खाद का निर्माण किया जाता था, जिसे कृषि कार्यों में उपयोग किया जाता था एवं गाय के दूध को घर में उपयोग करने के बाद इससे दही, घी एवं मक्खन आदि पदार्थों का निर्माण कर इसे बाजार में बेच भी दिया जाता था। इसी प्रकार गौमूत्र से कुछ आयुर्वेदिक दवाइयों का निर्माण भी किया जाता था। अतः कुल मिलाकर परिवार एवं समाज में किसी भी प्रकार की गतिविधि सम्पन्न करने के लिए अर्थ की आवश्यकता महसूस होती है।

अर्थ के विभिन्न आयामों को समझने के लिए भारत के प्राचीन काल में अर्थशास्त्र की रचना की गई थी। आचार्य चाणक्य को भारत में अर्थशास्त्र का जनक कहा जाता है। अर्थशास्त्र को परिभाषित करते हुए कहा जाता है कि नागरिकों को संतुष्टि प्रदान करने (वस्तुओं एवं सेवाओं का भारी मात्रा में उत्पादन कर उसकी आसान उपलब्धता कराना) के उद्देश्य से उत्पादन के साधनों (भूमि, श्रम, पूंजी, आदि) का दक्षतापूर्ण वितरण करना ही अर्थशास्त्र है।

दुनिया में कोई भी विचारक जब कभी आर्थिक विकास के बारे में सोचता है अथवा इस सम्बंध में कोई योजना बनाने का विचार करता है तो सामान्यतः उसके सामने मुख्य रूप से यह उद्देश्य रहता है कि उस देश का आर्थिक विकास इस तरह से हो कि उस देश के समस्त नागरिकों की आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति बहुत आसानी से होती रहे, वे सम्पन्न बनें एवं खुश रहें। इस प्रकार, नागरिकों में प्रसन्नता का भाव विकसित करने में अर्थ के योगदान को भी आंका गया है। कई बार भारतीय समाज में यह उक्ति भी सुनाई देती है कि भूखे पेट ना भजन हो गोपाला अर्थात यदि देश के नागरिकों की भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति ही नहीं होगी तो अध्यात्मवाद की ओर वे किस प्रकार मुड़ेंगे। आचार्य चाणक्य जी ने भी कहा है कि धर्म के बिना अर्थ नहीं टिकता, अर्थात धर्म एवं अर्थ का आपस में सम्बंध है।


**(लेखक, आर्थिक मामलों के विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं।)**

## विचार

# भारत की पहली लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल

*डॉ. सत्यवान सौरभ*

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 12 नवंबर 2024 को अपनी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया। पहली उड़ान ओडिशा के तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से एक मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से हुई। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, बेंगलुरु द्वारा अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ विकसित, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल आधुनिक सैन्य शस्त्रागार में अत्यंत महत्वपूर्ण है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल को मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल का उपयोग करता है, जो इसके परिचालन लचीलेपन को और बढ़ाता है। इसे मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह मिसाइल की बहुमुखी प्रतिभा और सटीकता को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न गति और ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए जटिल युद्धाभ्यास करने में भी सक्षम है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल अत्याधुनिक एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस है जो इसे और विश्वसनीयता बनाता है। ये मिसाइलें आमतौर पर सबसोनिक होती हैं और इलाके से सटे उड़ान पथों का अनुसरण कर सकती हैं, जिससे उनका पता लगाना और उसे रोकना मुश्किल हो जाता है, इस प्रकार दुश्मन की सुरक्षा भेदने में इससे रणनीतिक लाभ मिलता है। इसे बेंगलुरु में डीआरडीओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान द्वारा विकसित किया गया है, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों



के बीच सहयोग का परिणाम है। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने पहले एलआरएलएसीएम को एक मिशन मोड प्रोजेक्ट के रूप में मंजूरी दी थी, जिसे स्वीकृति की आवश्यकता (एओएन) प्रक्रिया के तहत मंजूरी दी गई थी। मिसाइल के सफल परीक्षण को भारत की रक्षा क्षमताओं को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर माना जाता है, विशेष रूप से लंबी दूरी के सटीक हमलों के क्षेत्र में।

लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल के अन्य उदाहरणों में यूएस टॉमहॉक और रूस की कैलिबर शामिल हैं, दोनों ही सटीक, लंबी दूरी के हमलों में अपने उपयोग के लिए जाने जाते हैं। बेंगलुरु में डीआरडीओ के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (ADE) द्वारा विकसित, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल पूरी तरह से स्वदेशी परियोजना है। कुछ सेंसर और एक्सेलेरोमीटर को छोड़कर मिसाइल के सभी घटक स्थानीय रूप से सोर्स किए गए हैं। हैदराबाद में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL) और बेंगलुरु में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) ने मिसाइल के एकीकरण और तैनाती में योगदान देते हुए विकास-सह-उत्पादन भागीदारों के रूप में सहयोग किया है। जमीन-आधारित और नौसैनिक तैनाती दोनों के लिए डिज़ाइन की गई, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल को यूनिवर्सल वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल (VLM) का उपयोग करके मोबाइल ग्राउंड प्लेटफ़ॉर्म और जहाजों से लॉन्च किया जा सकता है, यह एक सिस्टम है जिसे ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा पेटेंट किया गया है और यह पहले से ही 30 भारतीय नौसेना के जहाजों पर चालू है।

यह मिसाइल रक्षा अधिग्रहण परिषद द्वारा स्वीकृत मिशन मोड प्रोजेक्ट है जो स्वीकृति की आवश्यकता (AoN) के तहत है, जो इसके रणनीतिक महत्त्व पर ज़ोर देता है। 1, 000 किलोमीटर से अधिक की योजनाबद्ध सीमा के साथ, यह मिसाइल भारतीय सशस्त्र बलों, विशेष रूप से नौसेना को अपनी समुद्री-स्किमिंग क्षमताओं के साथ महत्त्वपूर्ण ताकत देगी। मिसाइल के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए लगभग 20 अतिरिक्त परीक्षण उड़ानों की योजना बनाई गई है, जिसमें स्वदेशी रेडियो-फ्रीक्वेंसी सीकर के माध्यम से टर्मिनल होमिंग भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार, डीआरडीओ द्वारा मिसाइल के परीक्षण पूरे होने के बाद, भारतीय नौसेना लगभग 5,000 करोड़ रुपये की क़ीमत की लगभग 200 लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का ऑर्डर दे सकती है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल रक्षा अधिग्रहण परिषद द्वारा अनुमोदित, एओएन द्वारा स्वीकृत मिशन मोड परियोजना है, जिसके सेवा में प्रवेश के लिए एक निर्धारित समय-सीमा है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## साहित्य




# बखरी-बिखरी जज्बातों का एक ठिकाना हो


**उज्जवल कुमार**

बिखरी-बिखरी जज्बातों का एक ठिकाना हो
तुम अपनी हो बाकी चाहे खफ़ा जमाना हो

तुम समेटना मेरे इन उलझे जज्बातों को
नूर से अपने रौशन करना मेरी रातों को
तुम में डूबे रहने का कोई एक बहाना हो
तुम अपनी हो बाकी चाहे खफ़ा जमाना हो

फिर मैं न गीत लिखूँगा बस तुमको गाऊँगा
गज़ल तुम्हारी याद वाली तुमको सुनाऊँगा
रब करे दोनों का कभी एक तराना हो
तुम अपनी हो बाकी चाहे खफ़ा जमाना हो





# राशिफल

**मेषः-** परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निरर्थक हीनभाव रखना एवं प्रगतिशील लोगों से ईर्ष्याभाव रखना ठीक नहीं है।

**बृषभः-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी आएगी। भौतिकता से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा।

**मिथुनः-** परिजनों एवं मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। मांगलिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे।

**कर्कः-** कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। कर्त्तव्य एवं जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**सिंहः-** मन खराब विचारों से प्रभावित रहेगा। अतः उपरोक्त स्वभाव को सुधारें। नई स्थितियों से प्रतिभा का संचार होगा। रोजगार में अपनी कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**कन्याः-** वाणी पर नियंत्रण रखते हुए संबंधों को मधुर बनाने की चेष्ठा करें। आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा। पूर्वत स्थिति में सुधार एवं आर्थिक लाभ के आसार हैं।

**तुलाः-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं मकसद को सफल करेंगी। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। किसी नई संवेदना का असर किसी नये रिश्ते को जन्म देगा। मन लक्ष्य के प्रति केंद्रित होने में असमर्थ होगा।

**धनुः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाइयों का अभास होगा। संवेदनशील मन पुरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओतप्रोत होगा। पारिवारिक दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा।

**मकरः-** किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा। कमजोर मनोबलवश लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**कुंभः-** परिवार में खुशीप्रद वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोधों का हल ढूंढने हेतु मन केंद्रित होगा। कोई अच्छा अवसर मन को खुश रखेगा।

**मीनः-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। ईश्वरीय आस्था हर स्थिति पर विजय प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

# खिलाड़ियों को नौकरी नहीं, तो वजीफा दो

*भूपिंद्र सिंह*

सरकारें प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सीधा वजीफा क्यों नहीं दे सकती हैं? हिमाचल प्रदेश के कुछ एथलीट हैं जो 2026 की एशियाई खेलों में देश के लिए खेल कर पदक दे सकते हैं। उनमें सावन और दिनेश सेना व सीमा भी राष्ट्रीय कैंप में रह कर राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। दूसरी तरफ कुछ उभरते हुए जूनियर एथलीट हैं, जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले सत्र गोहाटी में आयोजित खेलो इंडिया अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स में राजकीय महाविद्यालय मंडी की धाविका कुसुम ठाकुर ने सौ मीटर की फर्राटा दौड़ में रजत व दो सौ मीटर में स्वर्ण पदक जीत कर हिमाचल का नाम रोशन किया है। हमीरपुर के सरकारी महाविद्यालय की धाविका प्रिय ठाकुर ने चार सौ मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीता है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की चार गुणा चार सौ मीटर दौड़ में भी लड़कियों ने कांस्य पदक जीता है। इस वर्ष पंजाब विश्वविद्यालय की एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हमीरपुर की मनीषा ठाकुर ने चार सौ मीटर की दौड़ को 53.1 सेकेंड में दौड़ कर स्वर्ण पदक जीता है। तेज गति की दौड़ों में हिमाचल के खिलाडियों का प्रदर्शन पहले कमजोर ही रहा है। यह अलग बात है कि पुष्पा ठाकुर ने जरूर इस मिथक को तोड़ कर भविष्य के एथलीटों को राह दिखाई है। मानव शरीर ईश्वर द्वारा बनाई गई बहुत ही अद्भुत मशीन है। इसे चलाने के लिए भी ईंधन की जरूरत होती है। मानव शरीर के ऊर्जा चक्र को समझने के लिए हमें एटीपी से लेकर सीपीए लैक्टिक एसिड, शरीर से ऑक्सीजन की उधारी व सांस द्वारा ऑक्सीजन का फेफड़ों में पहुंच कर खून के साथ मिलकर फिर सैल का पहुंच कर शरीर को गतिशील बनाए रखने का गहन अध्ययन जरूरी है।

सौ से लेकर चार सौ मीटर की दौड़ों को तेज गति में गिना जाता है। गति ही सभी स्पर्धाओं व खेलों की जीत का मूल मंत्र है। यह खिलाड़ी में जन्मजात होती है। प्रशिक्षण द्वारा भी इसमें बहुत ही कम एक उम्र तक विकास होता है। ओलंपिक खेलों में विभिन्न खेलों की कई स्पर्धाएं आयोजित होती हैं, मगर एथलेटिक्स का आकर्षण सबसे अधिक होता है। ओलंपिक में जो धावक सौ मीटर की दौड़ में विजेता बनता है, वह पृथ्वी का तीव्रतम इनसान बनता है।

सौ मीटर की दौड़ का अद्भुत रोमांच होता है। हिमाचल प्रदेश में तेज गति के बहुत कम धावक व धाविकाएं आज तक सामने आए हैं। सौ मीटर से लेकर चार सौ मीटर की स्पर्धाओं को स्परिंट यानी तेज गति की दौड़ों में रखा है। इन स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जहां जन्मजात स्पीड




चाहिए होती है, वहीं पर बहुत अधिक स्पीड, इंडोरैंस व स्ट्रैंथ ट्रेनिंग की जरूरत होती है। जहां उच्च कोटि का प्रोटीन आम आदमी को असानी से उपलब्ध होता है, वहीं के लोगों में अच्छी स्पीड जन्म से ही होती है। स्पीड को बहुत छोटी उम्र से ही विकसित करना पड़ता है। इसलिए स्पीड पर प्रशिक्षण दस वर्ष से भी कम आयु में शुरू करना पड़ता है।

अगले पांच सालों में स्पीड अपने उच्च स्तर तक विकसित हो जाती है। यह भी कहा जाता है कि स्परिंटर पैदा होते हैं, बनाए नहीं जाते। भारत के अधिकतर स्परिंटर समुद्र तट से संबंध रखते हैं। मछली इन लोगों का मुख्य आहार है। मछली में अच्छी गुणवत्ता का प्रोटीन मिलता है। उत्तर भारत में शाकाहारी अधिक हैं, मगर गेहूं, दूध व उससे बने पदार्थों में भी अच्छी क्वालिटी का प्रोटीन मिलता है। यह भी कारण है कि पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भी समय-समय पर अच्छे स्परिंटर मिलते रहते हैं। हिमाचल प्रदेश से वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पुष्पा ठाकुर ही एकमात्र धाविका है, जो हिमाचल प्रदेश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 400 मीटर में पदक विजेता है। एशिया व ओलंपिक खेलों के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों तक पहुंचने वाली इस धाविका के बाद अभी तक कोई भी पुरुष या महिला हिमाचल प्रदेश के लिए वरिष्ठ राष्ट्रीय स्तर पदक जीत नहीं पाया है। भविष्य में उभरते हुए कुसुम, प्रिय व मनीषा आदि तेज गति के एथलीट हैं जिनको वजीफे की बहुत जरूरत है। इनके पास नौकरी नहीं है। सामान्य परिवारों से इनका संबंध है, जो इतना खर्च नहीं कर सकते हैं। लंबी दूरी की दौड़ों में हिमाचल का इतिहास अच्छा रहा है। सुमन रावत 1982 एशियाड में तीन हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर अर्जुन अवार्डी है। स्वर्गीय कमलेश व अमन सैनी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। हाल ही में आयोजित अखिल भारतीय अतंर राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सीमा ने पांच व दस मीटर की दौड़ों में रजत पदक जीते हैं। इस चैंपियनशिप में ही सेना में नौकरी कर रहे कांगड़ा के अंकेश ने आठ सौ मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीता है। सीमा, सावन, दिनेश व अंकेश आज राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इन सब एथलीटों को, जो हिमाचल से पलायन कर गए हैं, हिमाचल सरकार सम्मानजनक नौकरी दे तथा इन सभी एथलीटों को 2026 खेलों तक वजीफा भी दे। इस स्तर पर अपना अभ्यास जारी रखने के लिए महीने में पचास हजार रुपए चाहिए होते हैं। जो नौकरी में हैं, वो तो बहुत कठिनाई से अपने वेतन से कुछ न कुछ जुगाड़ कर लेते हैं, मगर जो विद्यार्थी व बेरोजगार हैं, वे कैसे अपना अभ्यास जारी रखें, यह हिमाचल सरकार को सोचना होगा। क्या प्रदेश सरकार कुछ उपकार इन प्रतिभाशाली एथलीटों पर करेगी, ताकि वे फ्री माइंड होकर अपना प्रशिक्षण जारी रख सकें। खिलाड़ी बनाए नहीं जाते हैं, वे जन्म से ही अलग होते हैं। लाखों बच्चों में कोई एक प्रतिभाशाली एथलीट मिलता है। समाज व सरकार का दायित्व है कि वे भविष्य में देश को गौरव दिलाने वाले अति प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को गोद ले।

**लेखक अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक हैं।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# डीएम की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

- सीएम डैश बोर्ड की विभिन्न योजनाओं की प्रगति को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में विकास कार्यों के संबंध में सी.एम. डैश बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न परियोजनाओं में प्रगति की जानकारी ली। इसी प्रकार ए श्रेणी, बी श्रेणी और सी व डी श्रेणी में शामिल परियोजनाओं की स्तिथि देखी। जिलाधिकारी ने उक्त प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि डाटा फीडिंग में कोई त्रुटि न हो अथवा कोई डेटा पोर्टल पर छूटने न पाए, जिससे जनपद की रैंकिंग पर विपरीत प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि जिन विभागों का डाटा अब तक पोर्टल पर फीड नहीं हुआ है, सुनिश्चित करें कि निर्धारित समय तक डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण हो जाए। उन्होंने बी, सी, डी और ई ग्रेड बाली परियोजनाओं में सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए और कहा कि विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवेदनो को लंबित न रखें और समय अंतर्गत निस्तारण करें। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रामनगर निर्माण कार्य की कार्यदायी संस्था को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द बाउंड्री वॉल का कार्य पूर्ण कराया जाए। कार्यदायी संस्था ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय पनवाड़ी, चरखारी, कबरई, जैतपुर का कार्य 90फीसद पूर्ण कर लिया गया है। नवीन जिला कारागार निर्माण कार्य को 65 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है मार्च 2025 तक इस काम को पूरा कर लिया जाएगा। वृद्ध गौशाला संरक्षण केंद्र सौरा एवं टीकामऊ के निर्माण कार्य को दिसम्बर माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। चरखारी नगर पुनर्गठन पेयजल योजना में 81फीसद काम को पूरा कर लिया गया है, जून 2025 तक इस काम को पूर्ण कर लिया जाएगा। पुलिस आवास परियोजना में लिफ्ट का काम बाकी है, इस जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को जल्द काम पूर्ण करने के निर्देश दिए।और कहा कि गोरखगिरी पर्वत में चल रहे निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि कबरई कुन्हेटा मार्ग चौड़ीकरण एवम् सुदृढ़ीकरण कार्य को माह दिसंबर 2024 तक पूर्ण कर लिया जाए। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम, डी.एस.टी.ओ. मुकेश कुमार सहित सम्बंधित विभागों के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दारोगा के साथ मारपीट करने पर भेजा जेल

**राठ(हमीरपुर)।** बुधवार को सड़क पर बाइक रोककर युवक ने दरोगा के साथ मारपीट कर दी थी। दरोगा ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जनपद बहराइच के रायपुर राजा मक्का पुरवा निवासी विनेश गौतम ने बताया कि वह राठ कोतवाली में उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। बुधवार को वह दरोगा रोहित साहू व कांस्टेबल अभिषेक राजपूत के साथ सरकारी कार्य से जा रहे थे। जैसे ही वह बीएनवी स्कूल के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे हर्ष प्रताप पुत्र राज बहादुर निवासी बाराखंबा ने उसकी बाइक रोक ली और बिना किसी वजह से गाली गलौज कर मारपीट कर दी। जब दरोगा रोहित साहू व कांस्टेबल अभिषेक राजपूत ने बीच.बचाव किया तो हर्ष जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। बताया कि मारपीट से उसके चेहरे व होंठ पर चोटें आई हैं। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामला दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया गया है।

# हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार न करने पर परिजनों ने काटा हंगामा, पुलिस को सुनायी खरी-खोटी

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के एक गांव में युवक की हत्या के खुलासे के मामले में शुक्रवार को कोतवाली पहुंचे दो दर्जन से अधिक ग्रामीण व परिजनों ने घटना के खुलासे में असंतोष जताते हुए अन्य आरोपियों को जेल भेजने की मांग की है। इसी दौरान पुलिस और शिकायतकर्ताओं में जमकर नोकझोंक हो गई और थाने के बाहर काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा जहां सैकड़ों लोगों का जमावड़ा लग गया। बीती 24 नवंबर को सुबह बिंवार थाना क्षेत्र के चकदहा अंतर्गत लरौंद मोड़ के पास रोड के किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव मिला था शव की पहचान जगन्नाथ कुशवाहा निवासी ग्राम चकदहा थाना मौदहा के रूप में हुई थी। पुलिस ने राहुल यादव हत्यारोपी को जेल भेज दिया था तो वहीं शुक्रवार को दर्जनों ग्रामीणों और परिजन महिलाओं ने थाने पहुंचकर पुलिस पर घूसखोरी के गंभीर आरोप लगाते हुए उनके द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर कार्यवाही न किये जाने और घटना का फर्जी खुलासे के आरोप लगाते हुए परिजनों ने कोतवाली परिसर में जमकर हंगामा काटा। शिकायत करने पहुंचे ग्रामीणों की समस्या को सुनने के लिए, जब कोतवाली प्रभारी परिसर में बैठकर उनकी समस्या सुन रहे थे तभी ग्रामीणों द्वारा वीडियो बनाया जाने लगा जिससे प्रभारी ने नाराजगी व्यक्त की उसके बाद ग्रामीण व परिजन भड़क गए और उठकर जाने लगे और पुलिस पर घूस लेकर कार्रवाई करने का आरोप लगाया तभी पुलिस द्वारा जब उन्हें पकड़ने का प्रयास किया गया तो वह सब परिजन थाने का बाहर पहुंच कर हंगामा काटा मृतक की पत्नी जय देवी ने बताया की उसके पति की हत्या में शामिल चार व्यक्तियों में पुलिस ने राहुल यादव का चालान किया है जबकि हत्या में शामिल देशराज विनोद बोधन व प्रधान प्रतिनिधि विष्णु शिवहरे खुलेआम घूम रहे है और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। वहीं कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया की घटना की पूरी तरह से जांच पड़ताल कर मामले का खुलासा किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### 'अवैध वसूली न करने की दी सख्त हिदायत'



**राठ(हमीरपुर)।** शुक्रवार को उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने सब्जी विक्रेताओं के साथ बैठक में तुलाई के नाम पर अवैध वसूली न करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने कहा कि किसानों को बिचौलिए से बचाया जाए। किसान से वार्ता कर सुनिश्चित किया जाए कि रोड से हटकर बिक्री करे। जिससे जाम की स्थिति से निजात मिल सके। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए तथा सब्जी मंडी को किस तरह नवीन सब्जी मंडी में स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि उरई रोड पर जो सब्जी मंडी सड़क पर लगी है, उसे तत्काल हटाया जाए। इस मौके पर मंडी सचिव राजेश वर्मा सहित सब्जी व फल अध्यक्ष रशीद राइन सहित सब्जी व फल व्यापारी मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ की शिकायत पुलिस से

**राठ(हमीरपुर)।** जरिया थाने के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि 21 नवंबर की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे वह घर में अकेली थी। स्वजन बाहर गए थे। तभी गांव का रामपाल पुत्र लक्ष्मीराम घर पर आया और चाचा को पूछने लगा। जब उसने कहा कि सभी काम से बाहर गए हैं। बताया कि अकेला देखकर रामपाल उसके पास आया और अश्लील हरकतें कर छेड़छाड़ करने लगा। बताया कि वह किसी तरह वहां से बाहर भागी। तभी वह बाहर आया और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने जरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### नर्स के पति ने साथियों के साथ मिलकर नर्स पर धारदार हथियार से किया हमला

**राठ(हमीरपुर)।** दूध लेकर घर लौट रही नर्स को पति ने अपने दो साथियों के साथ आकर धारदार हथियार से हमला कर मरणासन्न अवस्था में छोड़ कर भाग गए। मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जरिया थाने के उमरिया गांव निवासी गुड्डों ने बताया कि राठ निवासी कृष्णा पुत्री मंगल अनुरागी शादी 15 वर्ष पहले महोबा जनपद के खल्ला गांव निवासी अजय अनुरागी के साथ हुई थी। तीन साल से महोबा न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। एक वर्ष से उसकी बहन अंबे पैलेस पठानपुरा मोहल्ले में रह रही हैं। वह नौरंगा सीएचसी में नर्स के पद पर कार्यरत हैं। गुरुवार की शाम उसकी बहन मोहल्ले में दूध लेने गई थी। तभी उसका पति अजय अपने दो साथियों के साथ वहां आया और उसकी बहन के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया और मरणासन्न अवस्था में छोड़ कर भाग गया। डॉ दयाशंकर वर्मा ने बताया कि महिला के दाहिने गाल हाथ और उंगलियों में गंभीर चोटें आईं हैं। हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। जानकारी कर जांच की जाएगी।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई कर सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया ।पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### क्वार्टर फाइनल में अजहर अकादमी चरखारी ने भोपाल को एक तरफा मुकाबले में 4-1 से हराया

**चरखारी(महोबा)।** 80 वें अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड हाकी टूर्नामेन्ट के पांचवें दिन क्वार्टर फाईनल मैच में अजहर अकादमी चरखारी ने भोपाल को एक तरफा मुकाबले में 4-1 से और दूसर मुकाबले में झांसी विजयी रहा। सेमी फाइनल मैच आज डाक बंगला मैदान में खेले जाएंगे। चरखारी में मेला सहस्त्र श्री स्वामी गोवर्धन्नाथ जू महाराज के उपलब्ध्य में चल रहे अखिल भारतीय हाकी टूर्नामेंट के पांचवे दिन क्वार्टर फाईनल में स्थान बनाने के लिए चार टीमों का मुकाबला हुआ जिसमें पहला मैच स्थानीय टीम अजहर अकादमी और भोपाल के बीच खेला गया। मैच में मेजबान चरखारी के युवा खिलाड़ियों को जोहर एक बार फिर देखने को मिला और भोपाल की मजबूत टीम मेजबान टीम के सामने बोनी साबित होती नजर आयी। खेल के दोनों ही हाफ में चरखारी की टीम ने अपना जोहर दिखाया जिसमें खेल शुरू होते ही चरखारी के संजय ने फील्ड गोल करते हुए बढ़त बनायी। पहले हाफ के 21वें मिनट में चरखारी को पैनाल्टी कार्नर मिला जिसे गोल में तब्दील करने में ओम ने चूक नहीं की और 2-0 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में राशिद हुसैन ने फील्ड गोल किया लेकिन 51वे मिनट में भोपाल के कासिफ ने एक गोल करते हुए बढ़त को कम किया लेकिन आखिरी क्षण में भोपाल के गोलकीपर द्वारा गेंद को गलत तरीके से दबाने पर रैफरी फीरोज दाद ने स्ट्रोक दिया जिसे चरखारी के शफकत हुसैन ने गोल कर दिया और अपनी टीम को 4-1 से जीत दिलाई। मैदान में स्थानीय टीम की जीत का जश्न देखने लायक रहा तथा दर्शकों ने चहेते खिलाड़ियों को जमकर इनाम भी दिया। सेमी फाइनल में स्थान बनाने के लिए हुआ दूसरा मैच एलबीएम झांसी और हास्टल झांसी के बीच खेला गया। खेल शुरू होते ही एलबीएम झांसी के सुशील ने फील्ड गोल कर दिया। एक गोल से पिछड़ती हास्टल टीम ने काउण्टर अटैक जारी किए और पूरी तरह से एलबीएम के ऊपर हावी हो गयी जिसमें एक के बाद एक हमले करने का लाभ हास्टल को मिला और खेल के तीसरे मिनट में आशीष ने गोल दागते हुए अपनी टीम को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया और जैसे ही दोनों टीमों के बीच बराबरी हुई वैसे ही मैदानी आक्रमण के साथ ही दर्शकों का रोमांच सातवे आसमान पर पहुंच गया। 17 वें मिनट में हास्टल के राघवेन्द्र ने फिर बढ़त बना लेकिन आखिरी क्षण में एवीएम के अतुल ने गोल दागते हुए बराबरी कर ली। मैच के निर्णय के लिए पैनाल्टी शूट आउट कराया गया द्य जिसमें हास्टल ने एलवीएम को 3-2 से हराते हुए सेमीफाईनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाईनल मैच शनिवार को केनरा बैंक बैंगलुरू गंगापुर बिहार अजहर एकाडमी चरखारी और हास्टल झांसी के बीच खेला जाएगा।

## डाक्टरों के साक्षात्कार के एक माह बाद भी कोई निर्णय न होने पर-

# जिलाधिकारी ने भर्ती प्रक्रिया की रद्द

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- सोलह डाक्टरों व दो डेंटल डाक्टरों की होनी थी भर्ती

एक माह के बाद भी संविदा चिकित्सकों के साक्षात्कार का परिणाम स्पष्ट होने पर डीएम ने भर्ती को निरस्त कर फिर से साक्षात्कार की तिथि निश्चित की है। भर्ती निरस्त होने से डाक्टरों में रोष देखा जा रहा है। साक्षात्कार की तिथि अब ग्यारह दिसम्बर निश्चित की गयी है।

जानकारी के मुताबिक जिले में सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों की कमी के चलते 16 एमबीबीएस व दो डेंटल डाक्टरों की संविदा में भर्ती होनी थी इसके लिये 22 अक्टूबर को सीएमओ कार्यालय में डाक्रटरो का साक्षात्कार हुआ था। शासन से साक्षात्कार के लिये समिति का गठन किया गया था जिसमे जिलाधिकारी अध्यक्ष व सदस्य में सीएमओ, सीएमएस व डिप्टी सीएमओ को समिति में रखा गया था जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रुप में सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला को नियुक्त किया गया था। बताया जाता है कि सभी डाक्टरों को अस्पताल में इमरजेंसी मेडिकल आफीसर (इएमओ) के पद में भर्ती किया जाना था दूरदराज से आकर डाक्टरो ने साक्षात्कार में भाग लिया था। सोलह डाक्टरों की जगह में ही केवल सोलह डिग्रीधारक डाक्टर ही साक्षात्कार देने आये थे जब कि डेंटल डाक्टरों की जगह केवल दो थी जिमसे साक्षात्कार में कई डेंटल डाक्टरों ने साक्षात्कार में भाग लिया था। साक्षात्कार के बाद सीडीओ जो जिलाधिकारी के प्रतिनिथि पद पर नियुक्त थे उनको अंतिम फैसला करना था। एक माह से ज्यादा समय व्यतीत होने के बाद भी सीडीओ ने साक्षात्कार के फाइल में हस्ताक्षर नहीं बनाये जिससे भर्ती फाइनल नहीं हो पायी लिहाजा डीएम घनश्याम मीना ने भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह रद्द कर दिया है, जिलाधिकारी ने कहा है कि वह स्वयं ही साक्षात्कार में उपस्थित रहेंगे। ताकि दोवारा कोई विलंब न होने पाये और पारदर्शिता बनी रहे। साक्षात्कार की तिथि अब ग्यारह दिसम्बर निश्चित की गयी है।

इस मामले में सीएमओ डा गीतम सिंह का कहना है कि भर्ती निरस्त कर दी गयी है दोवारा भर्ती निकाली गयी है। इस मामले को लेकर तरह तरह की अटकले लगायी जा रही है। यदि सोलह डाक्टरों की भर्ती शीघ्र हो जाती तो हर अस्पताल में डाक्टरों की कमी को पूरा किया जा सकता था सबसे ज्यादा समस्या दो जिला अस्पताल में है जहा पर डाक्टरों की बहुत कमी है।

# आयुष्मान कार्ड से गर्भाशय की सर्जरी करने की अनुमति देने से नोडल अधिकारी ने किया इंकार

- कहा, कार्ड का किया जा रहा है दुरुपयोग, मामला राठ के ब्रजरानी हास्पिटल का

**हमीरपुर।** ब्रजरानी हास्पिटल द्वारा आयुष्मान कार्ड से एक साथ कई महिलाओं की गर्भाशय की सर्जरी करने व स्पष्ट उल्लेख न होने के कारण आयुष्मान कार्ड के नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमओ ने सर्जरी करने की अनुमति देने से साफ इंकार कर दिया है। उन्होने रिपोर्ट में सभी पांच महिलाओं की अल्ट्रासाउन्ड रिपोर्ट देने को कहा है। वही सरकारी अस्पताल के डाक्टरों द्वारा महिलाओं के गर्भाशय निकालने की सर्जरी को सरकारी महिला अस्पताल के बजाय प्रायवेट अस्पताल को रिफर करने पर डाक्टरों पर आशंका जाहिर की है।

जानकारी के मुताबिक आयुष्मान कार्ड द्वारा पांच लाख की सुविधा के चलते डिप्टी सीएमओ व कार्ड के नोडल अधिकारी डा.संजय कुमार ने कार्ड के दुरुपयोग की आशंका जाहिर की है। राठ स्थित ब्रजरानी हास्पिटल के संचालिका द्वारा अक्सर कई कई महिलाओं के गर्भाशय निकालने की सर्जरी की अनुमति मांगती रहती है। जबकि नियमानुसार एक महिला की सर्जरी होने के बाद ही दूसरी महिला की सर्जरी की अनुमति मांगनी चाहिये,अस्पताल प्रबंधन ने सीएमओ को भेजे गये पत्र में राठ व महोवा क्षेत्र की पांच महिलाओं के गर्भशाय सर्जरी करने के लिये आयुष्मान कार्ड के नोडल अधिकारी व सीएमओ से अनुमति मांगी है, नोडल अधिकारी का तर्क है कि ब्रजरानी हास्पिटल के पिछले साल इतनी बडी तादाद में आपरेशन करने पर लखनऊ की जांच टीम आयी थी इसके कुछ दिन बाद आपरेशन कार्य बंद रहा है। इधर फिर चालू हो गया है इतनी बडी संख्या में गर्भाशय की सर्जरी करने से संदेह उत्पन्न हो गया है। नोडल अधिकारी ने अनुमति देने से साफ इंकार कर दिया है। उनका कहना है कि यहजांच का मामला है उनका तर्क है कि अस्पताल में कोई डाक्टर बाहर से आकर आपरेशन करता है जो नियमविरुद्ध है इसकी जांच पड़ताल की जायेगी। सरकारी अस्पताल के डाक्टरों द्वारा नियमानुसार महिला अस्पताल को रिफर करना चाहिये प्रायवेट अस्पताल के लिये रिफर करना गाइड लाइन के विपरीत है इस मामले की जानकारी डिप्टी सीएमओ डा.संजय कुमार ने सीएमओ डा.गीतम सिंह को दे दी है। मामला चर्चा का विषय बनाहुआ है।

### डिलेवरी के दौरान नवजात का हाथ टूटने की जांच शुरू

**हमीरपुर। सुमेरपुर** स्थित पीएचसी पंधरी में डिलेवरी के दौरान एनएम की लापरवाही से बच्चे का हाथ तोड देने के मामले की जांच डीएम के आदेश से शुरु हो गयी है, जांच डिप्टी सीएमओ द्वारा की जा रही है। पंधरीगांव की महिला गुड़िया पत्नी सूरजपाल ने जिलाधिकारी घनश्याम मीना को बताया कि उसकी डिलेवरी 13 नवम्बर को हुई थी श्यामादेवी एनएम ने उससे पच्चीस सौ रुपये की मांग की न देने पर उसने उसके नवजात पुत्र की लापरवाही के चलते हाथ टूट गया है। जिसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। डीएम ने मामले की जांच सीएमओ को सौंपी है। सीएमओ ने जांच डिप्टी सीएमओ डा. संजय कुमार को सौंप दी है।

## पत्नी से विवाद के बाद पति ने गुस्से में आकर खुद को लगाई आग, मौके पर हुई मौत

**महोबा।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना उस समय सामने आई जब पत्नी से विवाद के बाद पति ने गुस्से में आकर खुद को आग लगा ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई युवक की मौत हो जाने से उसके परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कबरई थाना क्षेत्र के अलीपुरा गांव निवासी मृतक मुकेश का अपनी पत्नी से किसी बात पर विवाद हो गया था। बताया जा रहा है कि जब वह शराब के नशे में घर पहुंचा, तो उसकी पत्नी ने दरवाजा खोलने से इनकार कर दिया। इस बात से गुस्साए मुकेश ने गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर अचानक खुद को आग के हवाले कर दिया पत्नी से विवाद होने के चलते उसने यह कदम उठाया था। मुकेश के पिता और आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मुकेश की जलकर मौके पर ही मौत हो गई घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस का कहना कहा है कि परिवार से जो भी तहरीर प्राप्त होगी उसके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## गेस्ट हाउस से जेवरों से भरा बैग चोरी, हड़कंम

- पुलिस सीसी कैमरे के सहारे खगाल रही है चोरी का सुरग, पतारा के एक गेस्ट हाउस का है मामला

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार की रात कस्बा पतारा के एक गेस्ट हाउस से जेवरों से भरा बैग चोरी हो गया, बैग मे 5 लाख के जेवर होने की बात पिता ने पुलिस को बताया है, दुल्हन की जेवर वाला बैग चोरी होने हड़कंप मच गया उधर पुलिस गेस्ट हाउस में लगे सीसी कैमरो के सहारे बैग चोरी का राज पास करने में जुटी है, बताया जाता है कि कस्बा घाटमपुर के अशोक नगर दक्षिनी निवासी इंद्र बहादुर के बेटे की बरात पतारा के एक गेस्ट हाउस में गयी थी, लडके के पिता इंद्र बहादुर ने बताया की रात्रि को जब लोग गेस्ट हाउस में नाश्ता पानी कर रहे थे तभी उनके कमरे में एक युवक आया और बोला की अगवानी के लिए आपको बुलाया जा रहा है इसके बाद उसने कमरे में ताला बंद किया और चला आया, और जब लौट कर आया तो देखा कि कि कमरे का ताला टूटा पड़ा है और जेवरों से भरा बैग गायब है घटना के बाद बैग चोरी होने की सूचना पुलिह डायल 112 के जरिये पुलिस को सूचना दी गई , सूचना पाकर चौकी इंचार्ज पतारा व थाने का। पुलिस बल मौके पर पहुचा और चोरो की तलाश मे जुट गयी लेकिन चोरो का पता नही चला है। रसम अदायगी तक सीमित रह गयी। शादी घाटमपुर गेस्ट हाउस से दुल्हन की जेवरों वाला बैग चोरी होने के बाद रसम अदायगी के साथ शादी हुई, उधर इंद्र नारायण ने गेस्ट हाउस से जेवरों वाला बैग चोरी होने के मामले में संचालकों पर लापरवाही का आरोप लगाये है।

# वीरभूमि महाविद्यालय में उद्यमिता कार्यशाला संपन्न

- एमएसएमई विकास कार्यालय कानपुर के तत्वावधान में संपन्न हुई कार्यशाला

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में एमएसएमई विकास कार्यालय कानपुर के तत्वाधान में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम हेतु युवाओं को स्वरोजगार हेतु कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ शुरू हुई उद्यमिता में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी हीरालाल ने जिला खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा प्रदत्त सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ प्रबंधक ऋण आर्यावर्त ग्रामीण बैंक प्रशांत कुशवाहा में बैंक में रोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराने की विस्तार से जानकारी दी साथ ही उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास महेश कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की उपस्थित जन सामान्य एवं छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक निदेशक एमएसएमई अमित बाजपेई ने विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की महाविद्यालय में यह कार्यक्रम आइक्यूएसी के तत्वावधान में संपन्न हुआ जिसमें आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ प्रदीप कुमार ने तथा कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ एल सी अनुरागी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अरविंद कुमार डॉ डीके खरे, डॉ एस एस राजपूत डॉ अनवर आलम डॉ सोवित गुप्ता, डॉ शक्ति सक्सेना, शैलेश कुमार तिवारी सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्रा में उपस्थित रहे।

# जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रबंध करते हुये सुरक्षा-व्यवस्था का लिया जायजा

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जुमे की नमाज के मद्देनजर सभी मस्जिदों एवं जनपद के विभिन्न इन्ट्री प्वाइंट्स एवं सीमावर्ती बैरियर चेक प्वाइंट्स में पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का प्रबन्ध पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में किया गया। जिसके तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्जिदों में जनपदीय पुलिस के उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई, साथ ही जनपद के इन्ट्री प्वाइंट एवं सीमावर्ती बैरियर चेक प्वाइंट्स पर जनपदीय पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिससे जनपद में किसी भी असामाजिक व्यक्ति के प्रवेश को रोका जा सके। जनपदीय पुलिस अधिकारी क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहते हुए सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से संवाद कर शांति व सद्भाव बनाए रखते हुये किसी भी सूचना पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा किये गये समुचित पुलिस प्रबन्ध, जनपदीय पुलिस की चुस्ती व मुस्तैदी से जनपद में अमन चैन के साथ जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया गया। उल्लेखनीय है कि जनपदीय पुलिस मीडिया सेल टीम द्वारा भी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट व वीडियो बयान जारी करने, साजिश रचने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है द्य जिससे ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराई जा सके। पुलिस जनपद में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है ।

## अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटा, नीचे दबकर किसान और चालक की मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



खंन्ना थाना क्षेत्र के तमोरा गांव के समीप ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर घर लौट रहे दो किसान सड़क हादसे का शिकार हो गए। अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर के नीचे दबकर दोनों किसानों की दर्दनाक मौत हो गई। दर्दनाक हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। तो वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है।

खंन्ना थाना क्षेत्र के तमोरा गांव में रहने वाले जगदीश तिवारी और सुखदेव ट्रैक्टर पर सवार होकर खेत गए हुए थे। खेत की जुताई के बाद ट्रैक्टर में सवार होकर घर की ओर आ रहे थे। तभी नाले के पास चढ़ाई के दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें सुखदेव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 58 वर्षीय जगदीश तिवारी की इलाज के दौरान मौत हो गई है। दो किसानों की मौत से गांव में मातम पसर गया है, तो वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है ।

# कक्षा आठ की छात्रा बनीं एक दिन की बीएसए

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



मिशन शक्ति को बढावा देने तथा छात्राओ को प्रोत्साहित करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोबा राहुल मिश्रा द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चरखारी मे अध्ययनरत कक्षा आठ की छात्रा रामकुमारी को एक दिन का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोबा के द्वारा रामकुमारी का बुके देकर कार्यालय मे स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारी व मीडिया के लोग उपस्थित रहे। रामकुमारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा कार्यालय परिसर व उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया। अनिल कुमार द्विवेदी वरिष्ठ लिपिक के उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर न होने पर चेतावनी दी कि भविष्य मे इस प्रकार की गलती न हो। साथ ही सभी कर्मचारियो को समय से कार्यालय में उपस्थित होने व अपने-2 पटल से संबंधित पत्रावलियों को समय से निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। रामकुमारी के द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी कबरई के कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय मे साफ सफाई मे कभी पाये जाने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अवनीश यादव को सफाई के निर्देश दिये गये। साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारियो का परिचय व उनके कार्य दायित्व की जानकारी ली गई। रामकुमारी ने विद्यालय में कार्यरत अध्यापको को समय से विद्यालय में आने व शिक्षण कार्य में रुचि लेने, एमडीएम गुणवत्ता युक्त बनवाने, साथ ही निर्देशित किया कि भोजन के दौरान कोई भी बच्चा जमीन पर न बैठे, उनके बैठने के लिये टाट-पट्टी की व्यवस्था की जाये। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई रखने व विद्यालय में उत्कृष्ठ छात्रों को बढ़ावा देने हेतु निर्देशित किया। एक दिन की वीएसए बनी रामकुमारी ने मन की बात साझा करते हुये कहा कि बच्चों के खेलने-कूदने के लिये समय निर्धारित किया जाये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा ने बताया कि इससे समाज मे मिशन शक्ति को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही छात्राओ को प्रेरणा मिलेगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोबा ने अन्त मे एक दिन की बनी बीएसए रामकुमारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महादेवा मेले का शुभारंभ

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



लोधेश्वर महादेवा के प्रसिद्ध शिव धाम में शुक्रवार को जिलाधिकारी ने परंपरागत तरीके से वैदिक मंत्रोचार के बीच विश्व कल्याण द्वारा पर फीता काटकर अगहनी मेले का उद्घाटन किया।डी एम सतेन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने ततपश्चात भूत भावन भोलेनाथ के मंदिर में दल के साथ पहुंचकर पूजन अर्चन एवं जलाभिषेक कर मानव समाज के कल्याण की कामना की।उन्होंने संयुक्त रुप से सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर सात दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का रंगारंग श्री गणेश किया।जिलाधिकारी ने पंडाल में उपस्थित क्षेत्रीय जन प्रति निधियो गणमान्य नागरिको को संबोधित करते हुये कहा कि लोधेश्वर धाम जिले का गौरव है हम सब का दायित्व है कि धाम के विकास में सहयोग करें।प्रदेश सरकार महादेव के धाम को काशी विश्वनाथ धाम की तर्ज पर कारिडोर के रुप मे भव्य और दिव्य बनाये जाने की ओर अग्रसर है।जिलाधिकारी ने स्मारिका का विमोचन कर विभिन्न विभागों की ओर से लगाये गये पंडालो का अवलोकन किया।रामनगर पीजी कॉलेज व कांति महाविद्यालय की छात्राओं ने रंगोली लोगों में आकर्षण का केन्द्र रही।महादेवा महोत्सव इस बार शिवोहम की थीम पर हो रहा है।गर्भगृह को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज समूचा मंदिर परिसर गूंज रहा था।इस मौके पर पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी शिव करन सिंह ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी चेयरमैन राम शरण पाठक सी ओ सौरभ श्रीवास्तव तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह कोतवाल अजय त्रिपाठी ई ओ अशोक कुमार खरवार सी ओ सौरभ श्रीवास्तव बी डी ओ जितेन्द्र कुमार देवेंद्र कुमार पीजी कॉलेज से प्राचार्य प्रोफेसर कौशलेंद्र विक्रम मिश्र अ.प्रो.डॉ संजय तिवारी तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव प्रकाश अवस्थी महामंत्री सुरेश त्रिपाठी पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी पवन ओझा छेदी सिंह कवि मनोज मिश्रा समाजसेवी शीतला बख्श सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी और क्षेत्रीय गणमान्य उपस्थित रहे।

### लोधेश्वर महादेवा के पांडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



लोधेश्वर महादेवा के सांस्कृतिक पंडाल में रंगारंग महोत्सव की शुरुआत सुगम संगीत प्रभात के निदेशक प्रताप नारायण दीक्षित की टीम के बीस कलाकारों की ओर से गणेश वंदना गणपति गजानन विनायक से हुई इसके बाद प्रशांत बाल विद्या मंदिर की छात्रों ने मां सरस्वती की मनमोहक वंदना प्रस्तुत कर सात दिवसीय रंगारंग महोत्सव का आगाज कर दिया।जिलाधिकारी के निर्देशन में एस डी एम पवन कुमार और तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह के प्रयास प्रभावी रूप से अगहनी मेले के पुन: विकास में असर कारक दिखाई पड़ रहे थे।जिसकी चर्चा आम जनमानस में चर्चा का विषय थी।महादेवा के संस्कृतिक पंडाल की पहली शाम प्रसिद्ध भजन गायिका स्वाती मिश्रा के नाम रही।

## सूचना अधिकारी ने केजीबीवी सूरतगंज का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, सूरतगंज का शुक्रवार को जिला सूचना अधिकारी आरती वर्मा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अध्ययनरत छात्राओं की उपस्थिति, क्लासरूम, शौचालय, रसोई घर और मीना मंच कक्ष को देखा। उन्होंने वार्डन को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्राओं की रजिस्टर पर प्रतिदिन उपस्थिति अंकित की जाए। जो छात्राएं अनुपस्थित है उनके परिजनों से बात करके उनकी शतप्रतिशत उपस्थिति कैम्पस में सुनिश्चित कराई जाए। परिसर में पर्याप्त साफ सफाई रखी जाए। इसके साथ ही उन्होंने रसोईघर में जाकर बच्चों को प्रतिदिन दिए जाने वाले मेन्यू को देखा और स्टोर रूम में रखे राशन और मसाले इत्यादि की जांच की।निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्लासरूम में जाकर बच्चों से बात की और उन्हें प्रेरित भी किया। इस मौके पर वार्डन कमलेश मौर्या सहित शिक्षिका आशा मिश्रा, निशा मिश्रा, अनामिका सिंह, वंदना भार्गव, अर्चना देवी, अर्चना वर्मा आदि मौजूद रही।

## खबरें एक नजर में

### पत्रकार को पितृ शोक, असामयिक निधन से शोक की लहर



**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।** हैदरगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश मौर्य के 85 वर्षीय पिता भगौती प्रसाद मौर्य का बृहस्पतिवार की देर रात घर पर पर असामायिक निधन हो गया। वो इधर पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे, जिनका इलाज लखनऊ के एक अस्पताल से चल रहा था। 85 वर्षीय असामायिक निधन की खबर जैसे ही आम हुई पत्रकारों के साथ क्षेत्र के तमाम लोगों ने शोकाकुल परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति ईश्वर से प्रार्थना की। शुक्रवार दोपहर को अवसानेश्वर घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। कस्बा हैदरगढ़ ब्रम्हनान वार्ड निवासी वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश मौर्य के 85 वर्षीय पिता भगौती प्रसाद मौर्य इधर पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे, बृहस्पतिवार को अचानक उनकी तबीयत खराब हुई। परिजन स्थानीय सीएचसी लेकर गए जहाँ पर डॉक्टरों ने हालात में सुधार होने के चलते घर भेज दिया था। लेकिन आज देर रात भगौती प्रसाद मौर्य का घर पर अचानक निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की खबर जैसे ही लोगों को शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। 85 वर्षीय श्री मोर के निधन पर पत्रकारों के साथ राजनीतिक दिग्गजों एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में संभ्रांत लोगों ने आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शुक्रवार की दोपहर को उनका अंतिम संस्कार अवसानेश्वर घाट पर कर दिया गया। इस दौरान पर भाजपा नेता पंडित सिद्धार्थ अवस्थी, सामाजिक कार्यकर्ता पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया, पंकज मिश्रा, समाजसेवी दीपू तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार एसपी सिंह, हरिशंकर शर्मा, सत्यदेव साहू, बृजेश मिश्रा, मकरंद सिंह, आशीष अवस्थी, नृपेंद्र तिवारी, रामानंद कनौजिया, सुधीर शर्मा, दुखहरन यादव, इदरीश, राजकुमार सिंह, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सियाराम यादव, गुड्डू मिश्रा, सभासद शिवा वर्मा सहित सहित अन्य पत्रकारों के अलावा हजारों की संख्या में पहुंचे संभ्रांत लोगों ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

अंत्येष्टि में शामिल हुए हजारो लोग, दी श्रद्धांजलि

### उधार के बीस रुपये मांगने पर दबंग ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** उधार के बीस रुपए की मांग करने पर नाराज़ होकर लोगों ने एक यूवक को जमकर मारा पीटा, जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाना जैदपुर में की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के नवाबपुर का है। जहां अमर सिंह पुत्र नौमीलाल ने शिकायत करते हुये थाना जैदपुर में बताया कि गांव के धर्मेन्द्र की पत्नी नी किसी जरूरत के लिये बीस रुपए उधार मांगें थे।इसी बात को लेकर शाम छे बजे आजाद ,नैना,ने गंदी गंदी गालियां देते हुये लात घूसों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी है।और धर्मेंद्र की बहन किसी केस में फंसाने की बात कह रही है। जबकि जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### सड़क के बीचोबीच बना गड्ढा हादसे को दे रहा दावत



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सडक के बीचोबीच बना टूटा नाला हादसे को दे रहा दावत स्थानीय लोगों ने पुलिस बैरिकेटिंग से गड्ढे को ढका। भानमऊ सिद्दौर मार्ग पर बना नाला टूटने से अवगम हो रहा अवरोधित करीब एक माह पहले ही हुई थी मरम्मत। बताते चले कि पूरा मामला नगर पंचायत जैदपुर कस्बे का है जहां पर मार्ग पर पानी टंकी के निकट बाईपास पर सडक के बीचोबीच बना नाला टूट जाने से मार्ग अवरोधित हो रहा है लेकिन जिम्मेदार सिर्फ खाना पूर्ति कर चले जाते हैँ स्थानीय लोगों की माने तो छोटे–बड़े हजारों वाहनों का रोजाना इस मार्ग से आना–जाना रहता हैँ कभी–कभी तो नाला टूटा होने से रास्ता न मिल पाने की वजह से लम्बा जाम भी लग जाता है जिससे वाहन चालकों को तो भारी समस्याओं का सामना करना ही पड़ता है साथ ही स्थानीय लोगों को भी दिक्क़ते होती है आसपास के लोग बताते हैँ की अगर ठेकेदार के द्वारा सही से कार्य कराया गया होता तो दोबारा यह स्थित नहीं होती लेकिन जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठें हैँ करीब एक माह पहले इसी जगह पर टूटे नाले का मरम्मत कार्य कराया गया था लेकिन एक माह भी नहीं हुआ स्थिति जैसी की तैसी बनी हुई है। वहीं इस सम्बन्ध मे नगर पंचायत जैदपुर के ईओ आलोक वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया मामला संज्ञान मे आया है ठेकेदार को निर्देशित किया गया है जल्द ही इस कार्य को कराकर मार्ग को सुधिर्ण कराया जाएगा फिलहाल देखने वाली बात है कि राहगीरों को कब रहत मिलती है या फिर से सिर्फ खानापूर्ति कर मामले को रफादफा कर दिया जायेगा।

### ग्राम चौपाल लगाकर सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र की दो ग्राम पंचायत के पँचायत भवनों में ग्राम चौपाल का आयोजन शुक्रवार को किया गया।ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम के आयोजन पर ग्रामीणों की ब्लाक व ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियो के द्वारा जन समस्याएं सुनी गई।ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने संबधित विभाग के अधिकारियो से अपनी मूलभूत समस्याओं तथा मांग के संबंध में शिकायते दर्ज कराई।सरकार जनता के द्वार गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के तत्वावधान में आयोजित ग्राम पंचायत सदेवां के ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर के सभागार कक्ष में ग्राम चौपाल का आयोजन किया। यहां चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान पूनम ने किया । किंतूर ग्राम पंचायत में सुएबा की अध्यक्षता में हुई जिसमें एडीओ पंचायत शम्भू नाथ पाठक सचिव सुरेश यादव ने जन समस्याएं सुनी।ग्राम चौपाल के माध्यम से सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई।दोनो ग्राम पंचायतों में प्रधान मंत्री आवास,शौचालय,विभिन्न पेंशन,नाली निर्माण,किसान सम्मान निधि,परिवार रजिस्टर नकल से संबंधित कुल 6 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस मौके पर एडीओ पंचायत शम्भू नाथ पाठक ने कहा कि आप सभी ग्रामवासी घर घर बने शौचालय का प्रयोग करे।स्वच्छता को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। किंतूर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अकरम अंसारी सहित दर्जनों लोग इसउपस्थित रहे।

## 130 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज दरियाबाद बाराबंकी में वैवाहिक कार्यकम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 130 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम सतीश चन्द्र शर्मा, राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आकाश पाण्डेय अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत दरियाबाद, रत्नेश सिंह अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत पूरेडलई तथा जगदीश प्रसाद गुप्ता अध्यक्ष नगर पंचायत टिकैतनगर उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कमलाकान्त द्विवेदी चेयरमैन गन्ना समिति, मुलायम सिंह यादव मण्डल अध्यक्ष भाजपा, पवन वर्मा महामंत्री भाजपा, जवाहर लाल पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सुषमा वर्मा जिला समाज कल्याण अधिकारी, समस्त सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, विभिन्न समाचार पत्रों तथा चैनलों के पत्रकार बन्धु, विभिन्न ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### खोया मोबाइल लक्ष्मी को पुलिस ने लौटाया तो चेहरे पर झलकी खुशी



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम सोनपुर निवासी लक्ष्मी बीती 28 अक्टूबर को गांव से जालौन आ रहे थे। जब वह साहव मोड़ के पास पहुंचे तो उनका मोबाइल रास्ते में कहीं गिर गया। जिसकी सूचना उन्होंने कोतवाली में दी थी। मोबाइल स्वामी की सूचना पर पुलिस मोबाइल की तलाश कर रही थी। कोतवाली में तैनात एसएसआई गौरव मिश्रा व कप्यूटर ऑपरेटर आनंद सचान के सहयोग से पुलिस ने मोबाइल को ट्रेस किया। जिसमें पुलिस को मोबाइल की लोकेशन आंध्र प्रदेश राज्य में मिली। पुलिस ने मोबाइल को बरामद कर उसे उसके स्वामी को लौटा दिया। जिसे पाकर मोबाइल स्वामी का चेहरा खिल उठा।

## फार्मर रजिस्ट्री को लेकर प्रशिक्षित किये गए राजस्व कर्मी

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



तहसील के पारिजात सभागार में फार्मर रजिस्ट्री को लेकर तहसीलदार की अध्यक्षता में एलसीडी के माध्यम से एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है।

शुक्रवार को तहसील के पारिजात सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री को लेकर एक ऐप पर किसान से संबंधित सभी बायोडाटा अपलोड किया जाएगा। एक क्लिक करने पर दिखने लगेगा। इसके लिए 30 नवंबर से लेकर 31 दिसंबर तक अलग-अलग दिनों में हल्का लेखपाल रोजगार सेवक के अतिरिक्त पंचायत सहायक तथा कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ कैंप लगाकर लोगों को उनके आधार कार्ड से खतौनी जोड़ने का काम किया जाएगा। ग्रामीणों के मोबाइल पर ओटीपी आएगी जिसे उसे बताना होगा। इस ऐप के एक्टिवेट होने के बाद मिलने वाली सभी योजनाओं के अतिरिक्त किसान सम्मन निधि तथा खसरा और बैंकों में बंधक होने वाली भूमि जैसे महत्वपूर्ण सभी बिंदु खुलकर सामने आ जाएंगे। नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडे ने बताया कि मोबाइल पर पहुंचने वाली ओटीपी को ग्रामीण बताने में आनाकानी करेंगे। जिसे अपने हिसाब से उन्हें मैनेज करना है। आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई है।

इस मौके पर हल्का लेखपालों के अतिरिक्त रोजगार सेवक पंचायत सहायक तथा कृषि विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## 53 वर्ष बाद पूर्व सैनिक की पत्नी को पेंशन सुविधा कराई बहाल

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



जनपद के ग्राम मल्थुवा के रहने वाले भूतपूर्व सैनिक स्वर्गीय दशरथ सिंह जो कि भारतीय सेना में सिपाही के पद पर थे एवं वर्ष 1964 में सेवानिवृत हो गए थे। उनकी पेंशन भारत सरकार ने अयोग्य घोषित करते हुए वर्ष 1970 से बंद कर दी थी। वर्ष 2010 में लंबी बीमारी के कारण उनकी मृत्यु हो चुकी है। श्रीमती सियाबती जो कि भूतपूर्व सैनिक स्वर्गीय दशरथ सिंह की पत्नी हैं, उन्होंने वर्ष 2021 में पेंशन दुबारा शुरू करने के लिए जनपद के जिल्ला सैनिक कल्याण कार्यालय उरई जालौन से संपर्क किया।

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के निरंतर प्रयास से 53 साल के बाद श्रीमती सियाबती पत्नी भूतपूर्व सैनिक स्वर्गीय दशरथ सिंह की पेंशन पुराने बकाया के साथ नवंबर 2024 से मिलने लगी है। जिला सैनिक एवं कल्याण अधिकारी कमांडर नयन सिंह रावत (सेवानिवृत्त)ने बताया कि पेंशनर का थोड़ा बहुत पैसा अभी भी रुका हुआ है लेकिन भरोसा दिया की इस खामी को भी अतिशीघ्र दूर कर लिया जायेगा। जिला सैनिक एवं कल्याण अधिकारी ने अपने कार्यालय के कल्याण कार्यकर्ता हवालदार सीता सरन (सेवानिवृत) एवं पूर्व जिला सैनिक बंधु कमिटी के उपाध्यक्ष आनरेरी कैप्टेन गंगाराम पाल (सेवानिवृत) की सराहना करते हुए कहा कि इन दोनों के अथक प्रयास से आज एक भूतपर्व सैनिक की वीरांगना को उनके पेंशन का हक दिलाया। उन्होंने बताया कि हम इस जिले में लगातार ऐसे मुद्दों की पहचान कर रहे हैं और उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता पर हल करने का प्रयास कर रहे हैं।

## एएसपी ने जुमे की नमाज के दौरान नगर में किया पैदल भ्रमण

मस्जिदों के आसपास की निगरानी के लिये डटे रहे पुलिस जवान

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



संभल की घटना के बाद अजमेर शरीफ दरगाह पर आए निचली अदालत के आदेश को लेकर प्रशासन सतर्क है। शुक्रवार को एएसपी के नेतृत्व में एसडीएम, सीओ ने पुलिस फोर्स के साथ नगर की सड़कों पर पैदल मार्च किया इस दौरान मस्जिदों के आसपास भी निगरानी की गई।

संभल में हुई घटना के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसके साथ ही अजमेर शरीफ दरगाह पर निचली अदालत में जो याचिका स्वीकार की गई है उस पर भी प्रशासन की नजर है। इसी को लेकर शुक्रवार को नगर में जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर तैयार दिखा। जिसमें एएसपी प्रदीप कुमार वर्मा, एसडीएम विनय मौर्य, सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेयी व कोतवाल वीरेंद्र कुमार ने पुलिस के साथ नगर की सड़कों पर पैदल मार्च निकाला। इसके बाद पुलिस टीम नगर की प्रमुख तकिया मस्जिद पर पहुंची। जहां टीम ने धर्मगुरुओं से बातचीत की और नगर की गंगा जमुनी संस्कृति पर चर्चा की।

इस दौरान शहर काजी मौलाना साबिर ने भी युवाओं से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अफ्वाह के चक्कर में न आएं और न ही स्वयं किसी भी प्रकार की कोई अफ्वाह फैलाएं। नासमझी में कोई भी ऐसा कदम न उठाएं जिससे शांति व्यवस्था को खतरा हो। इस दौरान नगर में सभी स्थानों पर शांतिपूर्ण ढंग से जुमे की नमाज अदा की गई। बाद में एएसपी ने कोतवाली पहुंचकर नगर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ व कोतवाल जानकारी ली और तैयारियों पर विचार किया। अधिकारियों ने नगरवासियों को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। कहा कि अगर कहीं कोई दिक्कत हो तो तुरंत पुलिस व प्रशासन को बताएं और उनकी मदद ले। नगर के माहौल को अगर किसी ने खराब करने का प्रयास तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, एसआई रमेश सिंह, गौरव मिश्रा, अमर सिंह, ओंमकार सिंह आदि मौजूद रहे।

### संभल हिंसा के बाद जुमे की नमाज दौरान प्रशासन रहा चौकन्ना



**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** संभल हिंसा को लेकर नगर में अलर्ट रहा और जुमे की नमाज भी कड़ी सुरक्षा के बीच अता की गई। यही कारण रहा कि स्थानीय प्रशासन जुमे की नमाज के दौरान पूरी तरह से चौकन्ना रहा और जिन मस्जिदों में जुमे की नमाज पढ़ने वालों की संख्या अधिक रहती है वहां पर पुलिस मुस्तैद रही। विदित हो कि गत दिनों प्रदेश के संभल नगर में बबाल हो गया था जिसमें कई लोगों की जान भी चली गई थी और तभी से पूरे प्रदेश में साम्प्रदायिक माहौल को लेकर प्रशासन सतर्क है और पुलिस संवेदनशील क्षेत्रों में नजर रख रही है और इसी के चलते शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान प्रशासन बेहद सतर्क रहा। एसडीएम सुशील कुमार सिंह, सीओ समीर सिंह की अगुआई में नमाज के पहले भारी पुलिस बल के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में मार्च किया तथा लोगों से साम्प्रदायिक माहौल अच्छा बनाए रखने की अपील भी की। इसके बाद भी नमाज के दौरान नगर के मुन्ना फुलपावर चौराहा पर बडी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा और जुमे की नमाज शान्तिपूर्ण सम्पन्न हो जाने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## लेखपाल व कानूनगो की कार्य प्रणाली से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**धुरियापार/उरुवा/गोरखपुर।**

राजस्व निरीक्षक द्वारा स्पाट मेमो पर हस्ताक्षर कराकर उसे आम सहमति पत्र बताये जाने पर अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं ग्रामीण



गोला तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धुरियापार के ग्रामीण अपने हलके के लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक की कार्य प्रणाली को लेकर शुक्रवार को श्री चतुर्भुजी नाथ मंदिर धुरियापार पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रापर्टी डीलर के प्रभाव में राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल ने पैमाइश की फर्जी रिपोर्ट बनायी है।

ग्रामीणों ने उपरोक्त फर्जी रिपोर्ट बनाने वालों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

बताया जाता है कि धुरियापार में स्थित ऐतिहासिक चतुर्भुजी नाथ मंदिर वर्तमान में अतिक्रमण का शिकार है। वर्ष 1987 में उक्त मंदिर में स्थित चतुर्भुजी नाथ की ऐतिहासिकएवं पुरातात्विक मूर्ति की चोरी हो जाने पर यह मंदिर सुर्खियों में आया था। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर के अगल-बगल की भूमि जो मंदिर के खाते में दर्ज है तथा कुछ सरकारी जमीन भी है उसको कुछ प्रॉपर्टी डीलर अवैध तरीके से अपने प्रभाव एवं धनबल के सहारे जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं । 2/9/2024 को ग्राम प्रधान आफरीन शाही के पैड पर ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त एक प्रार्थना पत्र अपर आयुक्त प्रशासन गोरखपुर मंडल गोरखपुर को ग्रामीणों ने सौंपा।

अपर आयुक्त प्रशासन गोरखपुर ने प्रकरण की स्थलीय/ अभिलेखिय जांच कराकर निस्तारण करने के लिए उप जिलाधिकारी गोला को निर्देशित किया। जिस क्रम में राजस्व कर्मियों की एक टीम ने पुलिस अभिरक्षा में 14 नवंबर को आबादी डीह भूमि में स्थित मंदिर के जमीन का पैमाईश किया। जिसका स्पाट मेमो तैयार कर लेखपाल द्वारा ग्रामीणों से हस्ताक्षर कराया गया । जिसमें ग्राम वासियों की मौजूदगी में राजस्व कर्मियों द्वारा बताया गया कि मंदिर की चहारदीवारी से पूर्व 8 फीट 12 कड़ी मंदिर की भूमि है। जिसका मौके पर मौजूद कई ग्रामीणों ने वीडियो भी बनाया है। परंतु अवैध कब्जेदार द्वारा भूमि खाली न करने के कारण कोई सहमति नहीं बन पाई थी। परंतु लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में मंदिर के अतिक्रमण की पैमाईश की कहीं चर्चा तक नहीं की गई है। रिपोर्ट में प्रॉपर्टी डीलर बिस्मिल्लाह के प्रार्थना पत्र जिस पर कोई तारीख तक नहीं लिखा गया है कि कब का प्रार्थना पत्र दिया गया है । प्रॉपर्टी डीलर के उक्त प्रार्थना पत्र पर पैमाइश किए जाने की बात लिखी गई है। जिसमें मंदिर के चहार दिवारी के बाद 8 फीट 12 कड़ी के स्थान पर मात्र 8 फीट जमीन दिखाकर मंदिर के जमीन में 12 फीट रास्ता निकाल दिया गया है और ग्रामीणों के स्पाट मेमो को आम सहमति दिखा दी गयी है।

जब इस विषय में राजस्व निरीक्षक रमेश पांडे से बात की गई तो उन्होंने बताया उक्त पैमाइश हाफिज बिस्मिल्लाह पुत्र सदरूद्दीन निवासी समय भीटी, तप्पा खुटहन तहसील गोला के प्रार्थना पत्र पर हुई है। जब इस विषय में पूछा गया कि ग्राम प्रधान आफरीन शाही के पैड पर लिखे गए प्रार्थना पत्र पर अपर आयुक्त प्रशासन गोरखपुर द्वारा उप जिलाधिकारी गोला को अभिलेखिय एवं स्थलीय जांच कर निस्तारण करने के निर्देश पर पैमाइश के विषय में ग्राम वासियों को राजस्व कर्मियों द्वारा बताया गया है। इस पर राजस्व निरीक्षक ने कहा कि प्रधान झूठ बोल रहे हैं उन्होंने किसी को कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया है।

### साइंस मेले में हाइड्रो पावर प्लांट मॉडल को मिला दूसरा स्थान




**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** झांसी में आयोजित हुए मंडल स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला में आईटीआई उरई में अध्ययनरत नगर के छात्र व उसके साथियों द्वारा हाइड्रो पावर प्लांट के मॉडल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। नगर के लोगों ने छात्र को बधाइयां दीं और उसके उज्वल भविष्य की कामना की। पिछले दिनों राजकीय इंटर कॉलेज झांसी में मंडल स्तर पर युवा उत्सव एवं साइंस मेला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने साइंस आधारित मॉडलों का प्रदर्शन किया। इस साइंस मेला में आईटीआई उरई में नगर के मोहल्ला फर्द्नवीस निवासी धर्मेंद्र सोनी के बेटे आदित्य सोनी व उनके साथी ध्रुव कुमार साहू, मनोज, महक गौतम, नित्या द्विवेदी ने मिलकर इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के अनुदेशक अजय कुमार निरंजन की निगरानी में हाइड्रो पावर प्लांट (जल विद्युत संयंत्र) का चलित मॉडल प्रस्तुत किया। आदित्य सोनी ने बताया कि इस मॉडल के माध्यम से थर्मल प्लांट में बिजली का उत्पादन और उत्पादित बिजली को किस प्रकार बिजलीघर से घरों तक पहुंचाया जाता है। इसको बखूबी दर्शाया गया है। बताया कि मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में उनके विद्यालय को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

### सूचना

मेरे इकलौते भाई राजू की मृत्यु के बाद पिता मुंशीलाल राजपूत की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसका लाभ उठाकर मेरे पिता के भाई ऊधन व देशराज पिता की चल-अचल सम्पत्ति अपने नाम करवाने के लिए उन्हें अपने पास जबरन रखे हुये हैं। विरोध करने पर मुझे व मेरी मां राजवती को धमकाते हैं। यदि उपरोक्त लोग मेरे पिता को बरगलाकर उनकी सम्पत्ति अपने नाम लिखवाते हैं, तो उसे अवैध समझा जाये। **रीता पुत्री मुंशीलाल राजपूत, निवासी छोटा शिकारपुर, थाना मऊदरवाजा, जनपद-फर्रुखाबाद।**

## रेडवुड में हुआ सहोदय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**






रेडवुड ग्लोबल स्कूल में इटावा सहोदय कांप्लेक्स द्वारा आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट का जिला स्तरीय आयोजन 2024 किया गया। इसकी मेजबानी रेडवुड ग्लोबल स्कूल को सहोदय कांप्लेक्स इटावा द्वारा निश्चित किया था तथा सहोदय ने आब्जर्वर के रूप में अनूप मिश्रा प्रिंसिपल थियोसोफिकल इंटर कॉलेज, पूर्व सचिव सहोदय परिसर को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रातः सरस्वती मां की मूर्ति पर माल्यार्पण दीप प्राज्ज्वलन, मिष्ठान भोग आदि के साथ श्री डॉ आनंद मोहन सिटी कोऑर्डिनेटर जिला इटावा, फर्रुखाबाद कन्नौज, औरैया एवं इटावा सहोदय कांप्लेक्स के अध्यक्ष द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन मे डॉ आनन्द मोहन ने बच्चो को सहयोग भावना व खेल की भावना से खेलने हेतु प्रेरित किया गया। डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा प्रिंसिपल नारायण कॉलेज ने प्रतिभागियों को खेल की शपथ दिलायी एवं बच्चो को खेल के द्वारा अपने आप को दुनिया में सफलता के लिए शुभकामनाए दी।

इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा वेलकम साँग पर डांस किया गया इसके पश्चात लिग मैचेस प्रारंभ हुए फर्स्ट राउंड, सेकंड राउंड, एंड क्वार्टर फाइनल के बाद में सेमीफाइनल में चार टीमों ने प्रवेश किया जिनमें से लॉर्ड मदर, रेडवुड ग्लोबल स्कूल, केंद्रीय विद्यालय इटावा और एस0 एस0 मेमोरियल सैफई इन टीमों में एस0 एस0 मेमोरियल सैफई तथा केंद्रीय विद्यालय इटावा के मध्य फाइनल खेला गया और केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने एक बहुत संघर्षपूर्ण मैच के दौरान फाइनल चौंपियनशिप को जीता।

## एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह का हुआ भव्य स्वागत

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



कटेहरी उपचुनाव में चाणक्य की भूमिका अदा कर भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के बाद अब संगठन की ओर से मिल्कीपुर उपचुनाव का दायित्व मिलने पर शुक्रवार को भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विधान परिषद सदस्य व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह का किया जोरदार स्वागत किया।

अयोध्या आगमन पर संगठन में शिल्पकार के नाम से चर्चित विधान परिषद सदस्य डॉ सिंह का देवकाली बाईपास स्थित पंचशील होटल के पास ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह,प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय,महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा भाजपा नेता जन्मेजय सिंह बाबा सहित कई पदाधिकारियों ने डॉ सिंह का माल्यार्पण किया और उन्हें भगवान श्री रामलला की प्रतिमा का स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया और बधाई दी।

अपने जोरदार स्वागत से गदगद डॉ सिंह ने कटेहरी उपचुनाव में भाजपा की जीत को जिले के अभूतपूर्व विकास का परिणाम और कार्यकर्ताओं की जीत बताया।इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मंडल स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने मारी बाजी

- सीएसजेएमयू कानपुर में आयोजित प्रतियोगिता में नंदिनी और स्मृति ने पाया द्वितीय स्थान
- स्थान प्राप्त छात्राओं को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



प्रमाण पत्र प्राप्त करती द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रा

मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में छात्राओं ने बाजी मार महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राएं नंदिनी दुबे और स्मृति दुबे को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिला। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में आयोजित मंडल स्तरीय सड़क सुरक्षा भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने सड़क सुरक्षा भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। जिसमें छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्थान प्राप्त छात्रा नंदिनी दुबे और स्मृति दुबे शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रीतू सिंह ने छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्राचार्या ने कहा कि बेटियां किसी भी मामलों में बेटों से कम नहीं है। बेटों के साथ- साथ बेटियों को भी पढ़ाना- लिखाना और उन्हें आत्म निर्भर बनाना वर्तमान समय की जरूरत है। बेटी के शिक्षित होने से मात्र एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरा परिवार शिविर और संस्कारित होता है। कहा कि बेटी और बेटों में हमें किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए।

## किशोरी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर से बाजार करने के लिए अपनी सहेली के साथ गई किशोरी घर नहीं लौटी। तो परिजनों ने उसकी सहेली से पूछताछ की काफी तलाश की। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम कटकैया निवासी उदयवीर सिंह यादव पुत्र लालाराम यादव ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री गांव में रहने वाली सहेली सोनम के साथ 28 नवंबर की सुबह लगभग 11 बजे गुरसहायगंज में बाजार करने की बात कहकर गई थी। देर शाम तक ज बवह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। पता न लगने पर गांव निवासी सोनम व कोतवाली छिबरामऊ के कालिका देवी मंदिर वाली गली निवासी सौम्या के विरुद्ध पुत्री को गायब करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# शिकायतकर्ताओं की समस्या का समय से करें निस्तारण

- विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए डायल करें 1077

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



कमांड सेंटर में रजिस्टर का अवलोकन करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने डिस्ट्रिक्ट कमांड सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न पटलो की शिकायती पंजिका का अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि कमांड सेंटर पर शिकायत कर्ता द्वारा जो भी शिकायतें प्राप्त हो। उसका विवरण संकलित कर संबंधित विभाग को प्रेषित करें तथा आवश्यक कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने कहा कि दैवीय आपदा के अतिरिक्त भी 1077 नंबर डायल कर विभिन्न समस्याओं का निराकरण करा सकते । कहा कि एकल विंडो के माध्यम से विभिन्न समस्याओं का निराकरण डिस्ट्रिक्ट कमाण्ड सेंटर से किया जा रहा है। शिकायत कर्ता अब घर बैठे 1077 नंबर डायल कर अपनी समस्या से निदान पा सकते है।

# मनोज शुक्ला फिर बने इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक

- पत्नी से विवादों के चलते दो वर्ष पूर्व शासन ने उन्हे दिया था हटा
- शुक्रवार को कॉलेज पहुंच संभाला चार्ज

**तिर्वा, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



निदेशक मनोज शुक्ला को पुष्प गुच्छ भेंट करते कॉलेज के शिक्षक

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज में शुक्रवार को निदेशक पद पर मनोज कुमार शुक्ला ने पदभार ग्रहण कर लिया। इसके पहले भी वह इंजीनियरिंग कॉलेज में निदेशक के पद पर रह चुके हैं। उनके हटने के बाद डॉ.रचना अस्थाना को निदेशक पद की जिम्मेदारी दी गई थी। शासन के निर्देश पर वह फिर से निदेशक बन गए हैं। निदेशक मनोज शुक्ला राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज में 27 जनवरी 2021 से 19 सितम्बर 2022 तक निदेशक के पद पर तैनात रहे थे। इस दौरान उनकी पत्नी अर्पणा शुक्ला से गुजारा भत्ता दिए जाने के मामले में विवाद हो गया था। इसपर शासन स्तर से उनकी शिकायत हुई थी। इसी बजह से उन्हे निदेशक पद से हटा दिया गया था। पिछले दो बर्षों के दौरान हुई जांच पड़ताल के बाद शासन ने उन्हे क्लीन चिट प्रदान कर दी साथ ही निदेशक पद पर उन्हे बहाल कर दिया गया। शासन के निर्देश पर वह शुक्रवार को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होने निदेशक पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनकी पुन नियुक्ति पर कॉलेज के शिक्षकों ने उन्हे पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी।

# अभियुक्तगण को साधारण कारावास व अर्थदण्ड से किया दण्डित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील क्षेत्र के थाना विशुनगढ दोषी पाते हुये न्यायालय में अभियुक्तगण को 01 माह का साधारण कारावास व 4000-4000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अभियुक्तगण द्वारा गाली गलौज व मारपीट कर गम्भीर चोट पहुचानें के सम्बन्ध में थाना विशुनगढ पर अभियोग पंजीकृत हुआ था जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था। कन्नौज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये दिनांक 27.11.24 को न्यायालय स्पेशल जज एससी स्ट कोर्ट कन्नौज द्वारा अभियुक्त 1.प्यारेलाल 2.हरनाम 3.सेवकराम पुत्रगण माधव सिंह 4. ललई पुत्र हरिनाम नि0गण चिरकुटी थाना विशुनगढ कन्नौज को 01 माह के साधारण कारावास व 4000-4000 रुपये जुर्माना अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# जुमे की नमाज के दौरान शहर में ड्रोन कैमरे से की निगरानी



भ्रमण कर जानकारी लेती सीओ डॉ प्रियंका वाजपेयी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

संभल जामा मस्जिद में हुई हिंसा के बाद पुलिस प्रसाशन पूरी तरह से सर्तक हैं। एसपी अमित कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस बल सड़को पर उतर आयी है। और रूट मार्च कर आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास करा रही है। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने के दृष्टिगत शहर से लेकर जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से सतत निगरानी की जा रही है। जिले के संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर भी सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। एसपी ने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतने के निर्देश दिए। पुलिस पिकेट को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। जुमा की नमाज के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिसकर्मी चप्पे- चप्पे पर निगरानी रखेंगे। अधिकारियों ने ड्रोन से सर्वे कर लोगों की छतों को भी देखा। जिससे किसी अनहोनी से बचा जा सके।

### एएसपी- सीओ ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा

अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने जनपद में भ्रमणशील रहकर सभी ड्यूटियों को चेक किया। जिसमें ड्यूटी पॉइंट्स, बैरियर, ड्रॉन वीडियोग्राफी और निगरानी के संबंध में ब्रीफ कर ड्यूटीरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ प्रियंका वाजपेयी ने अपने- अपने सर्किल में भ्रमण कर ड्यूटी में लगे समस्त कर्मचारियों को चेक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# औषधि वितरण कक्ष की छत टपकने से भीग गई दवाइयां

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




नगर के महिला अस्पताल में 50 करोड़ 62 लाख की लागत से बनी 50 सैया मेटरनिटी बिग की छत पहले दिन ही बिना बारिश के टपकने लगी जिससे औषधि वितरण कच्छ में रखी दवाइयां भीग गई है।

आलम यह है कि कमरे का फर्श इतना गिला है कि उसमें झाडू नहीं लग पा रही है अस्पताल में निर्माण की गुणवत्ता पर भी तमाम सवाल खड़े हो गए हैं नगर के महिला अस्पताल में 5 करोड़ 62 लाख 38000 की लागत से 50 सैया मैटरनिटी बिका निर्भर कराया गया निर्भर पूरा होने के बाद 15 दिन पहले इस अस्पताल का हस्तक्रण भी कर लिया गया अस्पताल में है स्वास्थ्य सेवाओं की शुरुआत हो गई अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर मरीज के पजीकरण डॉक्टरों की ओपीडी वऔषधि वितरण काकर जबकि प्रथम तल पर टीकाकरण का कार्य शुरू किया गया है कर शुरू होते ही औषधि वितरण कच्छ की छत टपकने लगी और उसमें रखी दवाइयां भीग गई फार्मासिस्ट शिव रतन सिंहच ने मामले की जानकारी अधिकारियों को दी इसके बाद दवा के गेटों को टेबल पर रख दिया गया और कुछ गेटों को दूसरे कमरों में रखवा दिया गया आलम यह है कि तीन दिन बाद भी छत का टपकना मन नहीं हो पाया और जमीन पर पानी फैल होने के कारण यहां झाडू भी नहीं लग पा रही है अस्पताल की टपकती हुई छत निर्माण की गुणवत्ता पर तमाम सवाल खड़े कर रहे हैं उनका की इस पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कुछ भी खुलकर बोलने को तैयार नहीं है क्योंकि मानक के अनुरूप बिल्डिंग में पदार्थ की कमी नजर आ रही है।

इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर राहुल मिश्रा ने बताया कि अस्पताल की छत टपकने की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है जल्दबाजी में किया गया स्थानांतरण या कमी को किया नजरअंदाज करोड़ों की लागत से बनकर तैयार हुई इस 50 सैया मैटरनिटी विकास स्थानांतरण 15 दिन पहले ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से कर लिया गया ऐसे में सवाल यह भी उड़ता है कि क्या यहां हस्त तरण जल्दबाजी में किया गया है फिर देखकर भी कमियों को नजअंदाज किया गया है इसके अलावा सवाल यह भी है कि पहले ही दिनजब अस्पताल की छत टपकने लगी तो बिल्डिंग कितनी मजबूत होगी यह कैसे तय होगा भाई जब इस मामले में जिम्मेदारों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों की समस्या से अवगत करा दिया गया है जबकि बिल्डिंग में मानक के अनुरूप मटेरियल नहीं लगा हुआ है इसीलिए समस्या का सामना करना पड़ रहा है कमीशन बाजी के चलते भ्रष्टाचार चरम सीमा पर हो गया था पर सवाल यह भी है कि आखिर जनता के टैक्स के पैसों को की ऐसी बंदर वार्ड कब तक चलती रहेगी।

# पूर्व सांसद ने फुटबॉल टूर्नामेन्ट का किया उद्घाटन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



बच्चों के अंदर अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन माध्यम खेल है। खेल से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। जो उनके उज्जवल भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह बात पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कही।

खेलेगा कन्नौज- दौड़ेगा कन्नौज फुटबॉल टूर्नामेन्ट का टॉस उछाल कर उद्घाटन किया। उसके बाद टूर्नामेन्ट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने खेलेगा कन्नौज- दौड़ेगा कन्नौज फुटबॉल टूर्नामेन्ट का टॉस उछाल कर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होनें कहा कि यह टूर्नामेन्ट 3 दिसम्बर तक चलेगा। 30 नवम्बर और 1, 2 दिसम्बर को लीग मैचेज तथा 3 दिसम्बर को फाइनल मैच होगा। इस टूर्नामेन्ट के अन्तर्गत 34 टीमें प्रतिभाग करेंगी। शुक्रवार को बालिका वर्ग में सेंट जेवियर्स स्कूल एवं आदर्श जनता इंटर कालेज के मध्य हुआ। जिसमें सेंट जेवियर्स स्कूल की (1-0) से विजय तथा बालक वर्ग में सिटी चिल्ड्रेन एकडमी एवं सुभाष एकडमी छिबरामऊ के मध्य हुआ। जिसमें सिटी चिल्ड्रेन एकडमी टीम (3-0) से विजेता रही। इसी प्रकार कन्हैया लाल सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज एवं सेंट जेवियर्स स्कूल के मध्य हुआ। जिसमें सेंट जेवियर्स स्कूल की टीम ने (2-0) विजेता घोषित हुई। सेंटपाल छिबरामऊ एवं सेंट जेवियर्स स्कूल के मध्य में सेंटपाल छिबरामऊ की टीम (1-0) विजेता रही।

# ट्रेन से ड्यूटी पर जा रहे अधेड़ की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



ट्रेन से कन्नौज जा रहे पीडब्लूडी कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसके बाद उसके शव को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जिससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

> सूचना पर पुलिस ने पचनामा भरकर कराया पोस्टमार्टम।

पीडब्लूडी प्रांतीय खंड कन्नौज में रोलर चालक ग्राम ऊंचा निवासी भारत पाल (58) पुत्र श्री कृष्ण पाल शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे अपने घर से ड्यूटी जाने के लिए गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन पर सवार हुआ। तभी रास्ते में अचानक उसकी तबियत खराब हो गई। ट्रेन की सवारियों ने उन्हें जसोदा स्टेशन पर उतार दिया और फोन के जरिए परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे उसके पुत्र रोहित ने एम्बुलेंस की सहायता से पिता को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद रोहित ने अपने परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों में शव देखकर चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंचे बनियानी चौकी प्रभारी रावेन्द्र सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोचर्री हाउस भेजा है।

## चार पर एससीएसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी विवाद को लेकर दबंगों ने पीड़ित के साथ जाति सूचक गाली गलौच की और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम सगरा निवासी अभिषेक कुमार पुत्र रामपाल ने कोतवाली में दर्ज करवाए गए मुकदमे में कहा है कि बीते 18 अक्टूबर की दोपहर जब वह किसी कार्य से जसोदा बाजार करने गया था। तभी रंजिश को लेकर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुरजानी निवासी शिवम यादव, शिवा यादव, सुमित यादव, भूरा यादव व ताखेपुरवा निवासी अंकुल यादव ने उसके साथ जाति सूचक गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच सदर क्षेत्राधिकारी को सौंपी है।

# खेलकूद में नौरंगपुर व मोहनपुर रतनपुर रहे अव्वल

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



छात्रों के हाथ मिलवा कर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराते शिक्षक।

न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय नौरंगपुर में किया गया। जिसका शुभारंभ न्याय पंचायत के शिक्षक संकुल जदुनाथ प्रसाद, विपिन माथुर, अनुपम कुमार, कैलाश बाबू, रामबाबू व न्याय पंचायत के शिक्षकों ने किया।

प्रतियोगिता में प्राथमिक व निम्न स्तर के खेलों का आयोजन हुआ। न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता में प्राथमिक बालक/बालिका वर्ग कब्बड्डी में पीएस गौहना खेड़ा (बालक) व पीएस नौरंगपुर (बालिका) वर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार खो खो में पीएस गौहना खेड़ा बालक व पीएस नौरंगपुर बालिका ने, ऊंची कूद में पीएस भज्जपुरवा के छात्र देव व पीएस नौरंगपुर की छात्रा दुर्गा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में पीएस गौहना खेड़ा के नंदराम व पीएस जलेसर सराय की छात्रा सपना ने स्थान प्राप्त किया। 500 मीटर दौड़ भवानीपुर के छात्र अंश व जलेसर सराय की छात्रा किरन, 100 मीटर दौड़ में पीएस गौहना खेड़ा के छात्र नंदराम व पीएस नौरंगपुर की छात्रा दुर्गा तिवारी, 200 मीटर दौड़ में पीएस भवानीपुर के छात्र रितिक व पीएस नौरंगपुर की छात्रा दुर्गा तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर पर कब्बड्डी में यूपीएस मोहनपुर रतनपुर बालक वर्ग व यूपीएस इस्माइलपुर डिगन बालिका वर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो में बालक व बालिका वर्ग से यूपीएस मोहनपुर रतनपुर ने, ऊंची कूद, लंबीकूद, भाला, तवा, बैडमिंटन व अन्य बालक एवं बालिका वर्ग में यूपीएस मोहनपुर रतनपुर के छात्र विकास व छात्रा दिव्या एवं टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100, 200, 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में यूपीएस मोहनपुर रतनपुर के छात्र विकास व बालिका वर्ग से छात्रा सौम्या व सुनीता ने स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र-छात्राएं ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। शिक्षकों ने सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया।

## लेनदेन के विवाद में युवक को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** लेनदेन के विवाद को लेकर गांव के चार लोगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम नैनापुर निवासी निरंजन पुत्र हजारनाथ ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव के युवक ने दूसरे के खते में उससे 20 हजार रुपये डलवाए थे। जब उसने रुपये वापस मांगे तो गांव के चार लोगों ने उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जनजाति आयोग की सदस्य ने किया गिहार बस्ती का निरीक्षण

- सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा द्वारा चलाए जा रहे संस्कार शाला की गतिविधियों को भी देखा
- गिहार बस्ती पहुंचकर दो बच्चों के पुलिस भर्ती परीक्षा में चयन होने पर दी बधाई

**तिर्वा, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



जनजाति आयोग की सदस्य को शील्ड प्रदान करते विद्यालय के उपप्रधानाचार्य

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा द्वारा संचालित संस्कारशाला का शुक्रवार को अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग की सदस्य नीरज गौतम ने निरीक्षण किया। उन्होने गिहार बस्ती पहुंचकर भी संस्कार शाला द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों का निरीक्षण किया। इस दौरान संस्कार शाला की प्रेरणा से गिहार बस्ती से दो बच्चों का पुलिस भर्ती परीक्षा में चयन होने पर बधाई दी। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश शासन की अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग की सदस्या सुश्री नीरज गौतम द्वारा गिहार बस्ती का भौतिक सत्यापन रहन-सहन, शिक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना स्वच्छता एवं प्रकाश आदि बिंदुओं का निरीक्षण किया गया।

भौतिक सत्यापन के दौरान सुश्री गौतम ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा द्वारा संचालित संस्कार केंद्र को देखा। विद्यालय द्वारा संचालित संस्कार केंद्र में साक्षरता, स्वास्थ्य, स्वदेश प्रेम एवं सामाजिक समरसता के कार्यक्रम समय समय पर होते रहते हैं इन केंद्रों में गीत कहानी, खेल आदि क्रिया कलापों के माध्यम से बच्चों को विकसित एवं संस्कारित किया जाता है । श्री गौतम ने वहां पर संचालित कार्यक्रमों को स्वयं देखकर एवं उनके माध्यम से उनके जीवन यापन रहन-सहन आदि में होने वाले सुधार के लिए विद्यालय परिवार की प्रशंसा की। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अनंतराम द्वारा सुश्री गौतम को बताया कि संस्कार केंद्र में पढ़े हुए दो विद्यार्थियों यश व प्रियंका का चयन पुलिस भर्ती परीक्षा में हुआ। सुश्री नीरज गौतम ने यश व प्रियंका से मिलकर उन्हें सफलता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। सुश्री गौतम ने गिहार बस्ती में रहने वाले सभी लोगों की समस्याओं को सुना और शासन द्वारा जारी योजनाओं की जानकारी भी उन्हें दी।

# संभल मामले के बाद नमाज को लेकर अलर्ट रही पुलिस

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों पूर्व हुई संभल हिंसा को देखते हुए कोतवाली पुलिस जुमे की नमाज़ के दौरान अलर्ट मोड़ पर नज़र आई। मस्जिदों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

जबकि पुलिस ने नगर सहित क्षेत्र में रूटमार्च कर जनता को शांति व सुरक्षा का भरोसा दिलाया और लोगों से सौहार्द कायम रखने की अपील की। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन व कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में नगर सहित कोतवाली क्षेत्र में पुलिस बल अलर्ट रहा। नगर सहित क्षेत्र के मुख्य बाजार व मस्जिदों के आस-पास अलग-अलग टोलियों में पुलिस कर्मी तैनात रहे। इसके साथ ही समधन, मझपुर्वा, डुंडवाबुजुर्ग, इस्माइलपुर आदि स्थानों पर भी मस्जिदों के बाहर पुलिस व पीएसी बल डटा रहा। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमा की नमाज शांति व सौहार्द के साथ कराई गई। साथ ही ड्रोन कैमरे से भी चप्पे-चप्पे पर नज़र रखी गयी।

इस दौरान विभिन्न स्थानों पर कस्बा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, सुनील चौधरी, प्रदीप कुमार, रावेन्द्र सिंह, देवी चरण शाहू, राजेन्द्र प्रताप सिंह सहित पुलिस कर्मी तैनात रहे।


### सूचना

मेरी पति की सर्विस व कैजुवल्टी शीटबुक में मेरा नाम यशोधरा देवी (YASHODHARA DEVI) दर्ज है। तथा आधार कार्ड में शौद्रा देवी (SHAUDRA DEVI) दर्ज हैं। दोनो ही नाम मेरे है। भविष्य में मुझे शौद्रा देवी (SHAUDRA DEVI) नाम से जाना व पहचाना जाए।

**शौद्रा देवी पत्नी रमाकान्त सिंह निवासी म.स. 118क मोहल्ला हर्षबर्धन नगर, सरायमीरा तहसील व जिला कन्नौज।**

### सूचना

मेरा नाम नवीज़ा पत्नी अकील अहमद हाई स्कूल के अंक पत्र में दर्ज है जबकि बैंक पासबुक,आधार कार्ड,पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम नवीज़ा सिद्दीकी पत्नी अकील अहमद निवासी मुहल्ला समद नगर महोबा दर्ज है तथा मेरा नाम नवीज़ा सिद्दीकी पत्नी अकील अहमद पढ़ा व अन्य जगह अंकित किया जाए।

**नवीज़ा सिद्दीकी पत्नी अकील अहमद पता-समद नगर महोबा, उत्तर प्रदेश।**





# खनन करने वाले डंपर ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

- डंपर चालक ने भगाकर बचाई जान और खुद को पुलिस के हवाले कर दिया
- पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस फोर्स

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तहसील से आवश्यक प्रपत्र लेने जा रहे बाइक सवार को डंपर ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर व उसके चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जटपुरा निवासी रामवीर पुत्र शीशराम उम्र 39 वर्ष शुक्रवार की सुबह 10 बजे के करीब आवश्यक कार्य से बाइक द्वारा कायमगंज तहसील जा रहा था। शमशाबाद कायमगंज के मध्य पड़ने वाला झन्नाखार पुलिया के निकट अनियंत्रित गति से दौड़ रहे खनन करने वाले डंपर के चालक ने लापरवाही से चलाकर पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार वहीं गिर गया और खनन करने वाला डंपर बाइक सवार युवक के ऊपर से निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताते हैं दुर्घटना के बाद खनन करने वाले डंपर चालक ने किसी तरह भगाकर जान बचाई और खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। दुर्घटना की सूचना के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। भीड़ में कुछ लोगों ने सूचना शमशाबाद थाना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने दुर्घटना की जांच पड़ताल करते हुए जहां एक ओर शव को कब्जे में ले लिया, वहीं दूसरी ओर दुर्घटना को अंजाम देने वाले खनन कर रहे डंपर को कब्जे में ले लिया। बताते हैं डंपर से मिट्टी खनन के बाद संबंधित लोगों तक पहुंचाया जा रहा था। दुर्घटना के वक्त डंपर खाली था और कायमगंज की ओर जा रहा था, तभी यह घटना घट गयी। पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद भिजवाया। जहां से पंचनामे की प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय फतेहगढ़ भिजवा दिया। मृतक के चेचेरे भाई सर्वेश कुमार ने मृतक की पहचान रामवीर के रूप में की। चचेरे भाई सर्वेश कुमार ने बताया मृतक शादीशुदा था। उसके दो बच्चे हैं। एक बच्चे की उम्र लगभग 6 वर्ष के करीब होगी, जबकि दूसरा तीन माह का होना बताया गया है। बताते हैं मृतक बाइक सवार मेहनत मजदूरी के जरिए घर परिवार के लिए भरण पोषण का सहारा था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। चचेरे भाई के अनुसार मृतक रामवीर तहसील से आवश्यक प्रपत्र लेने के लिए बाइक द्वारा कायमगंज जा रहा था, तभी यह घटना घट गयी। उधर शमशाबाद थाना पुलिस का कहना था मौखिक सूचना दी गई थी। तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी। जब इस संबंध में खनन निरीक्षक से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया कि बह इस मामले में कुछ नहीं कह सकते हैं।

# बहन से विवाद होने पर युवती ने पिया तेजाब

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बहन से विवाद होने पर युवती ने तेजाब पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुभानपुर निवासी शमा उम्र 20 वर्षीय पुत्री जमीर का विवाह लगभग 5 वर्ष पूर्व मुस्तकीम निवासी नवाबगंज के साथ हुआ था। शमा का एक बेटा राहिल उम्र साढ़े तीन वर्ष है। लगभग चार महीने पहले पति से तलाक हो चुका है।

वह अपनी मां जमीलन, पिता जमील, बहन शकीला के साथ रहती थी। आज उसका विवाद बहन शकीला से किसी बात को लेकर हो गया। जिस पर शमा ने गुस्से मे आकर तेजाब पी लिया।

हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर शमा को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं चर्चा के अनुसार शमा अपने बच्चे को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। कुछ दिन बाद वह वापस घर लौट आई। जिस पर पति ने पत्नी को तलाक दे दिया था। आज किसी बात को लेकर दोनों बहनों में विवाद हुआ। जिससे क्षुब्ध होकर उसने तेजाब पी लिया।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती युवती

# युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को घटना थाना कमालगंज के अंतर्गत ग्राम हुसैनगंज की गुमटी के पास की है। बताया गया है कि रामलखन उर्फ बीपी पुत्र भारत सिंह उर्फ पप्पू निवासी शेखपुर रूस्तमपुर की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी शव को याकूतगंज गुमटी नंबर 123 पर रखकर चली गयी। मौके पर पहुंचे याकूतगंज चौकी इंचार्ज राहुल व भोजपुर चौकी इंचार्ज सुनील सिसौदिया ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और चौकी भोजपुर ले गए। चौकी इंचार्ज ने बताया है कि परिजनों के आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। घटना कैसे घटित हुई, मुझे जानकारी नहीं है। लोगों का कहना है कि शुक्रवार शाम कानपुर से फर्रुखाबाद की तरफ जा रही उदयपुर सिटी पाटिलपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर युवक ने आत्महत्या की है। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक का करीब 1 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। घटना थाना कमालगंज क्षेत्र में ग्राम हुसैनपुर के पास केएन पब्लिक स्कूल के सामने घटी।



मृतक का फाइल फोटो

# जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर

- डीएम-एसपी ने नगर में भ्रमण कर लिया जायजा
- संभल की घटना को लेकर प्रशासन ने बरती सर्तकता

**फर्रुखाबाद/कमालगंज/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

संभल में हुए बवाल के बाद जुमे की नमाज को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर नजर आया। डीएम व एसपी ने नगर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

जानकारी के अनुसार बीते दिन संभल में हुए बबाल के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर दिखा। जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह तथा पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने नगर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस नगर की समस्त मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। आला अधिकारियों ने पुलिस फोर्स को आवश्यक दिशा निर्देश दिये साथ ही कहा कि वह पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करें। कोई भी गड़बड़ी होने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें। नगर के नेहरु रोड स्थित जामा मस्जिद के बाहर भारी पुलिस तैनात किया गया था। वहीं कमालगंज नगर क्षेत्र में एसडीएम सदर रजनीकांत व अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने भारी पुलिस के साथ भ्रमण किया। कायमगंज नगर क्षेत्र में एसडीम कायमगंज रविंद्र सिंह व सीओ कायमगंज जय सिंह परिहार ने भारी पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में पैदल गस्त किया। फर्रुखाबाद शहर क्षेत्र, कमालगंज नगर व कमालगंज नगर क्षेत्र समेत जनपद के संवेदनशील क्षेत्रों की ड्रोन कैमरा से निगरानी की गयी। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक प्रशासनिक अमले के साथ शहर की तिकोना चौकी में मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि जनपद के सभी क्षेत्रों में पुलिस अधिकारी और पुलिस मुस्तैद है। जिलाधिकारी ने बताया कि 17 स्थानों पर प्रशासनिक अधिकारियों को लगाया गया है, जो लगातार भ्रमणशील है। उन्होंने बताया कुछ जगह पर नमाज संपन्न हो गई है और कुछ जगह पर जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराया जा रहा है।



संवेदनशील क्षेत्रों की ड्रोन से निगरानी करते अधिकारी व पुलिस



तिकोना चौकी में मौजूद डीएम व एसपी

## दलित से तमंचे की नोंक पर सोने की चैन व 80 हजार रुपये छीने

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंगों की तमंचे की नोंक पर दलित को धमकाकर 80 हजार की नकदी व एक सोने की चेन छीन ली। पीड़ित ने उपरोक्त दबंगों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली में नीवकरोरी निवासी राजेंद्र बाल्मीकि ने तहरीर देते हुए बताया है कि 28 नवंबर को 7.30 बजे मैं अपने सुअर बेचकर घर आ रहा था। सुअर बिक्री के 80 हजार रुपये पास थे। रास्ते में नगला दरियाव निवासी मुकेश, छोटा व भूरा और अवनीत ने तमंचा दिखाकर सोने की चैन कीमत 59 हजार व 80 हजार रुपया नकद छीन लिए और जातिसूचक गालियां साले भंगी भाग जा, नहीं तो जान से मार देंगे।

राजेन्द्र ने बताया है कि उसके पास रसीद नहीं है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया है कि तहरीर मिली है। जांच कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### मीटर रीडर ने एक हजार यूनिट का ज्यादा निकाला बिल



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव त्योरखास निवासी राज दुबे पुत्र शिवशंकर लाल दुबे ने अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र सौंपकर कहा है कि उसके नाम एक घरेलू कनेक्शन रिटैल फीडर में है। जिसका बिल कुछ महीने पहले जमा किया था। उसका 8-9 महीने पहले मीटर लगा था। जिसका मीटर रीडर द्वारा 1000 यूनिट बिल ज्यादा निकाल दिया गया। जब उसने कहा कि यह इतना बिल ज्यादा कैसे निकल आया। तब उसने कहा कि यह अगले महीने में सही कर देंगे, लेकिन उसने सही नही किया। जब उससे दोबारा कहा तब उसने कहा कि बाबूजी आठ हजार रुपये माँग रहे है। तब सही होगा, लेकिन उसने सही नहीं किया। इस बजह से हम विल जमा न कर। सके दिनॉक 26.11.2024 को जब मैंने तथा मेरे भाई हन्सराम दुबे जो कि होमगाई में प्लाटून कमांडर के पद पर थाना कम्पिल मे कार्यरत है वो भी ड्यूटी पर तैनात थे। तब बिना सूचित किये कुछ लोगो के बहकावे में आकर कनेक्शन काट दिया।

### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हुए किशोर के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पीड़ित देवेन्द्र सिंह पुत्र महाराम शाक्य निवासी ग्राम महोई थाना मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद का निवासी है। दिनांक 27.11.2024 को समय करीब रात्रि 8:15 बजे पीड़ित का पुत्र अंकुश उम्र 17 वर्ष जो गल्ला मंडी मोहम्मदाबाद से मजदूरी करके साइकिल से घर वापस जा रहा था कि ताजपुर रोड राजवीर सिंह के मकान के सामने किसी अज्ञात वाहन ने पीड़ित के पुत्र की साइकिल में तेजी व लापरवाही से टक्कर मार दी। जिससे मेरे पुत्र अंकुश की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी तथा साइकिल भी टूट गयी थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने धारा-281, 106(1), 324(4) बी.एन.एस. में मुकदमा पंजीकृत किया है।

### एसपी ने किया रुट डायवर्जन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार प्रियदर्शी ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 नबम्वर को समय 21:00 बजे से 1 दिसंबर को प्रातः 6:00 बजे तक जिला जेल की क्रासिंग बन्द रहेगी। जिसके कारण कमालगंज से आने वाले समस्त वाहन जिला जेल चौराहा से मिलिट्री चौराहे से भोलेपुर पुल से रिलायंस पेट्रोल पम्प होकर अपने गंतव्य को जायेंगे। सेन्ट्रल जेल चौराहा से जिला जेल चौराहा की तरफ आने वाले समस्त वाहन रिलायंस पेट्रोल पम्प से भोलेपुर पुल से मिलिट्री चौराहा होकर अपने गंतव्य को जायेंगे।

### सिलेंडर में लगी आग से मची अफरा-तफरी



सिलेंडर की आग बुझाते दकमलकर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विवाह कार्यक्रम में दौरान अचानक सिलेंडर में आग लग गयी। जिससे अफरा-तफरी मच गयी। घटना की सूचना दमकल को दी गयी मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कोई बड़ी घटना नहीं घटित हुई। जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम जाजपुर बंजारा निवासी राकेश के पुत्र आनन्द प्रताप की शनिवार को बारात आनी थी। जिसके तहत शुक्रवार को कच्चा खाना गैस पर बन रहा था। अचानक सिलेंडर के रेगुलेटर में आग लग गयी। आग लगने से घर में अफरा-तफरी मच गयी। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे और दमकल को जानकारी दी। जानकारी पर दमकल मौके पर पहुंची और सिलेंडर की आग पर काबू पाया। तब कहीं जाकर परिजनों ने राहत की सांस ली।




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

## जानलेवा हमले के मामले में दो लोगों को तीन-तीन वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज प्रथम शैली रॉय ने जानलेवा हमले के मामले दिलीप पुत्र राधा किशन बाथम, भइयालाल पुत्र नन्हें लाल निवासीगण लाल दरवाजा कोतवाली फर्रुखाबाद को दोषी करार देते हुए तीन-तीन वर्ष के कारावास से दण्डित किया है। बीते 11 वर्षों पूर्व शहर कोतवाली के मन्नीगंज निवासी दीपक पुत्र राजू बाथम ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरा भाई मिस्त्री का काम करता है। दिनांक 12 जून 2013 को समय करीब साढ़े सात बजे लाल दरवाजा से घर आ रहा था, तभी मेरे भाई धर्मेंद्र को जान से मारने की नियत से दिलीप, भइयालाल ने गोली मार दी। जो कि पीठ, बाहं पर जा लगी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार न्यायाधीश शैली रॉय ने दिलीप बाथम, भइयालाल को दोषी करार देते हुए तीन-तीन वर्ष के कारावास व दिलीप को सात हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया, जबकि भइयालाल को पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# रखा बा.इं.का. में धूमधाम से मनाया गया सीएनआई-डे

- विद्यालय में कविता, निबंध व खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चर्च ऑफ नार्थ इंडिया का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। रखा बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्या डॉ. नीतू मसीह की अध्यक्षता में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

प्रार्थना सभा में डॉ. नीतू मसीह ने कहा कि आज से 54 वर्ष पूर्व आज के ही दिन सीएनआई-डे की स्थापना हुई थी। उत्तरी भारत में काम कर रहे कई प्रोटेस्टेंट चर्चो को एक साथ लाकर 29 नवम्बर 1970 को इसकी स्थापना की गई। इन चर्चो ने मिलकर एकजुट होने का फैसला किया। वर्तमान में मोस्ट रेव्ह विजय कुमार नायक उत्तरी भारत के चर्च सीएनआई के 16वें मॉडरेटर और विशप है। उनकी देखरेख में चर्च की प्रगति के लिए प्रेस विटर इंचार्ज अपने-अपने जनपदों में विभिन्न चर्चो की देखरेख के साथ प्रभु यीशु मसीह का उपदेश देते है।

पादरी मनोज कुमार व पादरी स्टीफन मसीह ने स्थापना दिवस पर चर्चो में प्रार्थना की और कहा कि हम लोगों के लिए यह बहुत बड़ा शुभ दिन है। 54 वर्ष बीत जाने के बाद भी हम यीशु मसीह में अपनी आस्था पहले से ज्यादा बनाये हुए है क्योंकि वह इकलौते ईश्वर के पुत्र है, जिन्होंने शांति का पैगाम देकर हम लोगों का उद्धार किया। रखा बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्या डा0 नीतू मसीह ने स्थापना दिवस पर विशेष रुप से चर्चो के इतिहास के बारे में बताया और प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई। अंग्रेजी हुकूमत के दौरान बना रखा चर्च अपने आप में एक इतिहास है। विद्यालय में कविता व निबंध प्रतियोगिता के साथ खेलकूद प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई।

इस मौके पर शिक्षिका प्रीती मसीह, वीना एल्वर्ड, नीतिका सनी, ममता पौसिया पॉल, रचना हिल्स, भावना लाल के अलावा बड़ी संख्या में छात्रायें मौजूद रही।



सीएनआई-डे पर प्रार्थना करती छात्रायें

# गायब दो भाई पहुंचे दिल्ली, रेलवे पुलिस के पास सुरक्षित घर से निकले थे स्कूल के लिए, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

- आरपीएफ द्वारा फोन पर सूचना दी गई कि दोनों बच्चे सकुशल हमारे पास है इनको आकर ले जाओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्कूल गये दोनों भाई गायब हो गये थे। दो दिन बाद दिल्ली रेलवे पुलिस ने परिजनों को उनके पास होने की सूचना दी। तब जाकर परिजनों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्वालटोली टिलिया निवासी सुबोध प्रकाश मिश्रा जो कि किराये के मकान रह रहे है। 14 वर्षीय उनका पुत्र देव मिश्रा व 12 वर्षीय पुत्र राज मिश्रा रोज की तरह 27 नवम्बर बुधवार को घर से स्कूल के लिए गये थे। शाम तक जब वह वापस नहीं आये तो परिजनों को चिंता हुई और स्कूल जाकर पता किया तो पता चला कि सभी बच्चे वहां से चले गये। उन्होंने कई अन्य लोगों के साथ अपने दोनों बच्चों की खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। कोतवाली पहुंचकर बच्चों के गायब होने की सूचना दी। जिसके आधार पर मुकदमा दर्जकर पुलिस ने बच्चों के फोटो व उनके गायब होने की सूचना संबंधित थानों को भेज दी। देर शाम हमारे संवाददाता को बच्चों के अभिभावक ने बताया कि दोनों बच्चे सकुशल है और उन्हें मिल गये है। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से आरपीएफ द्वारा फोन पर सूचना दी गई कि दोनों बच्चे सकुशल हमारे पास है इनको आकर ले जाओ। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में रह रहे रिश्तेदारों को जानकारी दी। वह बताये गये पते व स्टेशन पर पहुंचकर रेलवे से संबंधित अधिकारियों से मिले। जिस पर उन्होंने कहा कि बच्चों से बात कर सकते हो, लेकिन सुपुर्दगी माता-पिता को ही दी जायेगी। बच्चों के सकुशल होने की जानकारी मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली।

## किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थिति में 14 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन आनन-फानन में किशोरी को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम सवितापुर बिहारीपुर निवासी एक किशोरी ने गृहकलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

सूचना पर जब तक परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसके शरीर पर कई चोटों के निशान थे। वहीं परिजनों की मारपीट से आहत होकर फांसी लगाये जाने की आशंका जाहिर की जा रही है।

# दबंग ने महिला को मारपीट कर किया घायल



अस्पताल में भर्ती घायल महिला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलॉका तथा हाल निवासी काशीराम कालोनी की नर्गिस उम्र 30 वर्षीय पत्नी जफरूददीन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह गर्भवती है और अपने परिवार के साथ काशीराम कालोनी में रहती है। पास में रह रहा दबंग युवक उसे काफी दिनों से परेशान कर रहा है। शुक्रवार को भी उपरोक्त दबंगों ने मुझसे वदसलूकी की। जिसका मैंने विरोध किया।

जिस पर उसने मारपीट कर घायल कर दिया। हमें पिटता देख बीच बचाव करने आये नासिर पुत्र अब्दुल काहिल, परवीन पत्नी नासिर को भी उक्त दबंग ने मारापीटा। तीनों घायलोंको सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

## प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका बर्खास्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दूसरी शिक्षिका के कागजों पर नौकरी कर रही शिक्षिका को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार शिक्षिका नेहा यादव जनपद मैनपुरी के प्राथमिक विद्यालय कुचेला में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात है। उसकी नियुक्ति 12460 शिक्षक भर्ती में हुई थी। शिक्षिका ने फर्जी कागज लगाकर नौकरी प्राप्त कर ली थी। इसका खुलासा तब हुआ जब मानव संपदा आईडी जनरेट की गयी। जिस पर बेसिक शिक्षाधिकारी ने फर्जी तरीके से नौकरी करने वाली शिक्षिका नेहा यादव को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। साथ ही शिक्षिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी है। बताते चलें कि ब्लाक मोहम्मदाबाद के पुनपालपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका के पर तैनात थी फर्जी नेहा यादव।

# किसान का बेटा बना फेमस यूट्यूबर, मेहनत से प्राप्त किये दो सिल्वर व दो गोल्डन बटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कहते हैं कि मन में अगर जज्बा कुछ कर दिखाने का हो तो कोई भी काम इतना कठिन नहीं है, जो आप करना सकें ऐसा ही कर दिखाया है जनपद के यूट्यूब सुरजीत सक्सेना ने। उन्होंने वर्ष 2023 में पहले सिल्वर बटन हासिल की थी, उसी वर्ष दिसम्बर में दूसरी गोल्डन बटन हासिल की।

वर्ष 2024 में एक और सिल्वर व एक गोल्डन बटन हासिल कर हासिल जनपद का मान बढ़ाया। उनके यहां बधाई देने वालों का तांता लगा है। आज यूट्यूब में अपनी अलग पहचान बनाने वाले सुरजीत सक्सेना की दूसरी गोल्डन बटन आ गई है। मात्र 2 साल में सुरजीत ने यूट्यूब चैनल से दो सिल्वर बटन और दो गोल्डन



गोल्डन बटन दिखाता सुरजीत

बटन हासिल कर जनपद का गौरव बढ़ाया है। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव भटकुर्री निवासी किसान सुभाष चंद्र के पुत्र सुरजीत कुमार ग्रेटर नोएडा में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। कोविड के दौरान वह घर चले आए थे और यूट्यूब पर रजिस्ट्रेशन कर राज शॉर्ट 52 व राज सक्सेना नाम से दो चैनल बना लिया थे। यूट्यूब पर सुरजीत ने कॉमेडी, भक्ति, इमोशनल, लोगों जागरूक करने आदि जैसी वीडियो बनाने शुरू किया, देखते ही देखते लोगों ने उनके चैनल को पसंद करना शुरू कर दिया।

सबसे पहले उनको सिल्वर बटन प्राप्त हुई, उसके बाद 3 अप्रैल 2023 में यूट्यूब से एक सिल्वर व एक गोल्डन बटन मिला। कुछ दिन पहले ही उन्होंने एक गोल्डन बटन भी हासिल कर ली। सुरजीत कुमार ने बताया कि दो साल में उनको दो सिल्वर व दो गोल्डन बटन हासिल हुई है। अब वह डायमंड बटन पाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। सुरजीत ने बताया की शुरुआत में परिवार के लोगों ने काफी विरोध किया था, लेकिन अब सभी बेहद खुश है दो-दो गोल्डन बटन मिलने पर परिवार सहित जनपद के सभी लोग दुआएं दे रहे हैं।

लोग बधाइयां देने के लिए आ रहे हैं। सुजीत कहते हैं कि दर्शकों का प्यार ऐसे ही बना रहे तो जल्दी डायमंड बटन भी प्राप्त कर लेंगे। उन्होंने बताया कि 1 साल पहले उनके यूट्यूब पर 15 लाख सब्सक्राइबर थे, 1 वर्ष में वही उनकी संख्या बढ़कर 38 लाख हो गई है उन्होंने बताया कि उनका चैनल राज शॉर्ट 25 व सुरजीत सक्सेना दोनों चैनल पर 40 लाख सब्सक्राइबर है। जनपद में ये पहला यूट्यूबर है जिसके पास दो सिल्वर व दो गोल्डन बटन हासिल हुई है। लोग घर पहुंच कर सेल्फी ले रहे हैं।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने मॉडल लगाकर अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हाता करम खां स्थित अनंत पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।

छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी में मॉडल लगाये। कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं ने मॉडल तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में अभिभावकों ने भी मॉडल लगाये और उनके बारे में बच्चों से पूछा।

चेयरमैन अंचल मणि राजपूत ने प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। अच्छे मॉडल बनाने वाले छात्र-छात्राओं की हौसला आफजाई की और मॉडल की तकनीकी



प्रदर्शनी में मॉडल के साथ छात्रायें

जानकारियां ली। विज्ञान प्रदर्शनी में मिष्ठी, वैदही, आहन, अयाश, विधि, निहारिका, आरव, वीर, राशि, पायल, खुशी, युवराज, विद्या, महिमा, इशन, तेजस, पूर्णिमा, दक्षिका, प्रयासी, अहम, देव, आध्या, आराध्या, तनवी, मानू, शिवकुमार, तनू आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। उप प्रधानाचार्य अल्का ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर शिक्षक, सोविया, नेहा, दीक्षा, अमन, अरुण, आदित्य, रोशनी, अमन शाक्य मौजूद रहे।

# सरकारी पानी की टंकी का स्टार्टर व केबिल चोरी



टंकी के ट्यूबवेल की कोठरी से गायब स्टार्टर व केबिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात जहानगंज क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने सरकारी पानी टंकी से स्टार्टर व केवल चोरी कर ली। सूचना पर ग्राम प्रधान ने पहुंचकर घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज के ग्राम पंचायत रूनी चुरसाई में बीती रात अज्ञात चोरों ने सरकारी पानी की टंकी से स्टार्टर व केबिल चोरी कर ली। जबकि पुलिस रात्रि गश्त करती रह गयी और चोर अपना काम करके चले गये। क्षेत्र में चोरी की घटनायें लगातार हो रही है, जिससे ग्रामीणों में दशहत का माहौल है। सूचना पर ग्राम प्रधान ने जांच पड़ताल की और सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। प्रधान ने घटना के संबंध में लिखित तहरीर दी है। थानाध्यक्ष ने कार्यवाही का भरोसा दिया है।

# रास्ते में घेरकर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रास्ते में घेरकर गाली-गलौज व मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित संजय पुत्र मुकेश बाबू निवासी मदनपुर थाना मोहम्मदाबाद का निवासी है। पीड़ित अपने खेत पर जा रहा था, तभी पीड़ित के गांव के ही निवासी रंजीत पुत्र हुकुम सिंह, अनमोल पुत्र सर्वेश, सोनू पुत्र सर्वेश व अनुज पुत्र हुकुम सिंह ने रास्ते में घेर लिया और पीड़ित के साथ गाली-गलौज करने लगे। मारपीट के दौरान पीड़ित के शरीर पर काफी चोटें आयीं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने धारा-323, 504, 325 आई.पी.सी. के तहत दर्ज किया है।

# आप शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बने दिनेश शर्मा

**▸ शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष का दायित्व मिला संजीव कुमार को**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आम आदमी पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश के पदाधिकारियों की घोषणा की, साथ ही कई जनपदों में नये जिलाध्यक्ष बनाये गये।

आम आदमी पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र सिंह ने प्रदेश कार्यकारिणी में मोहन लाल शुक्ला आदर्श इंटर कालेज के सहायक अध्यापक दिनेश शर्मा को प्रदेश सचिव बनाया है।

साथ ही कानपुर व अलीगढ़ मण्डल का प्रभार भी सौंपा है। वर्तमान में आम आदमी पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ



नवनियुक्त पदाधिकारी दिनेश शर्मा व संजीव कुमार

के दिनेश शर्मा जिलाध्यक्ष है। उन्हें प्रोन्नति करते हुए प्रदेश सचिव का दायित्व सौंपा है, साथ ही उन्हें अलीगढ़ व कानपुर मण्डल का प्रभारी बनाया है। 14 सूत्रीय प्रदेश कमेटी में दिनेश शर्मा का नाम शामिल है। वहीं 12 जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई है। जिसमें जनपद फर्रुखाबाद के शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार को दायित्व सौंपा गया है। दोनों पदाधिकारियों को दायित्व मिलने पर आम आदमी पार्टी ने बधाई दी और समर्थकों ने फूल मालाओं से स्वागत कर हौसला आफजाई की।



एसएमसी बैठक में उपस्थित अभिभावक

# प्रबंधन समिति की बैठक में खेतल सिंह को चुना गया अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शासन के निर्देश पर प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की नवीन कार्य समिति का गठन हुआ। उपस्थित अभिभावकों ने सर्वसम्मति से खेतल सिंह को अध्यक्ष चुना। निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के बाद खेतल सिंह ने सभी अभिभावकों का आभार जताते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर वह खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। बैठक में जयवीर, प्रदीप, देशराज, राजेन्द्र, देव सिंह, रोहित, वीरपाल, नौवत सिंह, कमलेश, अनोखेलाल, इसरार, विपिन, सत्यवती, नीता, सीमा, सुनीता, रामदेवी, चंचला, मीना, वर्षा, ममता, शीतल, नेमश्री सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

# लोक अदालत के लिए एनआई एक्ट के 12 व लघु अपराधिक 1235 मामले चिन्हित



बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक आगामी 14 दिसम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में लघु अपराधिक एवं धारा 138 एनआई एक्ट मामलों की बैठक सम्पन्न हुई। जनपद न्यायाधीश विनय कुमार के निर्देशन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश अवनीतम उपाध्याय ने की। संचालन अपर जिला जज सचिव संजय कुमार ने किया। बैठक में लघु अपराधिक एवं धारा 138 एनआई एक्ट मामलों से संबंधित अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिन्हित किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। धारा 138 एनआई एक्ट के अब तक कुल 12 मामले व लघु अपराधिक के अब तक 1235 मामलों को चिन्हित किया जा चुका है। तैयारी बैठक में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी धनश्याम शुक्ला, न्यायिक अधिकारी प्रीतिमाला चतुर्वेदी, ज्ञानेन्द्र कुमार, श्वेता कश्यप, शिवानी सिंह, शोभारानी आदि न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

# सीपीआई टीम का फ्यूचर यूनिवर्सिटी में रहा शानदार प्रदर्शन



प्रतियोगिता में भाग लेती बॉलीबॉल टीम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल की बॉलीबॉल टीम ने फ्यूचर यूनिवर्सिटी बरेली में आयोजित इंटर स्कूल चैंपियनशिप टूर्नामेंट में प्रतिभाग किया। गुरुवार को सीपी इंटर नेशनल स्कूल की बॉलीबॉल टीम ने दो राउंड के मैच जीतकर तीसरे राउंड में प्रवेश कर लिया है। पहले राउंड में सहारनपुर इंटर कॉलेज को और दूसरे राउंड में मानस्थली स्कूल बरेली को हराया। पीटीआई अंजनी कुमार ने बताया कि तीसरे राउंड का मैच शनिवार को खेला जाएगा, जबकि फाइनल मैच 1 दिसंबर को होगा।

प्रधानाचार्य संजय बिष्ट और उपनिर्देशिका अंजू राजे ने टीम की सराहना की और चैम्पियनशिप जीतने के लिए प्रेरित किया।

# नये आलू की आमद मण्डी में रही 800 पैकेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आलू मण्डी सातनपुर में गुरुवार को आलू का भाव 951 रुपये से 1151 रुपये पैकेट रहा। मण्डी में निबल आलू 951 रुपये से 1001 रुपये प्रति पैकेट रहा। बड़ा साइज का आलू 1051 रुपये से 1151 रुपये पैकेट की बिकवाली हुई।

100 किलो पूरे वजन के साथ तुलाई की गई। गुरुवार को 800 पैकेट आलू की आमद रही। आमद बढ़ने पर 3 किलो से 5 किलो अतिरिक्त आलू लिया जाता है जो कटौती के रुप में होता है।

50 किलो पैकेट में 53 किलो आलू भरा जाता है, क्योंकि साफ-सफाई करने के दौरान मिट्टी निकलती है। कानपुर मण्डी में 50 किलो का पैकेट की तौल हो रही है। आलू



मण्डी में लगा नया आलू

किसान फर्रुखाबाद मण्डी के अलावा कानपुर मण्डी में भी नया आलू बेंच रहे है। आलू की फसल लेट होने के कारण मण्डी में नवम्बर माह में पिछले वर्ष की अपेक्षा आमद इस वर्ष कम है। 10 दिसम्बर के बाद मण्डी में आलू की आमद बढ़ने लगेगी। वर्तमान में जो भी आलू मण्डी में आता है वह पूरा आलू घंटे दो घंटे में ही बिक जाता है।

जनपद के अलावा बाहर के व्यापारी भी आलू मण्डी में खरीददारी के लिए आने लगे है। कोल्ड स्टोरेज में लगभग 10 प्रतिशत पुराने आलू का भण्डारण है। जो अगले 15 दिनों तक समाप्त होने की संभावना है।

## खबरें एक नजर में

### धूमधाम से मना चर्च ऑफ नार्थ इंडिया का स्थापना दिवस



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चर्च ऑफ नार्थ इंडिया के तत्वाधान में सीएनआई बढ़पुर चर्च में 54वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पादरी रेव्ह मनोज कुमार ने प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सीएनआई बढ़पुर चर्च, सीएनआई रखा चर्च, सीएनआई सिटी चर्च, ऑल सोल्स चर्च फतेहगढ़ के लोगों ने भाग लिया। सण्डे स्कूल के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्थापना दिवस पर मुख्य वक्ता रेव्ह स्टीफन मसीह ने कहा कि हम सब एक है और सेवा का हिस्सा आजीवन बना रहे। प्रभु सबके साथ है। खुदा के सच्चे सेवक के रुप में हम सब स्थापना दिवस में शामिल हुए है। उन्होंने बताया कि 29 नवम्बर 1970 को इसकी स्थापना हुई थी। उत्तर भारत के सभी चर्चो को एक लाकर सीएनआई चर्च की स्थापना कर चर्च ऑफ नार्थ इंडिया का रुप दिया गया था। इस वर्ष चारों चर्चो ने संयुक्त रुप से स्थापना दिवस मनाया है। यह परम्परा हर वर्ष बनी रहेगी और विभिन्न चर्चो में कार्यक्रम होते रहेगें। चारों कलीसियाओं के यूथ ने कैरल सिंगिंग प्रस्तुत की। पादरी मनोज कुमार ने उपदेश देते हुए कहा कि क्रिसमस का पर्व 1 दिसम्बर से शुरु हो रहा है। हम सबको मौका मिला और शामिल हो रहे है। विशप रेव्ह विजय कुमार नायक के निर्देशानुसार हम लोग कार्यक्रम कर रहे है। चर्च को रंगीन लाइटों से सजाया गया और केक काटकर 54वां स्थापना दिवस मनाया गया। बड़ी संख्या में मसीह समाज के लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर डा0 नम्रता मल्ल, राजेश मसीह, डॉ. नीतू मसीह, रोजीशन विश्वासी, अनुराग मल्ल, अंजू मल्ल, ऐस्तर रोज दयाल, अमित सिंह, राकेश सक्सेना, पादरी लूथक, जोर्डन राज, रीतेश ओलिव, विजय दयाल, रविन्द्र जी लाल, भावना लाल, पिंकी अबरार, सोलोमन दयाल, प्रियंका, सीवी मल्ल, राजीव के लाल, आदित्य रोहित सहाय आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### आईटीआई में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में 30 नवम्बर शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन होगा। जिसमें तीन कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। 250 रिक्तियों हेतु अभ्यार्थियों का चयन होगा। सभी इच्छुक अभ्यार्थी अपने दस्तावेजों के साथ सुबह 10 बजे आईटीआई पहुंचे। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

### पब्लिक स्कूल एसो. की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगितायें आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को पब्लिक स्कूल एसोसिएशन की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सुबह दस बजे स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में सम्पन्न होगी। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 600 से अधिक बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेगें। यह जानकारी पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी देवेश नारायन अवस्थी ने दी है।

# विभिन्न शाखाओं का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



निरीक्षण करते एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस लाइन के ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार प्रियदर्शी ने परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने दंगा नियंत्रण के संदर्भ में की गई तैयारियों की संबंधित प्रभारी से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने डायल 112 आदि के बारे में भी जानकारी की। इसके पश्चात उन्होंने पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी लेने के पश्चात निरीक्षण किया। जिसमें महिला थाना, क्वार्टर गार्ड, डीसीआरवी आदि शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान जो भी कमियां सामने आयी उन्हे दुरुस्त करने के निर्देश दिये।

# भंडारा खाकर लौट रही महिला को कार ने मारी टक्कर,मौत

**जगम्मनपुर,जालौन।** श्रीमद भागवत का भंडारा खाकर वापस लौट रही महिला को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी जिससे उसकी ठौर मौत हो गई। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम जगम्मनपुर में रामप्रकाश गुप्ता के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह समापन के उपरांत आयोजित भंडारा भोज में प्रसाद ग्रहण कर श्रमिक महिला हरवी पत्नी भारत उम्र 25 वर्ष निवासी पचकुरी थाना जरिया जिला हमीरपुर अपने अस्थाई निवास काली ईट भट्ठा जगम्मनपुर पर साथी महिलाओं के साथ वापस लौट रही थी उसी समय शाम 6.30 बजे अज्ञात कार चालक में तेज गति व लापरवाही से कार चलाते हुए उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

# कंस वध व रासलीला सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम घारमपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कंस वध व रास लीला की कथा सुन श्रोता मंत्र मुग्ध हुए। आचार्य प्रदीप कुमार ने कंस वध की कथा सुनाते हुए कहा कि कंस का अत्याचार जब बढ़ने लगा तो भगवान श्रीकृष्ण वृंदावन छोड़कर मथुरा गये। वहां पर जाकर कंस ने कृष्ण को देखते ही गिरफ्तार करने का आदेश दिया। जैसे ही सैनिक आगे बढ़े तो उन्होंने अपने बल से उन्हें धराशाही कर दिया। अंत में कृष्ण को मारने जब कंस आगे बढ़ा तभी मथुरावासियों ने इस युद्ध को देखने की उत्सुकता बढ़ी। कंस और कृष्ण का युद्ध हुआ। श्रीकृष्ण ने कंस को पराजित कर उसका वध किया। कंस



कथा सुनाते आचार्य प्रदीप कुमार मौजूद भक्तगण

का वध होते ही जयकारों से मथुरा गूंज उठा। पृथ्वी से लेकर आकाश तक श्रीकृष्ण के नाम के उद्घोष होने लगे और आताताई कंस का उद्धार हुआ।

कारागार में बंद देवकी और वासुदेव को मुक्त कराया गया। साथ ही उत्सव मनाया गया। आचार्य प्रदीप कुमार ने कन्हैया की रास लीला का वर्णन किया। कथा सुन श्रोता मंत्र मुग्ध हुए। परीक्षित बने ठा0 सर्वेन्द्र सिंह ने अपनी पत्नी के साथ श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया। कथा के आयोजक कुलदीप सिंह ने व्यवस्था देखी। आरती के साथ प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय शूटिंग रेंज में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

द्वितीय जनपद स्तरीय शूटिंग रेंज प्रतियोगिता कन्नौज राइफल शूटिंग रेंज का आयोजन ग्राम डुंडवाबुजुर्ग स्थित हाजी मज़हरुद्दीन महाविद्यालय में किया गया।

जिसका शुभारंभ डीएम व एसपी ने फीता काटकर किया। शुक्रवार को आयोजित कन्नौज राइफल शूटिंग रेंज प्रतियोगिता का जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इससे पहले कार्यक्रम के आयोजक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी ने फूलमालाएं पहनाकर व प्रतीक चिंह भेंट कर किया। प्रतियोगिता में शूटर अभिषेक पाल,



फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते डीएम व एसपी।

प्रतीक पाल, निखिल, ऋषभ, आदर्श, शौर्य, आरव अक्षरा सिंह, नंदिता सक्सेना सहित लगभग 350 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, आरआई सुखपाल सिंह, कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे, शूटिंग रेंज के मैनेजर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, कोच अनिल कुमार पल (अंतराष्ट्रीय शूटर), जितेन्द्र कुमार (अंतराष्ट्रीय शूटर), आरती चतुर्वेदी (राष्ट्रीय शूटर), तौकीर जिया, अनिल कुमार, प्रधानाचार्य आशीष शर्मा, गुरु कृपा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सर्वेश पाल, मोनिश आबदीन, सलीम आबदीन, अतीक चिस्ती सहित छात्र-छात्राएं शूटिंग रेंज में मौजूद रहे।

# नियमों का उल्लंघन करने वालों को फूल देकर किया शर्मिंदा

**▸ एनसीसी कैडेट्स संग यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

यातायात नियमों का पालन कराने के लिए यातायात पुलिस हर प्रयत्न कर नियमों का पालन करने के प्रति जागरूकता अभियान चला रही है। शहर के पीएसएम डिग्री कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स के साथ प्रभारी यातायात आफाक खां ने तिर्वा क्रासिंग से बस स्टैंड तक यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान में यातायात प्रभारी द्वारा एनसीसी कैडेट्स छात्र एवं छात्राओं को गुलाब के फूल देकर वाहन चालकों को शर्मिंदा कराते हुए यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया। एनसीसी कैडेट्स ने जागरुक करते हुए कहा कि आपको अपने परिवार के लिए जिंदा रहना बेहद जरूरी है। जिंदा रहने के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाना जरूरी है। कैडेट्स ने चार पहिया एवं दो पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट एवं हेलमेट के बारे में फूल देकर जागरूक करते हुए शर्मिंदा किया गया। इस दौरान यातायात प्रभारी की पूरी टीम सड़क पर वाहन चालकों को रोक कर एनसीसी के कैडेट्स द्वारा जागरूक करवाती दिखाई पड़ी।

# आठ से शुरू होगा अभियान विभाग ने पूरी की तैयारी

**कदौरा,जालौन।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से आठ दिसंबर से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए अभियान चलेगा। विभाग की ओर से कार्यक्रम की सफलता के लिए बैठक कर तैयारी शुरू कर दी है। कदौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत लगभग 18 हजार से अधिक के 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

सीएचसी सभागार में आयोजित बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर बीके सिंह ने कहा कि केंद्र के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र सहित नगर में करीब 7 बूथों को बनाया गया है। जिन पर स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा की मांग

एजेंसी



**कोलकाता।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार और उनके मंदिरों व संपत्तियों पर बढ़ते हमलों को लेकर बांग्लादेश उत्तराधिकार मंच ने बांग्लादेश की अंतिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनकी धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। संगठन ने भारत से भी मदद की गुहार लगाई है।

संगठन के अध्यक्ष रियाज मजान ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार और उनके मंदिरों व संपत्तियों पर बढ़ते हमलों को लेकर चिंता जताई है। संगठन की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक बांग्लादेश में हिंदुओं की धार्मिक आस्थाओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। मंदिरों पर हमले, मूर्तियों को तोड़ना और हिंदुओं की संपत्तियों को नष्ट करना आम हो गया है। इन घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित किया है, लेकिन सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। संगठन ने बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमलों और अल्पसंख्यकों की संपत्तियों पर कब्जा रोकने के लिए कारगर कदम उठाने की मांग की है।

संगठन ने भारत से अपील करते हुए कहा है कि भारत सरकार इस मामले को गंभीरता से ले और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए। मंच ने कहा कि भारत, बांग्लादेश के एक प्रमुख साझेदार के रूप में, वहां के अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठाए। साथ ही बांग्लादेश उत्तराधिकार मंच ने संयुक्त राष्ट्र से भी अपील की है कि वह बांग्लादेश में हो रहे इन मानवाधिकार उल्लंघनों की जांच करे और अल्पसंख्यकों को न्याय दिलाने के लिए कदम उठाए। संगठन का कहना है कि अगर बांग्लादेश सरकार जल्द कदम नहीं उठाती है तो यह मामला और गंभीर हो सकता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी अपील की कि वे इसे मानवाधिकार उल्लंघन का मुद्दा मानते हुए हस्तक्षेप करें।

### हिंदू नेता चिन्मय कृष्णा का बैंक खाता फ्रीज

**ढाका।** बांग्लादेश में हाल ही में गिरफ्तार किए गए हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी का बैंक खाता फ्रीज कर दिया गया है। बांग्लादेश फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट (बीएफआईयू) ने इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) बांग्लादेश से जुड़े 17 व्यक्तियों के बैंक खातों को 30 दिन के लिए फ्रीज करने का आदेश दिया है। इस आदेश में चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी का नाम भी शामिल है। ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार बीएफआईयू ने यह आदेश गुरुवार को जारी किया। बीएफआईयू ने इसकी सूचना देश के विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों को भेज दी है। अब यह लोग खातों से 30 दिन तक लेनदेन नहीं कर सकेंगे। जिन 16 लोगों के खाते फ्रीज किये गए हैं, उनमें कार्तिक चंद्र डे, अनिक पाल, सरोज रॉय, सुशांत दास, बिस्वा कुमार सिंघा, चंडीदास बाला, जयदेव कर्माकार, लिपि रानी कर्माकार, सुधामा गौड़ दास, लक्ष्मण कांति दास, प्रियतोष दास, रूपन दास, रूपन कुमार धर, आशीष पुरोहित, जगदीश चंद्र अधिकारी और सजल दास हैं। बीएफआईयू ने बैंकों से इन व्यक्तियों के स्वामित्व वाले सभी व्यवसायों के लिए खाता खोलने के फॉर्म, केवाईसी फॉर्म और अब तक किए गए लेनदेन विस्तृत विवरण भी मांगा है। यह जानकारी तीन कार्य दिवसों के भीतर उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है।

## उत्तरी सीरिया के अलेप्पो शहर पर दागे गए रॉकेट कई लोगों की मौत

**दमिश्क।** उत्तरी सीरिया के प्रमुख अलेप्पो शहर में आज सुबह कई स्थानों पर रॉकेट दागे गए। इस हमले में विश्वविद्यालय की आवासीय इमारत और न्यू अलेप्पो क्षेत्र की एक इमारत को निशाना बनाया गया। इस घटना में कई लोगों की जान चली गई। अपेल्लो शहर को चार साल बाद रॉकेट के गोले दागकर निशाना बनाया गया। अरबी भाषा की प्रमुख समाचार वेबसाइट %+963% ने एक स्थानीय सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि दो रॉकेट गोले अलेप्पो के पड़ोस में विश्वविद्यालय आवास की यूनिट 15 पर गिरे। यह स्थान लाफरकान और न्यू अलेप्पो क्षेत्र में लाना जेनो स्कूल के पास है। इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दारा गवर्नरेट के दो छात्र भी शामिल हैं। इससे भयभीत विश्वविद्यालय की आवासीय इमारत में रहने वाले अधिकांश छात्र वहां से चले गए। वेबसाइट के अनुसार गुरुवार को भी अलेप्पो शहर के अल-हमदानिया इलाके में तीन गोले गिरे।

# पीएम मोदी कल करेंगे पुलिस महानिदेशकों व महानिरीक्षकों के सम्मेलन में शिरकत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 नवंबर से एक दिसंबर तक ओडिशा में भुवनेश्वर में आयोजित पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति में दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार यह सम्मेलन आज शुरू हो रहा है। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, तटीय सुरक्षा, नए आपराधिक कानून, नारकोटिक्स सहित राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण घटकों पर विचार-विमर्श होगा। सम्मेलन के दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से भी सम्मानित किया जाएगा।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह सम्मेलन देश के वरिष्ठ पुलिस पेशेवरों और सुरक्षा प्रशासकों को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों और साथ ही भारत में पुलिस के सामने आने वाली



विभिन्न परिचालन, ढांचागत और कल्याण संबंधी समस्याओं पर स्वतंत्र रूप से चर्चा तथा बहस करने के लिए एक संवाद-मंच प्रदान करेगा। इसके विचार-विमर्श में आंतरिक सुरक्षा खतरों के अलावा अपराध नियंत्रण और कानून एवं व्यवस्था प्रबंधन से संबंधित चुनौतियों से निपटने में पेशेवर प्रथाओं और प्रक्रियाओं को तैयार करना और साझा करना शामिल होगा। सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, राज्य मंत्री (गृह मामले), राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख सहित अन्य लोग भाग लेंगे।

### फिलिस्तीनी जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भारत साझेदार : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिलिस्तीनी जनता के साथ एकजुटता दिखाने के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर अपने संदेश में कहा है कि भारत फिलिस्तीनियों की आकांक्षाओं को पूरा करने में सहयोगियों के साथ दृढ़ता से खड़ा है। उन्होंने कहा कि संघर्ष के परिणामस्वरूप दुखद जन हानि हुई है और फिलिस्तीन व व्यापक पश्चिम एशिया क्षेत्र के लोगों को भारी पीड़ा का सामना करना पड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि संघर्ष विराम और सभी तरह की आतंकी कार्रवाइयों पर रोक लगनी चाहिए। भारत वहां की वर्तमान सुरक्षा और मानवीय स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि बंधकों की रिहाई होनी चाहिए और फिलिस्तीन लोगों तक मानवीय सहायता सतत रूप से पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि बातचीत और रणनीतिक वार्ता से स्थाई शांति हासिल की जा सकती है।

# पीएम मोदी की पत्नी जशोदा बेन पहुंचीं उज्जैन, किए भगवान महाकाल के दर्शन

एजेंसी



**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पत्नी जशोदा बेन शुक्रवार को उज्जैन पहुंचीं। यहां उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन कर पूजन अर्चन किया। उन्होंने भोग आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह की देहरी से पूजन कर दर्शन किए। बाद में उन्होंने कुछ देर नंदी हॉल में बैठकर ध्यान भी लगाया। उनके साथ परिवार के अन्य लोग भी थे।

महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित अर्पित गुरु ने बताया कि जशोदा बेन शुक्रवार को महाकालेश्वर मंदिर आई थीं। उन्होंने जल द्वार से प्रवेश कर देहरी से भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। उन्होंने यहां बाबा महाकाल के चांदी द्वार पर माथा टेककर पूजन-अर्चन और जलाभिषेक किया। पुजारियों ने आशीर्वाद स्वरूप जशोदा बेन को भगवान महाकाल पर चढ़ा हुआ वस्त्र और पुष्प माला दी। इसके बाद उन्होंने नंदी हॉल में जाकर नंदीजी के कानों में अपनी मनोकामनाएं कहीं और ध्यान लगाया। यहां मंदिर समिति ने उनका सम्मान भी किया। जशोदा बेन इसके पहले भी कई बार बाबा के दर्शन करने आ चुकी हैं। इस बार उनकी धार्मिक यात्रा में परिवार के कुछ सदस्य भी थे। उन्होंने एक दिन पहले इंदौर में प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर पहुंचकर दर्शन किए थे। जशोदा बेन दो दिन पहले बुधवार रात 11-30 बजे इंदौर पहुंचीं थीं। इसके बाद अगले दिन गुरुवार को उन्होंने खजराना गणेश मंदिर में भगवान के दर्शन किए थे।

## पिता-पुत्र गिरफ्तार, 2800 करोड़ रुपए के चिटफंड घोटाले का मामला

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को कोलकाता में 2800 करोड़ रुपये के चिटफंड घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान बसुदेव बागची और उनके बेटे अविक बागची के रूप में हुई है, जो प्रयाग ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रमोटर हैं। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष अदालत ने दोनों आरोपितों को 10 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने 26 नवंबर को कोलकाता और मुंबई में इनके और अन्य से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की थी। प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार, बागची पिता-पुत्र पर मासिक आय योजना, रिडीमेबल प्रेफरेंस शेयर और क्लब सदस्यता प्रमाणपत्र जैसे झूठे और ऊंचे रिटर्न का वादा करके जनता से 2800 करोड़ रुपये की जमा राशि इकट्ठा करने का आरोप है। ईडी के मुताबिक, इनमें से करीब 1900 करोड़ रुपये अभी भी निवेशकों को नहीं लौटाए गए हैं।

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और कृषि, जल संसाधन और शहरी बुनियादी ढांचे सहित कई विषयों पर चर्चा की। उन्होंने केंद्र से 10 हजार करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जारी करने और अल्पावधि कृषि ऋण सीमा में सुधार करने सहित कई मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा। बैठक में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ उपमुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री डीके शिवकुमार, ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज और शहरी विकास मंत्री बिरथी सुरेश भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने ज्ञापन में कहा है कि नाबार्ड ने कर्नाटक के लिए अल्पकालिक कृषि ऋण सीमा में भारी कटौती की है। यह 2023-24 के 5,600 करोड़ रुपये से 58 प्रतिशत घटकर 2024-25 में केवल 2,340 करोड़ रुपये रह गई है। सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि वह इस पर गौर करें और वित्त मंत्रालय को इस स्थिति को सुधारने का निर्देश दें ताकि कर्नाटक में किसानों को रियायती दर पर कृषि ऋण मिलना जारी रहे।

## खबरें एक नजर में

### ड्रग मामले में अभिनेता एजाज खान की पत्नी गिरफ्तार

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम ) की टीम ने फिल्म अभिनेता एजाज खान की पत्नी फॉलन गुलीवाला को ड्रग मामले में उनके जोगेश्वरी स्थित आवास से गिरफ्तार किया है। साथ ही कस्टम की टीम ने आवास पर कथित तौर पर विभिन्न नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। इस मामले की गहन छानबीन जारी है। कस्टम सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि उनकी टीम ने 8 अक्टूबर को एजाज खान के अंधेरी स्थित ऑफिस के कर्मचारी सूरज गौड़ को कूरियर के जरिए यूरोपीय देश से 100 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) मंगवाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। कस्टम की टीम तब से इस मामले की गहन छानबीन कर रही थी। इसी दौरान सूरज गौड़ से पूछताछ में पता चला कि ड्रग मामले में एक्टर एजाज खान की पत्नी भी शामिल है। इसके बाद मुंबई कस्टम की टीम ने एजाज खान के जोगेश्वरी स्थित आवास पर छापा मारा था। इस दौरान 130 ग्राम मारिजुआना और अन्य नशीले पदार्थ बरामद मिले। इसके बाद कस्टम विभाग की टीम ने एजाज खान की पत्नी फॉलन गुलिवाला को गिरफ्तार किया है। कस्टम की टीम गुलीवाला से गहन पूछताछ कर रही है।

### नीट पीजी दाखिले की अंतिम सूची पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नीट (पीजी) 2024 की अस्थायी राज्य मेरिट लिस्ट में हुई तकनीकी गलती को लेकर राज्य के काउंसलिंग बोर्ड को अगले आदेश तक राज्य कोटे के तहत चिकित्सा पीजी पाठ्यक्रमों में उम्मीदवारों के दाखिले की सूची को अंतिम रूप देने से रोक दिया है। न्यायाधीश दिनेश मेहता की एकल पीठ में 45 याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता कैलाश जांगिड़ तथा मोहनसिंह शेखावत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को अधिक अंक मिले थे। वे मेरिट लिस्ट में उच्च स्थान पर थे लेकिन काउंसलिंग बोर्ड उन्हें कम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों से नीचे रख रहा है। उन्होंने कहा कि 22 नवंबर, 2024 को जारी की गई अस्थायी राज्य मेरिट लिस्ट में तकनीकी या प्रक्रियागत त्रुटियां हैं। इसके कारण गलत उम्मीदवारों को दाखिला दिया जा रहा है। हाईकोर्ट ने याचिका में दी गई जानकारी की पुष्टि करते हुए पाया कि याचिकाकर्ताओं के आरोपों में आधार है। पीठ ने काउंसलिंग बोर्ड को सात दिनों का समय दिया है ताकि वह मामले की जांच कर त्रुटियों को ठीक कर सकें। मामले की अगली सुनवाई 5 दिसंबर निर्धारित की गई है।

### श्रीलंका के खिलाफ चल रहे टेस्ट सीरीज से बाहर हुए वियान मुल्डर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका की टीम डरबन में श्रीलंका के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट मैच के बाकी बचे समय के साथ-साथ गेकेबरहा में होने वाले अगले मैच में भी वियान मुल्डर के बिना खेलेगी, क्योंकि इस ऑलराउंडर के दाहिने हाथ की मध्यमा अंगुली में फ्रैक्चर हो गया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने 5 दिसंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्ज़के को मुल्डर की जगह टीम में शामिल किया है। 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। डरबन में पहले टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी करते समय लाहिरू कुमारा की 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आई गेंद से मुल्डर को हाथ में चोट लग गई थी। मुल्डर को काफी दर्द हो रहा था और उन्हें फिर से बल्लेबाजी करने में कुछ समय लगा। लेकिन उन्होंने दर्द के कारण मैदान से बाहर जाने से पहले सिर्फ दो और गेंदों का सामना किया।

### कैमरून में नाव पलटने से 20 लोगों की मौत

**याउंडे।** कैमरून के सुदूर उत्तरी क्षेत्र में गुरुवार को एक नाव पलट जाने से 20 लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों और सुरक्षा सूत्रों ने गुरुवार शाम को बताया कि नाव उस समय पलट गई, जब वह लोगोने-एट-चारी डिवीजन के क्षेत्र में दारक द्वीप से यात्रियों को ले जा रही थी। फिलहाल लापता लोगों की तलाश जारी है, इससे और अधिक लोगों के हताहत होने की आशंका है। सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में नाव दुर्घटनाएं आम हैं।

### प्रधानमंत्री ने मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया। मंगल मुंडा का सड़क दुर्घटना के बाद झारखंड के रिम्स में इलाज चल रहा था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भगवान बिरसा मुंडा जी के वंशज मंगल मुंडा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनका जाना उनके परिवार के साथ ही झारखंड के जनजातीय समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों को संबल प्रदान करे। ओम शांति:!

# सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचे पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय शटलर पी.वी. सिंधु और लक्ष्य सेन शुक्रवार को सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सीधे गेम में जीत दर्ज करके क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब जीतने के करीब पहुंच गए हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिंधु, जो इस इवेंट में दो बार की चैंपियन (2017, 2022) हैं, ने 48 मिनट तक चले महिला एकल क्वार्टर फाइनल में चीन की दाई वांग को 21-15, 21-17 से हराया। 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने भी अपने मैच में दबदबा बनाया और पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में हमवतन मीराबा लुवांग मैसनाम को 21-8, 21-19 से हराया।

मैच के बाद सिंधु ने कहा, आज का मैच महत्वपूर्ण था। भले ही वह कम रैंक वाली खिलाड़ी हैं, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैंने कल की अपनी गलतियों को सुधार लिया है - मैंने आज उन्हें नहीं दोहराया। मैं शुरू से ही आक्रामक थी। कुल मिलाकर, मैं कल की तुलना में अपने खेल से खुश हूं। सिंधु दुनिया में 18वें स्थान पर हैं, जबकि वांग 118वें स्थान पर हैं। उन्होंने कहा, कल, कुछ मौकों पर मुझे परेशानी का सामना करना पड़ा। लेकिन आज, मैंने उसे कोई मौका नहीं दिया। मैं परिणाम और अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मैं इस साल का अंत बहुत अच्छे तरीके से करना चाहती हूं। सिंधु सेमीफाइनल में साथी भारतीय उन्नति हुड्डा से भिड़ेंगी, जबकि लक्ष्य का सामना जापान के शोगो ओगावा से होगा। हुड्डा, जिन्होंने 2022 में ओडिशा ओपन का खिताब जीता था, ने अपने क्वार्टर फाइनल मैच में यूएसए की इशिका जायसवाल पर 21-16, 21-9 से शानदार जीत हासिल की। महिला एकल में, तस्नीम मीर और श्रीयांशी वलीशेट्टी ने क्वार्टर फाइनल में हारकर अपने अभियान समाप्त कर दिए। महिला युगल में, ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी, जिन्होंने चीन में सत्र के अंत में होने वाले विश्व टूर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है, ने छठी वरीयता प्राप्त गो पेई की और तेओह मेई जिंग को 21-8, 21-15 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मिश्रित युगल में, ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने मलेशिया के लू बिंग कुन और हो लो ई को 21-16, 21-13 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपी कुंतल घोष को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती कथित घोटाले से जुड़े केंद्रीय जांच ब्यूरो मामले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता कुंतल घोष को शुक्रवार को सशर्त जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने उन्हें यह राहत दी। पीठ जमानत देने के साथ ही यह भी निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता फिलहाल कोई सार्वजनिक पद नहीं संभाल सकता। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि हालांकि इस साल जनवरी में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है, लेकिन सीबीआई द्वारा पूरक आरोप पत्र दाखिल करने का प्रस्ताव होने के कारण इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा सकता है। निकट भविष्य में मुकदमे के पूरा होने की कोई संभावना नहीं है। पीठ ने कहा निकट भविष्य में मुकदमे के निष्कर्ष की भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी। याचिकाकर्ता को अनिश्चित काल के लिए हिरासत में रखना आपराधिक न्यायशास्त्र के सुस्थापित सिद्धांतों के अनुरूप नहीं होगा।

# नौसेना के जहाजों में प्रोपल्शन सिस्टम के लिए ब्रिटेन के साथ हुआ करार

▸ भारतीय शिपयार्ड में निर्मित होने वाले लैंडिंग प्लेटफार्म डॉक्स में लगेगी अत्याधुनिक तकनीक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम के लिए पोर्ट्समाउथ में तीसरी संयुक्त कार्य समूह बैठक के दौरान ब्रिटेन के साथ एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता भारतीय नौसेना के जहाजों के लिए अत्याधुनिक तकनीक के सह-डिजाइन, सह-निर्माण और सह-उत्पादन को सक्षम बनाएगा, जिसमें पूर्ण इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम के साथ नियोजित लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक्स शामिल हैं।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत और ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालयों के बीच भारतीय नौसेना के लिए इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम के डिजाइन और विकास पर सहयोग से जुड़े एक आशय पत्र (एसओआई) पर 28 नवंबर को पोर्ट्समाउथ में हस्ताक्षर किए गए हैं। आशय पत्र पर भारत की ओर से संयुक्त सचिव (नौसेना प्रणाली) राजीव प्रकाश और ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के जहाज संचालन एवं क्षमता एकीकरण निदेशक रियर एडमिरल स्टीव मैकार्थी ने हस्ताक्षर किये। यह एसओआई इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन क्षमता साझेदारी की तीसरी संयुक्त कार्य समूह बैठक का हिस्सा हैं। यह समझौता उन्नत प्रौद्योगिकियों के स्वदेशी विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह आशय पत्र भविष्य में नौसेना के स्वदेशी नवाचार और गहन रक्षा सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करेगा। इस आशय-पत्र के माध्यम से भविष्य में नौसैनिक जहाजों के लिए इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन क्षमता के सह-डिजाइन, सह-निर्माण और सह-उत्पादन में सहयोग के लिए एक व्यापक रूपरेखा के तौर पर कार्य किया जाएगा।

# 11वीं सांस्कृतिक संध्या में गरबा नृत्य ने दर्शकों का मोहा मन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** स्मृति उपवन बंग्ला बाजार में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में शुक्रवार शाम आज के बतौर मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा एवम अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा द्वारा सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत नेचुरल टच वेलफेयर सोसायटी द्वारा अध्यक्ष- स्मृति शर्मा महाराष्ट्र लोक-देव श्री गणेशा, बांग्ला- लोकगीत,राजस्थान- मैशअप/ कालबेलिया, गुजराती- ढोलिडा ढोल रे वागड़ से प्रस्तुती दी गई जिसमें कुल- 53 प्रतिभागी (आर्यकन्या पाठशाला इंटर स्कूल, आरबीएन ग्लोबल स्कूल) रहें। चार प्रस्तुति में महाराष्ट्र गणेश उपासना के साथ गणेश जी स्थापना हुई, दूसरे पर बंगला, तीसरे पर राजस्थान चौथे पर गुजरात अपने प्रसिद्ध गरबा के साथ प्रस्तुति देकर भारत को अनेकता में एकता को दर्शाया। अन्त में सब प्रदेश मिल कर मंच पर शामिल हुऐ और गणेश जी को वापस उनके धाम जाने का उत्सव किया। भारत के अनेकों राज्य हैं और उनके अपने-अपने उत्सव हैं और जब उत्सव की बात आती है तो मन हर्ष और उल्लास से भर जाता है। पूजा में सर्वप्रथम गणेश जी की उपासना की जाती है। तत्सत सेवा संस्थान सीतापुर के द्वारा सांस्कतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका संचालन अलीशा मेराज़ के द्वारा किया गया। तत्सत टीम के डायेरक्टर अभय श्रीवास्तव् के साथ आराधना सिंह, यस्वि चौरसिया,अम्बर श्रीवास्तव, शिखा वर्मा, नाहिद नाज़, आरुषि अग्रवाल, तौकीर खान, यासीन इब्ने उमर,अंकिता सिंह, खुशि राठौर ने शानादार प्रस्तुती देकर दर्शको को आकर्षित किया।

# पर्थ की जीत भारत की बड़ी विदेशी जीतों में से एक

▸ ऑस्ट्रेलियाई टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने की तारीफ

एजेंसी




**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज़ के पहले मैच में पर्थ में भारत की हालिया जीत टीम की विदेश में सबसे बड़ी जीत है।

पोंटिंग ने कहा, मुझे यकीन है कि यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी टेस्ट मैच जीत में से एक के रूप में दर्ज की जाएगी, और शायद ऐसा होना भी चाहिए। भारत ने विदेशों में कुछ व्यापक और अविश्वसनीय जीत हासिल की हैं, जिसमें गाबा 2021 का परिणाम भी शामिल है, जिसने उन्हें पीछे से आकर सीरीज़ जीतने के लिए प्रेरित किया। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान के पास इसके अपने कारण थे। पोंटिंग ने कहा, उनके पास जो खिलाड़ी थे, उनके जाने के बाद...रोहित (शर्मा) नहीं खेल पाए, (शुभमन) गिल नहीं खेल पाए और (मोहम्मद) शमी नहीं खेल पाए...यह एक शानदार जीत है। पहली पारी में मामूली स्कोर पर सिमटने के बाद भारत ने मैच 295 रन से जीत लिया। चार दिन में खत्म हुए टेस्ट को याद करते हुए पोंटिंग ने क्रिकबज से कहा, 150 रन पर आउट होने के बाद, यह थोड़ी, चौंकाने वाली जीत थी। और उन्होंने 300 रन से जीत हासिल की। इसलिए यह एक अविश्वसनीय बदलाव है। पोंटिंग ने यह विश्लेषण करने की कोशिश की कि पूरे टेस्ट में भारत ने बढ़त क्यों बनाए रखी और टॉस के महत्व का हवाला दिया। उन्होंने कहा, टॉस जीतना एक बड़ा फायदा था। मैंने उस समय ऐसा कहा था। रिकॉर्ड यह है कि ऑप्टस स्टेडियम में जीतने वाली टीम ने हर बार पहले बल्लेबाजी की। संयोग से, ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पाँच में से चार टेस्ट जीते। मैच में भारत के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने बल्लेबाजी करने का फैसला किया और टीम 50 से कम ओवरों में 150 रन पर ढेर हो गई। लेकिन उन्होंने पहले दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने केवल 67 रन पर 7 विकेट खो दिये थे, जिसमें से चार बुमराह ने लिए। कप्तान ने टेस्ट में कुल मिलाकर आठ विकेट लेकर आगे से नेतृत्व किया और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। पोंटिंग ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि बुमराह ने आगे से नेतृत्व किया। पहली पारी की शुरुआत में उन्होंने जिस तरह से गेंदबाजी की वह अविश्वसनीय था। आप जानते हैं, शमी के न होने पर, उन्हें खड़े होकर नेतृत्व करना पड़ा। और कप्तान होने के नाते, उन्होंने ऐसा किया। उन्होंने मैदान पर अपनी नेतृत्व क्षमता के साथ ऐसा किया, और उन्होंने गेंद को हाथ में लेकर ऐसा किया।

जाहिर है, विराट (कोहली, जिन्होंने नाबाद शतक बनाया) को वही करना था जो उन्होंने दूसरी पारी में किया और उन्होंने (यशस्वी) जायसवाल के साथ मिलकर खेल को सेट किया। लेकिन मुझे लगता है कि उनका पूरा गेंदबाजी समूह पहले दिन देर से खड़ा हुआ। पहले दिन का दूसरा भाग शायद वह था जहां खेल बदल गया। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से मिली करारी हार के बाद भारतीय जीत खास थी। पोंटिंग ने कहा कि अगर उस सीरीज में विकेट अच्छे होते तो भारत को इतनी शर्मनाक हार का सामना नहीं करना पड़ता और उन्हें यकीन है कि वे घरेलू मैदान की तुलना में विदेशों में बेहतर टीम हैं। उन्होंने कहा, मैंने एक बात कही, और मुझे लगता है कि यह सच है। मुझे नहीं पता कि इस बारे में यहाँ कितनी बात हुई है, लेकिन मुझे लगता है कि भारतीय बल्लेबाज अब घर से बाहर बेहतर खेलते हैं, जितना वे घर पर खेलते हैं। मुझे लगता है कि वे अब स्पिन गेंदबाजी के मुकाबले तेज गेंदबाजी के बेहतर खिलाड़ी हैं।

# प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण सुरक्षा पर इंटरैक्टिव सम्मेलन का आयोजन

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश चैप्टर पीएचडीसीसीआई ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से हरित उद्योग की ओर प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण सुरक्षा पर एक इंटरैक्टिव सम्मेलन का आयोजन किया है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि अरुण कुमार सक्सेना, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन एवं पर्यावरण, प्राणी उद्यान, जलवायु परिवर्तन-उत्तर प्रदेश थे। मुख्य अतिथि अरुण कुमार सक्सेना, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन और पर्यावरण, प्राणी उद्यान, जलवायु परिवर्तन-उत्तर प्रदेश ने उपस्थित लोगों को हरित बुनियादी ढांचे की दिशा में सामूहिक रूप से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

राज्य मंत्री ने कहा इसमें कोई संदेह नहीं है कि पर्यावरण हमारे अस्तित्व का एक अनिवार्य हिस्सा है, जो जीविकोपार्जन के लिए हमारे द्वारा किए जाने वाले कार्यों पर निर्भर करता है। औद्योगीकरण और पर्यावरण साथ-साथ चलते हैं। पर्यावरण और औद्योगीकरण, दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए हमें हरित प्रौद्योगिकियों को अपनाने की जरूरत है, जो हमें सतत विकास लक्ष्य की राह पर ले जाएं। विशिष्ट अतिथि डॉ. रवीन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष-उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, संजीव कुमार सिंह, आईएफएस-सदस्य सचिव-उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कमल कुमार, क्षेत्रीय निदेशक-केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने निवारक उपायों के बारे में चर्चा की। एएमए हर्बल के को-फाउंडर और सीईओ, यावर अली शाह ने कहा, आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुसार ग्रीन इंडस्ट्री की परिभाषा को स्पष्ट करने की आवश्यकता है। ग्रीन इंडस्ट्री का मतलब एक ऐसे उद्योग से है जो पर्यावरण के अनुकूल हो। एक पर्यावरण-अनुकूल उद्योग तभी सफल हो सकता है, जब पर्यावरण को सभी क्षेत्रों में प्राथमिकता दी जाए।